आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज गुरु तेगबहादुर जयंती”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 81 | उज्जैन, मंगलवार 07 अप्रैल, 2026 | वैशाख कृष्ण 5 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### दिल्ली में डीयू के 2 कॉलेजों को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में एक बार फिर शैक्षणिक संस्थानों की सुरक्षा को लेकर बड़ा अलर्ट जारी हुआ है। दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध रामजस कॉलेज और मिरांडा हाउस को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सोमवार को हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक, कॉलेज प्रशासन को एक संदिग्ध ई-मेल प्राप्त हुआ, जिसमें कैंपस में विस्फोटक उपकरण होने की आशंका जताई गई थी। इसके बाद तुरंत कार्रवाई करते हुए दिल्ली पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को सूचना दी गई। एहतियातन दोनों कॉलेज परिसरों को खाली करा लिया गया और छात्रों, स्टाफ व फैकल्टी को सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया गया। मौके पर बम निरोधक दस्ते और स्निफर डॉग स्क्वॉड को तैनात कर व्यापक तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

### कस्टम अधिकारी बनकर पहुंचे बदमाशों ने लूटा 22 करोड़ का सोना

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में अपराधियों ने एक बड़ी वारदात को अंजाम देते हुए करीब 22 करोड़ रुपये का सोना लूट लिया और फरार हो गए। यह घटना पटना से सटे खगौल इलाके की है। पुलिस के अनुसार, अपराधियों ने खुद को कस्टम अधिकारी बताकर गुजरात के एक व्यापारी को निशाना बनाया और उससे करोड़ों रुपये का सोना लूट लिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार, अपराधी पुलिस के लोगो लगी कार और दो बाइकों पर सवार थे। उन्होंने सफेद शर्ट और खाकी पैंट पहन रखी थी, जिससे वे बिल्कुल असली अधिकारियों जैसे लग रहे थे।आरोपियों ने गुजरात के सोना व्यवसायी को खुद को कस्टम विभाग का अधिकारी बताकर जांच के बहाने उसके तीन बैग अपने कब्जे में ले लिए। इसके बाद उन्होंने व्यवसायी महेश मामतोरा को जबरन कार में बैठाया और कुछ दूरी तक अपने साथ ले गए।

### फिल्म भूत बंगला का ट्रेलर रिलीज



**अक्षय, राजपाल और परेश रावल पुराने अंदाज में दिखे; हॉरर और कॉमेडी का बैलेंस नजर आया**

**मुंबई।** अक्षय कुमार की मोस्ट अवेटेड फिल्म भूत बंगला का ट्रेलर आखिरकार रिलीज हो गया है। प्रियदर्शन के निर्देशन में बनी इस फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को पुराने दिनों की याद दिलाता है। इसमें अक्षय कुमार के साथ उनकी पुरानी कॉमेडी टीम यानी परेश रावल और राजपाल यादव भी नजर आ रहे हैं। फिल्म में हॉरर और कॉमेडी का वैसा ही बैलेंस दिख रहा है, जिसके लिए अक्षय और प्रियदर्शन की जोड़ी जानी जाती है। ट्रेलर को देखकर लग रहा है कि मेकर्स ने इसे बिना किसी तामझाम के काफी सरल और मनोरंजक रखा है। फिल्म का ट्रेलर उस विंटेज स्पेस में ले जाता है, जिसमें अक्षय और प्रियदर्शन सालों से काम करते आए हैं। ट्रेलर की लय काफी तेज और मजेदार है। इसमें कॉमेडी के साथ स्पूकी (डरावने) एलिमेंट्स का इस्तेमाल किया गया है, लेकिन कुछ भी ओवरडन या जबरदस्ती नहीं लगता। फिल्म की राइटिंग काफी सहज नजर आ रही है। ट्रेलर के आखिर तक आते-आते दर्शकों की जिज्ञासा फिल्म को लेकर काफी बढ़ जाती है। फिल्म की सबसे बड़ी ताकत इसकी कास्टिंग है। अक्षय कुमार एक बार फिर उसी जॉनर में लौटे हैं जो उन पर सबसे ज्यादा सूट करता है। उनके साथ परेश रावल और राजपाल यादव की टाइमिंग हमेशा की तरह दिख रही है। साथ ही असरानी ने भी अपने चिर-परिचित अंदाज में कॉमेडी का तड़का लगाया है। इन दिग्गजों के अलावा फिल्म में वामिका गब्बी, तब्बू, जिशु सेनगुप्ता और मिथिला पालकर जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में हैं।

### चर्चित जग्गी हत्याकांड मामले में अमित जोगी को आजीवन कारावास की सजा

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले के जग्गी हत्याकांड में हाई कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाते हुए अमित जोगी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। 2 अप्रैल को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई थी। जिसमें कोर्ट ने अमित जोगी को साजिश रचने का दोषी माना है। इस मामले में अन्य आरोपियों के समान सजा के आदेश जारी किए हैं। ये पूरा मामला वर्ष 2003 का है। जब रायपुर में व्यवसायी-राजनेता राम अवतार जग्गी की हत्या कर दी गई थी, उस समय अजीत जोगी राज्य के मुख्यमंत्री थे। कोर्ट ने पूर्व विधायक अमित जोगी को राम अवतार जग्गी हत्याकांड में दोषी ठहराया है। इस चर्चित हत्याकांड में 2007 में सीबीआई की विशेष अदालत ने 28 लोगों को दोषी ठहराया था। हालांकि, इस दौरान अदालत ने अमित जोगी को संदेह का लाभ देते हुए बरी भी कर दिया था।

### सिक्किम में बर्फबारी और भूस्खलन, 1500 टूरिस्ट फंसे

**शिमला/देहरादून।** सिक्किम के मंगन जिले में रविवार को लाचेन-चुंगथांग रोड पर तेज बारिश और बर्फबारी हुई। इसके कारण लैंडस्लाइड भी हुआ और सड़क में बड़ी-बड़ी दरारें आ गईं। यहां 1500 टूरिस्ट फंसे हैं। यहां आज सुबह से ही पर्यटकों का रेस्क्यू जारी है। इधर, वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से उत्तर भारत के मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। उत्तराखंड के केदारनाथ धाम में लगातार तीसरे दिन बर्फबारी हुई। वहीं उत्तरकाशी और चमोली समेत 8 जिलों में बारिश के साथ ओले गिरे। राजस्थान में सोमवार दोपहर बाद श्रीगंगानगर में बारिश हुई, जबकि सीकर में तेज आंधी चली। यूपी में 48 घंटे में 10 शहरों में ओले गिरे। आंधी-बारिश और बिजली गिरने से प्रदेश में तीन दिन में 15 लोगों की मौत हुई है। रविवार को काशी, गोंडा, सुल्तानपुर और कानपुर समेत 11 जिलों में बारिश हुई थी।

---

मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव और सप्लाई चेन की दिक्कतों के बीच स्टूडेंट्स-बैचलर्स और प्रवासी मजदूरों को राहत

# अब बिना एड्रेस प्रूफ के मिल सकेगा 5 किलोग्राम वाला सिलेंडर

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव और सप्लाई चेन की दिक्कतों के बीच केंद्र सरकार ने 5 किलोग्राम वाले एलपीजी सिलेंडर की बिक्री के नियमों को आसान बना दिया है। अब कोई भी व्यक्ति बिना किसी एड्रेस प्रूफ के छोटा गैस सिलेंडर खरीद सकेगा।

पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार, यह कदम प्रवासी मजदूरों और उन लोगों के लिए उठाया गया है, जिनके पास शहर में कोई स्थायी पता नहीं है। अब ग्राहकों को ऑथोराइज्ड डिस्ट्रीब्यूटर के पास जाकर सिर्फ अपनी कोई भी एक फोटो-आईडी दिखानी होगी और वे तुरंत सिलेंडर ले सकेंगे।

मंत्रालय ने साफ किया है कि 5 किलो वाले फ्री ट्रेड एलपीजी सिलेंडर के लिए अब बहुत सारे डॉक्यूमेंट्स की जरूरत नहीं है। ग्राहक आधार कार्ड, पैन कार्ड और वोटर आईडी जैसे डॉक्यूमेंट

> ग्राहक को आधार-पैन जैसी सिर्फ एक फोटो-आईडी दिखानी होगी

दिखाकर सिलेंडर ले सकते हैं।

**वेस्ट एशिया संकट के कारण सप्लाई पर असर, सरकार ने बढ़ाई उपलब्धता-** पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव की वजह से एनर्जी लॉजिस्टिक्स पर असर पड़ा है। इसे देखते हुए सरकार ने छोटे सिलेंडरों की उपलब्धता बढ़ाने का भी फैसला किया है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, 23 मार्च से अब तक लगभग 6.6 लाख छोटे सिलेंडर बेचे जा चुके हैं। अकेले 4 अप्रैल को ही 90 हजार यूनिट्स की बिक्री हुई। अधिकारियों का कहना है कि डिस्ट्रीब्यूशन पॉइंट्स पर स्टॉक की कोई कमी नहीं है।



#### प्रवासियों के लिए एचपीसीएल आउटलेट्स पर 11 हेल्प डेस्क

कामकाज के लिए दूसरे शहरों में रहने वाले लोगों की मदद के लिए सरकार ने एचपीसीएल के चुनिंदा आउटलेट्स पर 11 विशेष हेल्प डेस्क बनाई हैं। ये डेस्क उपभोक्ताओं को नजदीकी डिस्ट्रीब्यूटर की जानकारी देंगे और उन्हें बिना किसी परेशानी के सिलेंडर दिलाने में मदद करेंगे। घरेलू गैस की मांग भी रिकॉर्ड स्तर पर है; एक ही दिन में 51 लाख से ज्यादा डोमेस्टिक सिलेंडरों की डिलीवरी की गई है। खास बात यह है कि कुल मांग का 95% हिस्सा अब ऑनलाइन बुकिंग के जरिए आ रहा है।

#### कालाबाजारी पर एक्शन, 50 हजार सिलेंडर जब्त, 36 एजेंसियां सस्पेंड

- सप्लाई की कमी का फायदा उठाकर मुनाफाखोरी करने वालों पर सरकार सख्त है।
- मार्च से अब तक जमाखोरी विरोधी अभियान के तहत 50 हजार से ज्यादा सिलेंडर जब्त किए गए हैं।
- नियमों के उल्लंघन पर 1,400 से ज्यादा डिस्ट्रीब्यूटर्स को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए।
- 36 गैस डीलरशिप को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है।
- अधिकारियों ने साफ कहा है कि घरेलू सप्लाई में बाधा डालने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

#### कमर्शियल सप्लाई में 30% की कटौती, घरों और अस्पतालों को प्राथमिकता

- रसोई गैस के संकट को टालने के लिए सरकार ने प्राथमिकताएं तय कर दी हैं। घरेलू उपभोक्ताओं, अस्पतालों और स्कूलों जैसे जरूरी संस्थानों को पूरी सप्लाई दी जा रही है।
- इसके लिए कमर्शियल एलपीजी की सप्लाई को घटाकर प्री-क्राइसिस लेवल का 70% कर दिया गया है। वहीं, फर्टिलाइजर प्लांट्स के लिए राहत की खबर है, 6 अप्रैल से उन्हें 90% गैस सप्लाई मिलनी शुरू हो गया है।
- हमेशा ऑथोराइज्ड गैस एजेंसी से ही सिलेंडर लें। बिना एड्रेस प्रूफ वाला यह सिलेंडर 'फ्री ट्रेड मार्केट' का हिस्सा है, इसलिए इसकी कीमत सामान्य डोमेस्टिक सिलेंडर से अलग हो सकती है। सिलेंडर लेते समय उसकी एक्सपायरी डेट जरूर चेक करें।

---

पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के प्रचार के तहत प्रियंका गांधी केरल के कन्नूर पहुंचीं

# बीजेपी और एलडीएफ में सीक्रेट डील

## इसीलिए मोदी सबरीमाला चोरी पर चुप रहे, पीएम बोले- कांग्रेस पाकिस्तान का लिखा गीत गाती है

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के प्रचार के तहत कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी केरल के कन्नूर पहुंचीं। उन्होंने कहा- आने वाले केरल चुनाव के लिए एलडीएफ और बीजेपी के बीच एक सीक्रेट डील हुई है। हमने देखा कि सबरीमाला मंदिर में बड़े पैमाने पर चोरियां हुई हैं, लेकिन प्रधानमंत्री की तरफ से एक शब्द भी नहीं आया। यहीं इस डील के सबूत हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को असम पहुंचे। बरपेटा में उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने वही गीत गाया, जो पाकिस्तान ने लिखा था और जिसकी धुन पाकिस्तान ने तैयार की थी, जो उसे पसंद है। कांग्रेस नेताओं का पाकिस्तान कनेक्शन हमेशा देश पर भारी पड़ता है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी पुडुचेरी पहुंचे हैं। उन्होंने लॉस्पेट में कहा- पुडुचेरी सरकार सभी कॉन्ट्रैक्ट से 30% कमीशन लेती है। उसने मंदिर की जमीनों पर कब्जा कर लिया है। कांग्रेस सरकार यहां बेरोजगार युवाओं को हर महीने 2 हजार की मदद देगा। महिलाओं को फ्री बस सर्विस मिलेगी।

#### पीएम मोदी का भाषण

असम में बड़ी संख्या में हमारे सैनिक परिवार रहते हैं। कांग्रेस सेना के शौर्य को भी नीचा दिखाने की कोशिश करती है। हमेशा दुश्मनों के एजेंडे को हवा देने की कोशिश की। असम में नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस की जीत की हैट्रिक लगेगी, कांग्रेस की हार की सेंचुरी होगी। बीजेपी जो कहती है करके दिखाती है। कांग्रेस के पास विकास का विजन नहीं है। कांग्रेस ने हमारी फौज से कैसे विश्वासघात किया है, उसका एक उदाहरण वन रैंक वन पेंशन भी है। सत्ता के लिए कांग्रेस कुछ भी कर सकती है और असम को इसका बहुत नुकसान हुआ है।

#### राहुल गांधी का भाषण

सरकारी और निजी क्षेत्रों में 30 हजार नई नौकरियां जनरेट करेंगे। सरकारी नौकरियों में भर्ती के लिए उम्र की सीमा 40 साल तक बढ़ाएंगे। हर परिवार को 20 लाख का हेल्थकेयर बीमा मिलेगा। पुडुचेरी में कानून-व्यवस्था बिगड़ रही है। लोग रात में बाहर निकलने से डरते हैं। महिलाओं-बच्चों को असुरक्षा महसूस होती है। खुद उपराज्यपाल ने यह स्वीकार किया है कि राज्य में स्कूली छात्रों के बीच नशे की लत तेजी से बढ़ रही है। उन्हें पता है कि यह समस्या मौजूद है।

---

बड़वानी में लोकायुक्त की कार्रवाई

# शिक्षा विभाग का कर्मचारी 7 हजार रिश्वत लेते पकड़ाया

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़वानी**

प्रदेश के बड़वानी में विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय (बीईओ) में तैनात सहायक ग्रेड-3 और लेखा शाखा प्रभारी प्रदीप मंडलोई को 7 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए 6 अप्रैल को पकड़ा गया है। राजपुर में लोकायुक्त पुलिस इंदौर ने कार्रवाई की है।

यह पूरा मामला एक रिटायर्ड शिक्षक बाबूलाल नरगावे की शिकायत से जुड़ा है। उनके बेटे की मौत के बाद उनकी बहू को सरकारी स्कूल जुलवानिया में चपरासी के पद पर अनुकंपा नियुक्ति मिली थी। आरोपी प्रदीप मंडलोई बहू का पैन नंबर भोपाल से जल्दी मंगवाने और वेतन शुरू करवाने के बदले 8 हजार रुपए की मांग कर रहा था। बाबूलाल नरगावे ने इस भ्रष्टाचार की शिकायत इंदौर लोकायुक्त एसपी राजेश सहाय से की।



शिकायत की जांच सही पाए जाने के बाद आज एक टीम तैयार की गई। जैसे ही आरोपी प्रदीप मंडलोई ने अपने दफ्तर के स्थापना कक्ष में 7 हजार रुपए की पहली किस्त ली, लोकायुक्त की टीम ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया।

---

# दिल्ली विधानसभा का बैरियर तोड़कर घुसी कार

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

दिल्ली विधानसभा कैंपस में सोमवार दोपहर को सुरक्षा में चूक हुई। दोपहर करीब 2 बजे यूपी नंबर की कार वीआईपी एंट्री वाला गेट नंबर-2 की बैरिकेडिंग तोड़कर अंदर घुसी। कार ड्राइवर ने नकाब पहना हुआ था। अधिकारियों के मुताबिक, ड्राइवर सीधे विधानसभा स्पीकर विजेंद्र गुप्ता के कार्यालय की ओर गया और पोर्च के पास गुलदस्ता रखकर कार समेत मौके से फरार हो गया। हालांकि बम जैसी कोई चीज नहीं मिली। घटना के बाद दिल्ली पुलिस मौके पर पहुंची है। गेट नंबर 2 पर अब सीआरपीएफ की तैनाती की गई है। न्यूज एजेंसी आईएएनएस के मुताबिक दिल्ली पुलिस ने आरोपी समेत 3 लोगों को हिरासत में लिया। हिरासत में लिए गए लोगों में से एक उत्तर प्रदेश के पीलीभीत रहने वाला सरबजीत है। पुलिस ने टाटा सिएरा कार भी बरामद की है। हाल ही में विधानसभा को बम से उड़ाने की धमकियां भी मिली थीं।



---

धार में जमीन विवाद में 5 लोगों ने हमला कर

# महिला को पीटा, साड़ी फाड़ी, गैंगरेप की कोशिश

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ धार**

धार जिले में एक महिला ने 5 लोगों पर पीटने और गैंगरेप की कोशिश का आरोप लगाया है। आरोपियों में तीन महिलाएं शामिल हैं। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है। मामला धामनोद थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे का है। घटना से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें 38 वर्षीय पीड़िता पुलिस और कुछ लोगों के साथ खड़ी दिख रही है। उसके शरीर पर बहुत कम कपड़े हैं।

पीड़ित महिला ने पुलिस को बताया- हमारे खेत से आरोपी असुबाई की जमीन लगी है। रविवार को असुबाई, उसके बेटे अमित और गोपाल जेसीबी से जमीन समतल कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने घर के पीछे





बनी बाउंड्री वॉल के खंभे तोड़ दिए।

शिकायत करने पर आरोपी बहस करने लगे और लात-घूंसों से मारपीट की। कुछ देर में असुबाई की बेटियां अतिना और हेमा भी मौके पर पहुंच गईं। सभी ने मिलकर मुझे पकड़ा और खींचकर कमरे में ले गए। वहां मारपीट की। मेरी साड़ी उतार दी। इसके बाद अमित और गोपाल ने मेरे साथ छेड़खानी की और गैंगरेप की कोशिश की। मैं धक्का देकर कमरे से बाहर भागी। बाहर चिल्लाने पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। किसी ने पुलिस को फोन किया। डायल 112 मौके पर पहुंची और हमें थाने लेकर गई।

#### सभी आरोपी फरार, पुलिस तलाश में जुटी

धामनोद पुलिस ने पीड़िता के आवेदन पर पांचों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की है। फिलहाल सभी आरोपी फरार हैं। उनकी तलाश में पुलिस टीमें छापे मार रही हैं। धामनोद सिविल अस्पताल की डॉ. रश्मि सोलंकी ने बताया कि मारपीट के मामले में महिला को चेकअप के लिए लाया गया था। उसके शरीर पर मामूली चोटें और खरोंच के निशान हैं। प्राथमिक उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया।

---

# राज्यसभा में 19 नए सदस्यों ने शपथ ली

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार समेत 19 नए और दोबारा चुने गए राज्यसभा सदस्यों ने सोमवार को शपथ ली। शरद पवार व्हीलचेयर पर शपथ लेने के लिए संसद पहुंचे। शपथ लेने वालों में 5 महाराष्ट्र, 3 ओडिशा, 6 तमिलनाडु और 5 पश्चिम बंगाल के सदस्य हैं। राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन की मौजूदगी में सभी सदस्यों को शपथ दिलाई गई। दरअसल, 16 मार्च को 10 राज्यों की 37 राज्यसभा सीटों को चुनाव हुए थे। अब 18 सांसदों का अभी शपथ लेना बाकी है।

**16 अप्रैल से राज्यसभा का विशेष सत्र-** सांसदों के शपथ ग्रहण का आयोजन ऐसे समय हो रहा है, जब 16 अप्रैल से संसद का विशेष सत्र बुलाया गया है। इसमें महिला आरक्षण कानून में संशोधन से जुड़े अहम बिल पर चर्चा की जाएगी। वर्तमान में लोकसभा में 543 सीटें हैं। प्रस्तावित 50% की बढ़ोतरी के साथ सीटों की संख्या बढ़कर 816 हो जाएगी, जिसमें से 273 (करीब एक तिहाई) सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी।

---

प्रदेश की ग्वालियर हाईकोर्ट बेंच में 21 साल बड़े पति की याचिका खारिज

# शादीशुदा युवती को प्रेमी के साथ रहने को मंजूरी

> एक साल पहले हुई शादी, पति ने लगाई थी याचिका

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ ग्वालियर**

मध्य प्रदेश की ग्वालियर हाईकोर्ट बेंच ने एक शादीशुदा युवती को उसके प्रेमी के साथ रहने को मंजूरी दी है। ये फैसला उच्च न्यायालय में युवती की ओर से दी गई उम्र की दलील और सभी पक्षों को सुनने के बाद दिया है। मामला बंदी प्रत्यक्षीकरण के तहत सुनवाई में लाया गया था, जिसमें युवती के पति की ओर से याचिका लगायी गई थी।

ग्वालियर हाईकोर्ट बेंच में एक 19 वर्षीय युवती के पति की ओर से याचिका दायर की गई थी, जिसमें कहा गया कि उसकी शादी एक साल पहले 2025 में हुई थी, लेकिन अब उसकी पत्नी, अनुज नाम के युवक के साथ उसे छोड़कर अवैध रूप से रह रही है। पुलिस द्वारा युवती को अभिरक्षा में लेकर ग्वालियर के वनस्टॉप सेंटर में शिफ्ट किया गया। इसके बाद जब मामले में सुनवाई हुई, तो युवती को उच्च न्यायालय की डबल बेंच में सुनवाई के लिए लाया गया था। जहां उसने अपना पक्ष पक्ष रखा।



#### युवती ने कहा- 21 साल का अंतर

सरकारी वकील अंजलि ज्ञाननी के मुताबिक हाईकोर्ट में मामले की सुनवाई कर रहे जस्टिस आनंद पाठक और पुष्पेंद्र यादव की डबल बेंच ने याचिकाकर्ता का पक्ष सुनने के बाद युवती का पक्ष भी जानना चाहा। इस पर युवती का कहना था कि उसके पति की उम्र 40 साल है, जबकि उसकी महज 19 वर्ष है। दोनों की उम्र में 21 साल का बड़ा अंतर है। जिसकी वजह से दाम्पत्य जीवन के लिए जरूरी सामंजस्य नहीं बन पा रहा है। इस वजह से अक्सर दुर्व्यहार का भी शिकार हुई। वहीं, अलग रहने पर युवती का कहना था कि वह बालिग है। उसे किसी बंधन में नहीं रखा गया, बल्कि वह अपनी मर्जी से रह रही है।

#### प्रेमी के साथ रहने की कोर्ट ने दी इजाजत

युवती का पक्ष सुनने के बाद कोर्ट ने उसकी बात को तरजीह दी और सरकारी वकील द्वारा काउंसलिंग कराई, लेकिन युवती ने अपना फैसला नहीं बदला और साथ ही उसने अपने प्रेमी अनुज के साथ रहने की इच्छा जताई। जब इस बारे में प्रेमी अनुज से पूछा गया, तो उसने भी इस पर सहमति जताई और युवती का ख्याल रखने का आश्वासन दिया। जिसके बाद कोर्ट ने परिस्थितियों को देखते हुए पति अवधेश की याचिका खारिज कर दी और युवती को उसके प्रेमी अनुज के साथ रहने की इजाजत दे दी। इस दौरान कोर्ट ने 6 महीने के लिए बतौर शौर्य दीदी एक लेडी कांस्टेबल को साथ में सुरक्षा के लिए तैनात किए जाने के निर्देश दिए और साथ ही सरकारी वकील अंजलि ज्ञानानी को भी संपर्क में रहकर उसकी काउंसलिंग के भी निर्देश दिए हैं।

---

# परमार्थ नशामुक्ति केंद्र की जाली काटकर 8 बच्चे फरार

**दैनिक अवन्तिका ▶▶ जबलपुर**

प्रदेश के जबलपुर शहर के दीनदयाल चौक बस स्टैंड के समीप संचालित परमार्थ नशामुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था में सेंध लगाते हुए बीती रात 8 बच्चे रहस्यमयी ढंग से गायब हो गए। इस घटना के बाद से संचार नगर कॉलोनी और आसपास के क्षेत्रों में व्यापक हड़कंप मचा हुआ है।

सूचना के अनुसार बच्चों ने केंद्र से भागने के लिए बाकायदा पूरी योजना तैयार की थी। उन्होंने सुनियोजित तरीके से खिड़की और दीवार पर लगी लोहे की मजबूत जाली को काटकर रास्ता बनाया और उसी मार्ग से बाहर निकल गए। यह पूरी घटना देर रात उस वक्त अंजाम दी गई जब केंद्र का अधिकांश स्टाफ गहरी नींद में था। सुरक्षा में बरती गई इस बड़ी चूक ने संस्थान की कार्यप्रणाली पर गंभीर





सवालिया निशान लगा दिए हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि इतनी बड़ी वारदात बिना किसी पूर्व तैयारी के संभव नहीं थी। बच्चों के अचानक गायब होने की खबर फैलते ही इलाके में सनसनी फैल गई, लेकिन प्रबंधन की भूमिका को लेकर भी संदेह जताया जा रहा है। घटना के संबंध में सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि नशामुक्ति केंद्र के संचालकों ने अब तक पुलिस प्रशासन को इसकी कोई आधिकारिक सूचना नहीं दी है। परिजनों और स्थानीय निवासियों का आरोप है कि प्रबंधन अपनी विफलता को छिपाने के लिए मामले को दबाने का प्रयास कर रहा है।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योर्तिलिंग महाकालेश्वर का सोमवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## प्रभावी रहा साहब का आना...




कभी महाआयोजन में उज्जैन के कलेक्टर रहे और वर्तमान में प्रदेश प्रशासन के दुसरे नंबरधारी साब आने वाले महाआयोजन की तैयारी देखने उज्जैन आए। वैसे तो उनके आने की धमक पहले से ही सभी को थी,लेकिन दो तीन दिन से आयोजनों में व्यस्त होने से पूर्व से थके मांदे अधिकारी साब के सामने पहुंचे थे। इस दौरान जो अधिकारी बिल्कुल फ्रेश थे और जिनका काम पर पूरी तरह से फोकस बना हुआ है वे अपने काम को सामने रखने में बिल्कुल नहीं हिचकिचाए । जिनका काम को लेकर फोकस कमजोर एवं अन्य बातों पर फोकस ज्यादा रहता है वे साहब के सामने यस सर ,जी सर से अधिक नहीं बोल पाए। साब ने भी जो सवाल दागे उन्हें सूनने और शुद्ध भाषा में सूनने के बाद ऐसे अधिकारियों की धकान पूरी तरह से गायब हो गई और आने वाले समय के लिए पूरी तरह से काम का फोकस स्पष्ट हो गया है। साब ने सम्मानजनक शब्दों में भी समझाया और शुद्ध शब्दों में भी । ये भी कहा कि महाआयोजन में उपयोग होने वाली व्यवस्थाएं बिल्कुल लेटेस्ट तकनीक की होना चाहिए। अब अधिकारियों की नींद उड गई है। कई तो लेटेस्ट में भी दुसरा फोकस देखने लगे हैं। खुसूर-फुसूर है कि बडे साहब का आना काफी प्रभावी रहा है । दुसरे दिन से ही थके मांदों ने काम पर ही फोकस शुरू कर दिया है। बडे साहब जब उज्जैन में थे तो वे अपनी शब्दावली से फोकस वाले पंक्षियों को पिंजरे में फांस लेते थे। उसके बाद वे उन्हें दिन में तारे दिखाते थे और जिंदगी का असली मतलब भी समझाते थे। कहीं ऐसा न हो कि इस लेटेस्ट में अस्थाई वाले काम करने वाले पंक्षी उलझ जाएं और फडफडाएं।

## दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए एक नई पहल


**उज्जैन।** सरकार अब प्रदेश के दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए एक नई पहल करने जा रही है। अब भी प्रमुख सरकारी और गैर-सरकारी सार्वजनिक भवनों का एक्सेस सोशल ऑडिट कराया जाएगा।

इसका मकसद ये तय करना है कि कोई भी दिव्यांग बिना किसी बाधा के सरकारी दफ्तरों, अस्पतालों और स्कूलों में जा सके। इस ऑडिट की सबसे बड़ी खासियत यह है कि भवनों की सुगम्यता की जांच करने वाली टीम में खुद दिव्यांगजन शामिल होंगे। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने इसके लिए सभी जिले में 5 सदस्यीय टीम बनाने के निर्देश उज्जैन के साथ ही अन्य जिलों के कलेक्टर को दिए हैं जिसमें एक अस्थिबाधित, एक दृष्टिबाधित और एक श्रवण बाधित दिव्यांग अनिवार्य रूप से शामिल किए जाएंगे। इनके साथ ही हर जिले में जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के 2 एक्सपर्ट भी होंगे। अब तक जिलों में इस तरह की व्यवस्था नहीं थी।

सरकार इसके लिए टीम में शामिल दिव्यांगों को निरीक्षण के लिए 300 रुपये मानदेय के साथ 500 रुपये परिवहन व्यय भी देगी। जिलों में जांच टीमें सबसे पहले उन जगहों पर पहुंचेंगी जहां आम जनता का आना-जाना सबसे अधिक होता है। इनमें जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला न्यायालय, सरकारी अस्पताल, प्रमुख बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, नगर निगम, नगर पालिका, प्रमुख स्कूल, प्रमुख कॉलेज और अन्य बड़े संस्थान शामिल हैं। यह टीम अपनी रिपोर्ट फोटो के साथ विभाग को सौंपेगी। यदि किसी भवन में रैंप नहीं है या शौचालय सुगम्य नहीं है, तो ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर वहां सुधार कार्य कराए जाएंगे। इसके लिए सभी टीमों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। आयुक्त, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण सोनाली पोंक्षे वायंगणकर ने सभी कलेक्टरों को इन टीमों का गठन पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

## ट्रैंडिंग



### शिकायतों के बाद भी नहीं हुई सुनवाई, मच्छरों और बदबू से बढ़ी परेशानी, विवाद की स्थिति बन रही

# कानीपुरा रोड स्थित एमपी नगर में नालियों का गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा, रहवासी हो रहे परेशान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कानीपुरा रोड स्थित एमपी नगर क्षेत्र में नालियों के पानी की निकासी नहीं होने व कई घरों का नालियों का कनेक्शन सीवरेज चेंबर से नहीं होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा है, जिससे क्षेत्रवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के कई स्थानों पर नालियों का पानी जमा होने से बदबू फैल रही है और मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है, जिससे लोगों में बीमारियों के फैलने का डर बना हुआ है।

स्थानीय रहवासियों का कहना है कि यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन इसके समाधान के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।







क्षेत्रवासी कई बार नगर निगम और क्षेत्रीय पार्षद को शिकायत कर चुके हैं, इसके बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। हालात ऐसे हैं कि गंदगी और पानी भराव के कारण आए दिन विवाद की स्थिति भी निर्मित हो रही है।

क्षेत्र के लोगों के अनुसार, समस्या की मुख्य वजह यह है कि कई घरों का नालियों का कनेक्शन सीवरेज चेंबर से नहीं जुड़ा है। ऐसे में घरों का गंदा पानी सीधे नालियों में पहुंचता है, जिससे नालियां ओवरफ्लो हो जाती हैं और गंदा पानी सड़कों पर फैलने लगता है। इससे पूरे इलाके में गंदगी फैल रही है और रहना मुश्किल हो गया है।

रहवासियों ने बताया कि उन्होंने क्षेत्र में फैली इस समस्या को लेकर विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा को भी अवगत कराया, लेकिन इसके बावजूद अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है।

### क्षेत्रवासियों में नाराजगी

क्षेत्र में रहने वाली ममता सिसौदिया, सरिता राठौर, चेतना चंदेल, मनीषा राठौर, आशा बबेरवाल, अंजलि सोनी, गीता चौपरिया आदि महिलाओं ने संयुक्त रूप से बताया कि कई घरों का नालियों का कनेक्शन सीवरेज चेंबर से नहीं है साथ ही नालियों के पानी की निकासी नहीं होने के कारण नालियां बार-बार चोक हो जाती हैं, जिससे गंदा पानी घरों के बाहर सड़कों पर जमा हो जाता है। मजबूरन लोगों को गंदगी और बदबू के बीच रहना पड़ रहा है। नगर निगम व क्षेत्र पार्षद को शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। यह समस्या काफी समय से है लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है।

क्षेत्रीय महिला लता जैन ने बताया कि नालियों के पानी की निकासी नहीं होने से स्थिति दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। उन्होंने कहा कि कई बार शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

### महापौर के निरीक्षण के बाद भी नहीं हुआ समाधान

कुछ समय पहले महापौर मुकेश टटवाल स्वयं एमपी नगर कॉलोनी पहुंचे थे और समस्या का जायजा लिया था। उस दौरान उन्होंने जल्द ही सीवरेज समस्या के निराकरण का आश्वासन भी दिया था, लेकिन जमीनी स्तर पर अब तक कोई सुधार नजर नहीं आ रहा है।





### व्यवसायिक गैस के दामों में वृद्धि का असर आमजन की जेब पर होना शुरू, कट चाय 8-10 रूपए की हो गई फूल 15 से कम में नहीं मिल रही

# युद्ध का प्रभाव गली मोहल्ले के जलपान गृहों तक पहुंचा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ईरान-ईजराईल-अमेरिका युद्ध का प्रभाव भारत के बाजारों एवं गली मोहल्ले के जलपान गृहों तक पहुंच गया है। व्यवसायिक गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने के बाद अब इसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर पडना शुरू हो चुका है। करीब 195 रुपए की बढ़ोतरी के बाद कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत अब लगभग 2300 रुपए तक पहुंच गई है। होटल, रेस्टोरेंट और कैटरिंग व्यवसायियों के अनुसार खाने के दाम बढ़ाना मजबूरी हो गया है।

शहर में कुछ दिनों पूर्व 5 रूपए कट में मिलने वाली चाय अब सीधे झसीधे 8-10 रूपए दर पर हो चुकी है। यही हाल नाश्ते का हो गया है। पोहा और समोसा झकचोरी 18-20 रूपए प्रति नग की दर पर ही बेचा जा रहा है। सीधे तौर पर इसे गैस सिलेंडर की बढती दर से जोडकर ही बताया जा रहा है। खाद्य सामग्री के दामों में भी आंशिक दर वृद्धि हुई है उसे भी इसी में शामिल करते हुए दाम वृद्धि की जाना बताया जा रहा है।



### केटरिंग में प्रति प्लेट खाना में बढे 2-3 रूपए

केटरिंग संचालकों के अनुसार एक कमर्शियल सिलेंडर से औसतन 250 से 300 प्लेट खाना तैयार होता है। पहले जहां सिलेंडर करीब 2100 रुपए में मिल रहा था, अब यह लगभग 2300 रुपए तक पहुंच गया है। यानी प्रति प्लेट गैस लागत पहले लगभग 7-8 रुपए पड़ती थी। अब बढकर करीब 9-10 रुपए प्रति प्लेट हो जाएगी। इस हिसाब से सिर्फ गैस के कारण ही एक प्लेट पर 2 से 3 रुपए का सीधा असर पड़ रहा है। अगर एक सब्जी और 4 रोटी की बात करें, तो उस पर भी गैस की लागत बढकर 3-4 रुपए तक ज्यादा पड़ सकती है।

### विवाह समारोह पर भी पडेगा भार

आने वाले दिनों में एक बार फिर से विवाह समारोह की धूम मचने वाली है। घरेलू सिलेंडर मिलना मुश्किल हो गया है तो ऐसे में कमर्शियल गैस सिलेंडर ही लेना उनकी मजबूरी होगा। इसके चलते आयोजनों में कैटरिंग का खर्च बढना तय है। इस कारण से ऐसे आयोजनों में हजारों रूपए अतिरिक्त बोझ आयोजकों पर आना तय है।

### घरेलू गैस से टिफीन सेंटरों का संचालन

शहर में व्यवसायिक काम करने वालों को कमर्शियल सिलेंडर लेना आवश्यक कर दिया गया है। इससे होटलों एवं भोजनालयों में दर वृद्धि का भार आने वाले ग्राहकों पर पड रहा है। इसकी बजाय शहर में संचालित सैंकडों टिफीन सेंटर अब भी घरेलू गैस सिलेंडरों से ही संचालित हो रहे हैं लेकिन उन्हें खपत के मान से सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं,जिनकी पूर्ति टिफीन सेंटर संचालक इधर झउधर से कर रहे हैं। इसमें खास तो यह है कि टिफिन सेंटरों की जानकारी अधिकृत तौर पर नहीं के बराबर हैं। इनकी ठीक संख्या भी सामने नहीं हैं। इधर टिफिन सेंटरों ने भी अपने दामों में वृद्धि कर दी है। जिसका बोझ उनसे जुडे उपभोक्ताओं की जेब पर आकस्मिक रूप से आया है।

## स्वास्तिक पर 151 कुण्डीय श्री श्रीयादे शक्ति महायज्ञ एवं कुम्हार प्रजापति सामाजिक समरसता महाकुंभ का आयोजन



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बाबा महाकाल कि नगरी उज्जैन के ग्राम बोरखेड़ा भल्ला में दो दिवसीय 151 कुण्डीय श्री श्रीयादे शक्ति महायज्ञ महंत श्री सिद्धगिरी जी महाराज के आचार्यात्व में एवं माटी कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष अशोक प्रजापत के नेतृत्व में संपन्न हुआ। जानकारी देते हुए प्रजापति 84 संघ अध्यक्ष अशोक प्रजापत ने बताया कि भारत में पहली बार हिंदू धर्म में लोक कल्याण के प्रतीक स्वास्तिक पर हुआ 151 कुण्डीय श्री श्रीयादे शक्ति महायज्ञ प्रदेश साथ ही कुम्हार प्रजापति सामाजिक महाकुंभ का भी आयोजन उज्जैन के समीप ग्राम बोरखेडा भल्ला में हुआ।

संघ के महासचिव राधेश्याम प्रजापति ने बताया कि दिनांक 01 अप्रैल को सुबह बैंड बाजे ढोल नगाड़ों के साथ संत महात्मा गुरूजन बग्घी पर विराजमान होकर शोभायात्रा में शामिल हुए साथ ही मातृशक्ति सिर पर कलश लेकर शामिल हुई यह भव्य कलश यात्रा करीबन 4 किलोमीटर तक निकाली गई। इस कार्यक्रम में अनेक जानी मानी हस्तियां वरिष्ठ समाजसेवी, भामाशाह, राजनीतिकगण माता बहिन व युवा उपस्थिति रहे। सांस्कृतिक संगीतमय भजनों की भी प्रस्तुति दी गई प्रजापति समाज के भाई जादूगर सम्राट राजतिलक उदयपुर वाले के द्वारा आंखों पर पट्टी बांधकर करीब दो-तीन किलोमीटर मोटर साइकिल चलाई गई एवं रात्रि में अनेक प्रकार के अचंभित करने वाले जादू दिखाए गए।

संघ के कोषाध्यक्ष किशोर प्रजापत तनोडिया ने बताया कि दिनांक 02 अप्रैल को 151 कुण्डीय महायज्ञ की पूर्ण आहुति के साथ ही देश एवं प्रदेश से पधारे अतिथियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया उक्त अवसर पर प्रजापति चौरासी संघ उज्जैन की ओर से 1,11,000 रूपए की नगद राशि महंत श्री सिद्धगिरी महाराज मेलेश्वर धाम आलोट जागीर उज्जैन को ससम्मान प्रदान की गई। प्रजापति चौरासी संघ की ओर से श्री सुखदेव जी महाराज, महंत श्री ओमकार भारती, महामंडलेश्वर तांत्रिक श्री जगदीश गुरू, अशोक जी चक्रधर, श्री केशर सिंह जी आंजना, श्री राधेश्याम कुंभकार, गोवर्धन प्रजापति मुंबई, राजेश प्रजापत पूर्व विधायक, श्री कानाराम जी ऐणिया, फिल्म डायरेक्टर श्री कुमार आचार्य जी मुम्बई का शाल श्रीफल पहनाकर मंच से स्वागत किया गया।

### धर्म नगरी के विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी के विकास को भी महत्व मिले, उठने लगी मांग,प्रशासन को पहुंचे शहर हित संस्था के पत्र

# तारामंडल परिसर नगर सेवा रूट में शामिल हो

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन शहर वैसे तो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भगवान श्री महाकालेश्वर एवं धर्म नगरी से प्रसिद्ध है लेकिन यहां विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी को लेकर किए गए कार्य भी अब दर्शनीय स्थल के रूप में देश में ख्यात होते जा रहे हैं। देश भर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए उज्जैन के तारामंडल परिसर को नगर सेवा रूट में शामिल किए जाने की अपेक्षा प्रशासन से की जा रही है।

हाल ही में तारामंडल परिसर में उज्जैन साइंस सिटी के तहत विज्ञान केंद्र का उपहार मिला है। यहां पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को जानकारी के अभाव के साथ ही आवागमन के साधनों का अभाव भी रहता है। ऐसे में तारामंडल के साथ ही डोंगला भी श्रद्धालुओं की पहुंच से बाहर हो गए हैं और इनकी जानकारी भी सहजता से उपलब्ध नहीं है। इसके चलते इन स्थानों की जानकारियों का लाभ आने वाले पर्यटकों को नहीं मिल पा रहा है।



### ये उठी मांग

इन स्थानों को दर्शक युक्त रखने के लिए उज्जैन मंच, सरल काव्यांजलि के महासचिव सन्तोष सुपेकर ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ ही कलेक्टर रोशन कुमार सिंह को पत्र लिखा है। संस्था अध्यक्ष डा.संजय नागर ने बताया कि पत्र में मांग रखी गई है कि महाकाल मन्दिर, कालभैरव मन्दिर और रेलवे-स्टेशन से तारामंडल के लिए लगातार बसें चलें साथ ही महाकाल, काल भैरव, रेलवे-स्टेशन, बस स्टैंड के बाहर और सरकारी होटलों की लॉबी में तारामंडल और साइंस सिटी के बड़े पोस्टर, फ्लेक्स भी लगें।

### शहर बडा, नए रूट नहीं

पिछले एक दशक से शहर चारों और बढा है। विकास के तहत अन्यानेक क्षेत्रों में आवागमन के लिए सडकें बनी है लेकिन इन स्थलों को जोडने के लिए परिवहन विभाग ने नगर सेवा के रूट में परिवर्तन एवं नए रूट जोडने के लिए कोई नया गजट नोटिफिकेशन नहीं करवाया है। शहर के आसपास के क्षेत्रों में ही ग्राम पंचायतों तक कालोनियों का विस्तार हुआ है लेकिन पूर्ववत ही नगर सेवा के रूट अब भी प्रचलित में हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए आवागमन के साधनों की स्थिति अलग है। ऐसे में कई क्षेत्र नगर सेवा के आवागमन साधनों से अछुते हैं।

### नए मार्गो की बैठक में हो स्वीकृति

नगर सेवा के लिए वर्तमान में एक से अधिक मार्ग ऐसे हैं जहां ये सुविधा नहीं मिल पा रही है। ऐसे में सडक सुरक्षा समिति की बैठक में परिवहन एवं यातायात पुलिस के साथ प्रशासन की बैठक के दौरान नए मार्गो को लेकर विचार किया जाना अब आवश्यक बन पडा है। शांति पैलेस बायपास मार्ग से 3 दर्जन से अधिक कालोंनियों का विकास हो चुका है और हजारों नागरिक इस क्षेत्र में निवास कर रहे हैं लेकिन नगर सेवा के वाहनों की सुविधा यहां नहीं के बराबर है। इसी तरह से नागझिरी के आगे भी कई कालोनियों का विकास हो चुका है। मक्सी रोड के हाल भी यही हैं और आगर रोड के भी ऐसे में नगर सेवा के नए मार्गो का संचालन किया जाना अपेक्षित किया जा रहा है।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर
नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार
# दैनिक अवन्तिका



## न्यूज ब्रीफ

### मंत्री श्री सिलावट ने ग्राम जाख्या में सीसी रोड़ का किया भूमिपूजन

**इंदौर।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने जनपद पंचायत सांवेर के ग्राम पंचायत मगरखेड़ा के ग्राम जाख्या में 22 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सीसी रोड़ का भूमिपूजन किया। मंत्री श्री सिलावट ने बताया जनपद पंचायत सांवेर के ग्राम पंचायत मगरखेड़ा के ग्राम जाख्या में श्री राम मंदिर से सरकारी स्कूल तक 22 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड़ का निर्माण किया जाएगा। रोड़ के निर्माण हो जाने से स्कूली छात्र-छात्राओं और मंदिर आने-जाने वाले ग्रामीणों सहित सैकड़ों लोगों को लाभ होगा। उन्होंने बताया कि यह ग्राम पंचायत आदर्श ग्राम पंचायत की श्रेणी में है, इसमें स्कूल, कॉलेज, बिजली, पानी, सड़क, श्मशान, गार्डन, आंगनवाडी सहित तमाम सुविधाएं उपलब्ध है।

### कलेक्टर सख्त, लापरवाही पर कार्रवाई के निर्देश

**इंदौर।** इंदौर में कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में समय-सीमा (टीएल) बैठक आयोजित हुई, जिसमें सीएम हेल्पलाइन, राजस्व प्रकरणों और शहरी व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की गई। बैठक में फायर सेफ्टी, ट्रैफिक प्रबंधन, बेसमेंट पार्किंग और नागरिक सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए सख्त निर्देश जारी किए गए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर श्री नवजीवन विजय पवार, श्रीमती निशा डामोर, श्री रोशन राय, श्री रिंकेश वैश्य सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि शहर की जी+3 कमर्शियल बिल्डिंग्स, जहां अधिक भीड़ रहती है, वहां अनिवार्य रूप से फायर सेफ्टी सिस्टम, उपकरण और मॉक ड्रिल की व्यवस्था होनी चाहिए। इस संबंध में आम सूचना जारी होने के बाद 15 दिन की अवधि लगभग समाप्त हो रही है।

### 5 दिन के अंदर मिलेगा पीएनजी कनेक्शन, 21 जिलों में कंट्रोल रूम

**इंदौर।** आवेदन करने के बाद 5 दिन में पीएनजी कनेक्शन मिलेंगे। रेसीडेंसियल कैम्पस, स्कूल, हॉस्टल, कॉलेज, कम्युनिटी किचन और आंगनवाड़ी केंद्रों में जल्दी कनेक्शन दिए जाएंगे। जिन क्षेत्र में पीएनजी लाइन बिछ चुकी है, लेकिन कनेक्शन नहीं लिया तो अगले 3 महीने के भीतर एलपीजी कनेक्शन बंद कर दिया जाएगा। पीएनजी कनेक्शन देने के लिए खाद्य विभाग ने भोपाल, इंदौर समेत प्रदेश के 21 जिलों में कंट्रोल रूम भी बनाए हैं। जहां पर कनेक्शन के लिए इन्क्वॉयरी की जा सकेगी। मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि सभी सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन संस्थाएं अगले 3 माहीने में दिए जाने वाले पीएनजी कनेक्शन का टारगेट तय करेगी। हर रोज किए जा रहे आवेदन और उन पर क्या कार्रवाई हुई। सीजीडी संस्थाएं पीएनजी के लाभ एवं कनेक्शन की प्रक्रिया से संबंधित एफएक्यू तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश नोडल सीजीडी संस्था थिंक गैस को दिए गए हैं।

### कॉमन वॉशरूम में लगाया हिडन कैमरा: स्वीपर पकड़ाया

**इंदौर।** शहर के तुकोगंज थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक बिल्डिंग के कॉमन वॉशरूम में हिडन कैमरा लगाकर लोगों के निजी फोटो और वीडियो रिकॉर्ड किए जा रहे थे। मामला उजागर होने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी उसी बिल्डिंग में स्वीपर का काम करता था। उसने बाथरूम में छिपाकर हिडन कैमरा लगा दिया था। कुछ समय बाद वहां से रिकॉर्ड किए गए फोटो और वीडियो वायरल होने लगे, जिससे बिल्डिंग में रहने वाले लोग सकते में आ गए। जांच के दौरान लोगों को स्वीपर पर शक हुआ। उन्होंने उससे पूछताछ की और बाद में पुलिस को सूचना दी। तुकोगंज पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी शुभम पुत्र सुनील वानखेड़े, निवासी अमर टेकरी, को गिरफ्तार कर लिया। टीआई जितेंद्र यादव के अनुसार आरोपी ने जंजीरवाला चौराहे स्थित एक बिल्डिंग के कॉमन वॉशरूम में कैमरा लगाया था।

### यातायात: पीक टाइम में कई चौराहों पर हुई निगरानी

**इंदौर।** शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए इंदौर ट्रैफिक पुलिस ने अब ड्रोन का सहारा लेना शुरू कर दिया है। रविवार शाम बढ़ते ट्रैफिक दबाव के बीच प्रमुख चौराहों पर ड्रोन से निगरानी रखी गई, जिससे जाम की स्थिति को तुरंत नियंत्रित किया जा सका। इस दौरान डीसीपी खुद पूरे समय मॉनिटरिंग करते दिखाई दिए।

डीसीपी ट्रैफिक राजेश त्रिपाठी के निर्देशन में अलग-अलग टीमें तैनात की गई थीं। ड्रोन के जरिए जहां भी वाहन फंसे नजर आए, वहां तुरंत पुलिस टीम को अलर्ट कर ट्रैफिक क्लियर कराया गया। रविवार रात व्हाइट चर्च चौराहा, मधुमिलन, गांधी चौक, गीताभवन और नवलखा चौराहे जैसे व्यस्त इलाकों में ड्रोन से निगरानी की गई। पीक टाइम के दौरान कहीं भी बड़े जाम की सूचना नहीं मिली। रविवार शाम बढ़ते ट्रैफिक दबाव के बीच प्रमुख चौराहों पर ड्रोन से निगरानी रखी गई। डीसीपी के मुताबिक, इस प्रयोग के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। यदि आगे भी यह व्यवस्था कारगर रहती है, तो आने वाले दिनों में इसे नियमित रूप से लागू किया जाएगा। इससे पहले ट्रैफिक पुलिस ने शहर के व्यस्त बाजारों में जाकर व्यापारियों से भी चर्चा की थी।

## एजुकेशन पोर्टल 3.0 की तकनीकी त्रुटि से व्यायाम निर्देशकों में रोष

# 3200 ग्रेड पे वाले व्यायाम निर्देशकों को पोर्टल बता रहा वर्ग-3

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मध्यप्रदेश शासन द्वारा हाल ही में लागू किए गए एजुकेशन पोर्टल 3.0 में व्याप्त तकनीकी विसंगतियों को लेकर आज इंदौर संभाग के व्यायाम निर्देशकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पोर्टल पर व्यायाम निर्देशक, जिला क्रीड़ा निरीक्षक एवं सहायक संचालक क्रीड़ा जैसे महत्वपूर्ण पदों का विकल्प न होने पर गहरी चिंता व्यक्त की गई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए सहायक संचालक (क्रीड़ा) इंदौर संभाग, श्री हेमंत वर्मा ने कहा कि हायर सेकेंडरी स्कूलों में व्यायाम निर्देशक, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में




जिला क्रीड़ा निरीक्षक तथा संयुक्त संचालक कार्यालयों में सहायक संचालक (क्रीड़ा) के पद विधिवत स्वीकृत वर्षों से है और इन पदों पर लोक सेवक कार्यरत भी हैं। इसके बावजूद एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर इन अधिकारियों और कर्मचारियों के नाम के समक्ष 'वर्ग-3' प्रदर्शित किया जा रहा है, जो कि पूरी तरह त्रुटिपूर्ण है।

जिला क्रीड़ा निरीक्षक खरगोन श्री हबीब बेग मिर्जा , पूर्व जिला क्रीड़ा प्रभारी घनश्याम करोले इंदौर ने बताया कि एजुकेशन पोर्टल पर सहायक शिक्षक, उच्च श्रेणी शिक्षक और व्याख्याता संवर्ग के पद तो दिखाई दे रहे हैं, लेकिन व्यायाम निर्देशक का स्वतंत्र पद गायब है। ग्रेड पे 3200 वाले नियमित व्यायाम निर्देशकों को वर्ग-3 की श्रेणी में दिखाए जाने के कारण कर्मचारी अपनी जानकारी पोर्टल पर अपलोड नहीं कर पा रहे हैं।

### संयुक्त संचालक को पोर्टल पर सुधार के अधिकार दिए जाएं

गलत श्रेणी में जानकारी दर्ज करने से भविष्य में क्रमोन्नति, पदोन्नति और पेंशन प्रकरणों में बड़ी समस्या उत्पन्न होगी समस्त व्यायाम निर्देशकों ने आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय मध्य प्रदेश भोपाल और संयुक्त संचालक लोक शिक्षण इंदौर संभाग इंदौर से मांग की है कि पोर्टल पर व्यायाम निर्देशक (ग्रेड पे 3200), जिला क्रीड़ा निरीक्षक एवं सहायक संचालक क्रीड़ा के पद अविलंब जोड़े जाएं। प्राचार्य, जिला शिक्षा अधिकारी और संयुक्त संचालक को पोर्टल पर सुधार के अधिकार दिए जाएं ताकि वे अपने अधीनस्थ कार्यरत इन संवर्गों के पदनाम में सुधार कर व्यवस्थित एंट्री सुनिश्चित कर सकें।

**सामूहिक ज्ञापन सौंपेगा-** वरिष्ट व्यायाम निर्देशक अनिल गौड एवं रजत रोज ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही एक प्रतिनिधिमंडल आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय मध्य प्रदेश भोपाल मिलकर उन्हें सामूहिक ज्ञापन सौंपेगा। साथ ही सभी कर्मचारी अपना व्यक्तिगत अभ्यावेदन जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से आयुक्त लोक शिक्षण, भोपाल को भेजेंगे।

## आम की फसल पर मौसम की मार

# 30 प्रतिशत घट सकती है पैदावार

### सप्लाई घटने पर दाम बढ़ने की आशंका...

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

मार्च-अप्रैल की बेमौसम बारिश और ओलों ने आम के बगीचों को नुकसान पहुंचाया है। ऑन इयर होने के बावजूद इस बार आम की पैदावार 30% तक घट सकती है। आम पर शोध करने वाले वैज्ञानिक डॉ. आरके जायसवाल के मुताबिक मौसम ने फलों के क्रिटिकल फ्लावरिंग पीरियड को बिगाड़ दिया है।

जायसवाल बताते हैं कि इस समय पेड़ों पर मंजरी (फूल) और शुरूआती फल बनने की प्रक्रिया चलती है, लेकिन नमी और तापमान में उतार-चढ़ाव से फूल झड़ रहे हैं। फंगल संक्रमण और परागण में कमी की समस्या भी बढ़ी है। देशभर में मौसम सामान्य नहीं रहने से दक्षिण भारत से आने वाली अर्ली वैरायटी की आवक सबसे ज्यादा प्रभावित होगी। सप्लाई घटने से आम के दाम 10 से 25% तक बढ़ने की आशंका है। डॉ. जायसवाल के अनुसार बारिश और नमी से एन्थ्रेक्नोज और पाउडरी मिल्ड्यू जैसे रोग बढ़ते हैं। तेज हवा से कच्चे फल गिर जाते हैं, जबकि कम धूप से शुगर फॉर्मेशन घटने से स्वाद प्रभावित होता है। परागण कम होने से फल बनने की दर भी घटती है। उन्होंने बताया कि नर्मदा वैली में हुए रिसर्च में पाया गया कि फ्लावरिंग के दौरान 2-3 बार अनियमित बारिश भी उत्पादन पर सीधा असर डालती है।



**एक्सपर्ट बोले- दक्षिण से आने वाली अर्ली वैरायटी की आवक भी होगी प्रभावित**

### ईटखेड़ी के आम 10 दिन देरी से आएंगे

ईटखेड़ी फल अनुसंधान केंद्र में 20-25 वैरायटी के करीब 250-300 पेड़ों पर रिसर्च हो रही है। यहां दशहरी, लंगड़ा, चौसा, आम्रपाली और मलिका जैसी किस्मों पर उत्पादन और रोग-प्रतिरोधक क्षमता का अध्ययन किया जाता है। डॉ. जायसवाल के मुताबिक यहां के आम आमतौर पर मई के आखिरी सप्ताह से बाजार में आते हैं, लेकिन इस बार मौसम खराब होने से करीब 10 दिन की देरी संभव है। बेमौसम बारिश और ओलों से कई इलाकों में फूल और कच्चे फल गिर चुके हैं। अप्रैल अंत से जुलाई तक सीजन, हर महीने बदलती किस्में: शहर में आम का सीजन अप्रैल के आखिर से जुलाई तक रहता है।

# डीजीपी ने पुलिसकर्मियों के रील बनाने पर लगा रखी रोक

### लगातार आ रही शिकायत

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मध्य प्रदेश के डीजीपी कैलाश मकवाना ने पुलिसकर्मियों द्वारा वर्दी पहनकर सोशल मीडिया पर रील बनाने और पोस्ट करने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। पुलिसकर्मी अब फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब या किसी भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वर्दी पहनकर फोटो, वीडियो, रील या स्टोरी पोस्ट नहीं कर सकेंगे। आदेश का उल्लंघन करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ निलंबन (सस्पेंशन), वेतन वृद्धि रोकना, पदावनति (डिमोशन) या सेवा से बर्खास्तगी जैसी सख्त विभागीय कार्रवाई की जा सकती है। यह रोक न केवल ड्यूटी के दौरान, बल्कि ट्रेनिंग के समय और कुछ मामलों में सिविल ड्रेस में भी रील बनाने पर लागू की गई है ताकि विभाग की गरिमा बनी रहे। वर्दी में सोशल मीडिया का उपयोग केवल आधिकारिक कार्यों और जनहित से जुड़ी जानकारी साझा करने के लिए ही किया जा सकेगा, जिसके लिए अनुमति लेना आवश्यक होगा। इतने कड़े आदेश के बाद भी पुलिसकर्मियों को लगा है रील का रोग, नहीं मान रहे डीजीपी का आदेश।

# 300 फीट बोरिंग में मिला घातक ई-कोलाई बैक्टीरिया

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर की साईं कृपा कॉलोनी में 300 फीट से ज्यादा गहरे बोरिंग के पानी में खतरनाक ई-कोलाई मिलने से हड़कंप मच गया है। सीवेज के पानी में पनपने वाले इस बैक्टीरिया का इतनी गहराई में पहुंचना बड़े खतरे का संकेत है। लैब रिपोर्ट में दो बोरिंग के सैंपल फेल होने के बाद रविवार को रहवासियों ने एक्सपर्ट के साथ मौके पर पड़ताल की।

फरवरी के आखिरी हफ्ते से कॉलोनी के कई बोरवेल मटमैला, काले रंग का और बदबूदार पानी दे रहे थे। रहवासियों ने भूजल व पेयजल सुरक्षा विशेषज्ञ सुधींद्र मोहन शर्मा को बुलाया। निरीक्षण में सामने आया कि कॉलोनी में दो खाली भूखंडों पर सालों से सीवर और ड्रेनेज का पानी जमा हो रहा था। प्लॉट मालिक ने सफाई करवाकर हाल ही में पास (करीब 30-40 फीट दूर) 320 फीट से ज्यादा गहरा नया बोरवेल खुदवाया था। विशेषज्ञों का मानना है कि इसी ड्रिलिंग के रास्ते जमा सीवर का पानी रिसता हुआ 300 फीट के नीचे वाले एक्वीफर तक पहुंच गया और वहां फैल गया।

# नागदा में आभूषण की दुकान से चुराए दो किलो चांदी के गहने, आरोपी माल के साथ गिरफ्तार

### चोरी का माल खरीदने वाला व्यापारी भी हिरासत में

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

बिरलाग्राम नागदा में आभूषण दुकान से दो किलो चांदी के आभूषण चुराने के मामले में पुलिस ने इंदौर से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से 4.60 लाख रुपये के गहने बरामद किए हैं। फिलहाल आरोपी रिमांड पर है।

नागदा के थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी ने बताया कि फरियादी प्रकाशचंद्र पिता रामनिवास सोनी निवासी नागदा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इसमें बताया था कि उनकी आभूषण की दुकान से 29 मार्च को अज्ञात व्यक्ति करीब 2 किलो चांदी के जेवरात चुरा ले गया, जिसकी कीमत 4.60 लाख रुपये है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के दुकानदारों और अन्य लोगों से पूछताछ की। साथ ही सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी देखे। सायबर टीम की भी मदद ली गई।

इसी बीच, मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने इंदौर के सिमरोल थाना क्षेत्र के दतौदा में दबिश दी और यहां से वारदात को अंजाम देने वाले सुरेश पिता कैलाश राठौड़ निवासी ग्राम दतौदा को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि चोरी गया माल उसने इंदौर के सराफा क्षेत्र में एक व्यापारी को बेचा है। आरोपी के बयान पर पुलिस टीम मनीष पिता गट्टूलाल निवासी कमाठीपुरा, इंदौर की दुकान पर पहुंची और चोरी गए 2.039 किलो चांदी के जेवरात बरामद किए। पुलिस ने व्यापारी को भी आरोपी बनाते हुए हिरासत में लिया है।




### छह अप्रैल तक रिमांड पर

आरोपी को ग्राम दतौदा में उसके ही घर से पकड़ा गया। वह पहले भी इंदौर जिले के महू में इसी तरह से वारदात कर चुका है। 29 मार्च को नागदा में जब ज्वैलरी शॉप के मालिक लघुशंका के लिए गए थे तभी वह सामने स्थित दुकान पर चाय पी रहा था। मौका देखकर वह दुकान में पहुंचा और जेवरात के डिब्बे लेकर रफूचक्कर हो गया था। थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी ने बताया कि आरोपी से पूछताछ एवं अन्य वारदातों के संबंध में जानकारी जुटाने के लिए पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया है, जहां से उसे रिमांड पर सौंपा ।



### एक हजार से अधिक रिक्त पदों पर किया जाएगा चयन

**इंदौर।** शासन के निदेर्शानुसार इंदौर जिले में युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप के अवसर एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक दिवसीय कैरियर काउंसिलिंग एवं रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। यह मेला जिला प्रशासन के निर्देशन में जिला रोजगार कार्यालय इंदौर तथा श्री वैष्णव कॉलेज ऑफ आर्ट्स एवं कॉमर्स महाविद्यालय इंदौर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा।

# रामघाट पर भगवान धर्मराज मंदिर में एक साथ विराजित हैं 12 ज्योतिर्लिंग

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

मोक्षदायिनी शिप्रा के रामघाट पर भगवान धर्मराज का अनूठा मंदिर है। इस मंदिर में पाषाण शिला पर उत्कीर्ण बारह ज्योतिर्लिंग, चौरासी महादेव तथा भगवान विष्णु के चौबीस अवतारों का अंकन है। यहां दर्शन करने आने वाले भक्त एक साथ 12 ज्योतिर्लिंग, 84 महादेव तथा भगवान विष्णुओं के 24 अवतारों का दर्शन करते हैं। पुराविद डॉ.रमण सोलंकी ने बताया धर्मधानी उज्जैन ज्योतिर्लिंग महाकाल, शक्तिपीठ हरसिद्धि, कालभैरव, मंगलनाथ जैसे पुराण प्रसिद्ध मंदिरों के कारण तो विश्व में अपना विशेष स्थान रखी ही है। यहां कुछ मंदिर ऐसे हैं जो वास्तु और मूर्ति शिल्प की दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिप्रा के रामघाट स्थित श्री धर्मराज चित्रगुप्त मंदिर इन्हीं में से एक है।

इस मंदिर में एक ही पाषण शिला पर बारह



ज्योतिर्लिंग, चौरासी महादेव, नागयंत्र स्थापित है। एक दूसरी शिला पर विष्णु के चौबीस अवतारों का अंकन है। दोनों ही शिलाओं के मूर्ति शिल्प परमार काल के एक हजार साल पुराने हैं। मंदिर में भगवान धर्मराज व चित्रगुप्त की मूर्तियां भी विराजित है।

धार्मिक मान्यता के अनुसार श्रावण में शिव, कार्तिक मास में विष्णु, वैशाख मास में शिव और विष्णु तथा हर तीन साल में आने वाले अधिकमास में उज्जैन के चौरासी महादेव व नौ नारायण के दर्शन का विधान है।

## तोते या स्टार कछुए पाले हैं तो वन विभाग को सरेंडर कर दें

# पकड़े गए तो चार साल तक की सजा संभव

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

आपने घर में स्टार कछुए या देशी तोते पाल रखे हैं तो वन विभाग को सरेंडर कर दीजिए। दरअसल, तोते को भी विलुप्त हो रही प्रजाति में शामिल कर लिया गया है। इन्हें पिंजरे में रखकर पालना अपराध की श्रेणी में आता है। वहीं स्टार कछुआ भी पहले से शेडयूल-1 में रखा गया है। हाल ही में वन विभाग ने घरों में तोते, कछुए पालने की सूचना पर कार्रवाई की थी। इन्हें जब्त किया और अपराध भी दर्ज किया गया।

दरअसल, वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के तहत भारत में पाए जाने वाले सभी मूल पक्षी संरक्षित प्रजातियों की श्रेणी में आते हैं। इसलिए, उन्हें पकड़ना,



बेचना, खरीदना या पिंजरे में कैद करके घर में पालना एक कानूनी अपराध है। वहीं विदेशी तोते पाल सकते हैं, लेकिन यह साबित करना होगा कि उन्हें कानूनी तरीके से खरीदा है और आपको सरकारी पोर्टल पर उनकी जानकारी दर्ज करानी होगी। बिना सही कागजात के विदेशी पक्षी रखना भी आपको कानूनी जांच के घेरे में ला सकता है। रेंजर संगीता ठाकुर के मुताबिक मुखबिरों से सूचना मिलने के बाद दो स्थानों पर कार्रवाई की गई थी। पिंजरे में तोता और बेडरूम में कछुआ घूमता दिखा।

### बाजारों में बिकना बंद हुए तोते


नगर निगम के सामने विभिन्न पेट्स शॉप, मल्हारगंज, जिंसी हाट, सदर बाजार में पहले छोटे-छोटे पिंजरों में तोते रखकर बेचे जाते थे। वन विभाग ने बेचने वालों के खिलाफ केस दर्ज कर चालान पेश किया। इन्हें चार-चार साल तक की सजा भी हुई थी।



### इसलिए रखते हैं लोग

ऐसी भ्रांति है कि स्टार प्रजाति के कछुए को घर में रखने पर समृद्धि आती है, इसलिए लोग चोरी-छिपे इन्हें खरीदकर रख लेते हैं। इसी तरह दो मुंहे सांप को लेकर भी अंधविश्वास है। तांत्रिक क्रिया कर धन पता लगाने के लिए इसकी तस्करी की जाती है। अब सूचना मिलने पर सीधे प्रकरण दर्ज किया गया जाएगा।

## न्यूज कालम



## दुर्गा वाहिनी शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का महेश्वर में शुभारंभ

**महेश्वर।** विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी द्वारा आयोजित इंदौर संभागीय शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ महेश्वर में उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। उद्घाटन सत्र में दुर्गा वाहिनी की राष्ट्रीय सह संयोजिका माननीय पिंकी दीदी पंवार मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में प्रांत मंत्री विनोद शर्मा, प्रांत दुर्गा वाहिनी प्रांत संयोजिका ज्योति प्रिया शर्मा तथा प्रांत की मातृशक्ति सह संयोजिका श्रीमती सरिता बाफना विशेष रूप से मंचासीन रहे।उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए पिंकी दीदी पंवार ने विश्व हिंदू परिषद के कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि संगठन समाज में धर्म, संस्कृति और राष्ट्र चेतना के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवतियों और मातृशक्ति को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण आवश्यक है, ताकि वे स्वयं के साथ अपने परिवार, समाज और राष्ट्र की रक्षा करने में सक्षम बन सकें। उन्होंने बताया कि शौर्य प्रशिक्षण वर्ग में प्रतिभागियों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है तथा अनुशासन, सेवा और सुरक्षा की भावना विकसित की जाती है।उद्घाटन सत्र में बड़ी संख्या में दुर्गा वाहिनी की बहनों ने भाग लेकर प्रशिक्षण वर्ग के प्रति उत्साह व्यक्त किया।

## मूकबधिर 51 छात्र छात्राओं ने परीक्षा उत्तीर्ण कर शाला का नाम किया रोशन



**बुरहानपुर।** जायंट्स चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित मूकबधिर अंध विद्यालय के 2025-26 का पहली से लेकर 8 वी तक के अध्यनरत बच्चो का परीक्षा परिणाम ट्रस्ट अध्यक्ष कैलाश अग्रवाल, सचिव महेंद्र जैन एवं शाला विकास समिति के चेयरमेंन प्रशांत तिवारी, व बच्चो के पालकों एवं शाला के प्राचार्य देविदास चौहान व अन्य स्टाफ की उपस्थिति में परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट अध्यक्ष कैलाश अग्रवाल ने बताया कि 61 बच्चो में से 51 बच्चो ने पहली से आठवी तक के परीक्षा में भाग लिया एवं सभी के सभी 51 बच्चे उत्तीर्ण हुए। शाला विकास समिति के चेयरमेंन प्रशांत तिवारी ने कहा कि 51 छात्र छात्रा परीक्षा में सम्मिलित होने के बाद 51 छात्र छात्राओं का उत्तीर्ण होना इस बात को सिद्ध करता है कि शाला के आदरणीय गुरुजन अपनी मेहनत से इस देश के होनहार दिव्यांग बच्चो को आगे बढाने में भरसक प्रयासरत है।

## मुख्यमंत्री ने बारिश और ओलावृष्टि से हुए नुकसान के आंकलन के निर्देश दिए

**खंडवा।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में हुई आंधी, बारिश और ओलावृष्टि के संबंध में कहा है कि किसान भाई चिंता न करें, संकट की इस घड़ी में राज्य सरकार किसानों के साथ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिला कलेक्टर्स को मौसम के असमय बदलाव से हुए नुकसान का त्वरित आकलन करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के प्रभावित क्षेत्रों में हुई हानि के लिए तत्काल सहायता और राहत उपलब्ध कराई जाएगी। उल्लेखनीय है कि गत दिवस प्रदेश के विभिन्न जिलों में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि से प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

## ओंकारेश्वर में श्रद्धालुओं ने तीन दिन में 149 यूनिट रक्तदान किया

**खण्डवा।** रक्तदान के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से तीर्थस्थल ओंकारेश्वर में रक्तदान करने पर श्रद्धालुओं को वी.आई.पी. प्रोटोकॉल अनुसार दर्शन करने की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ पी जुगतावत ने बताया कि शुक्रवार को 35, शनिवार को 60 यूनिट तथा रविवार को 54 यूनिट रक्तदान कर कुल 3 दिनों में कुल 149 श्रद्धालुओं ने रक्तदान कर निःशुल्क वीआईपी प्रोटोकॉल अनुसार दर्शन किए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जुगतावत ने बताया कि प्रतिदिन नए झूला पूल के पास स्थित वृद्धाश्रम में रक्तदान की सुविधा उपलब्ध है।

## स्कूलों के समय परिवर्तन की मांग को लेकर जिलाधीश को सौंपा ज्ञापन



**बुरहानपुर।** मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने स्कूलों के समय परिवर्तन की मांग को लेकर जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा है। संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय चौधरी ने कहा कि प्रचंड गर्मी और लू के थपेड़ों ने आमजन जीवन को अस्त व्यस्त कर दिया है, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। संघ ने मांग की है कि स्कूलों का समय सुबह 7.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक किया जाए, ताकि छात्र, छात्रायें हीट वेव और भीषण गर्मी के प्रभाव से बच सकें। ज्ञापन का वाचन मध्यप्रदेश कर्मचारी संघ की जिला अध्यक्ष सुनिता महाजन ने किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष संजय चौधरी, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य शांताराम निंभोरे, कार्यकारी अध्यक्ष आसिफ पिंजारी, जिला सचिव कैलाश राठौड़, कोषाध्यक्ष सुनिल कोटवे सहित पदाधिकारी प्रमोद निकम, संजय विश्वे, उमेश रूपेरी, हारून शेख, देवानन्द वानखेड़े उपस्थित थे।

# पारंपरिक खेलों से दूर हो रही नई पीढ़ी-मंगला पुजारी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद

जीवन में खेलों का विशेष महत्व हमेशा से रहा है और आगे भी बना रहेगा। बच्चों के चहुँमुखी विकास के लिए शारीरिक एवं मानसिक खेल अत्यंत आवश्यक हैं। आजकल यह देखा जा रहा है कि बालक-बालिकाओं में नए-नए खेलों के प्रति रुचि बढ़ी है। गली-मोहल्लों में बच्चे स्केटिंग, क्रिकेट, जूडो-कराटे जैसे खेल खेलते नजर आते हैं, वहीं मोबाइल फोन पर इलेक्ट्रॉनिक खेलों का आकर्षण भी तेजी से बढ़ रहा है। इसी विषय पर बाविसा ब्राह्मण समाज के भक्ति महिला मंडल बीसी ग्रुप द्वारा एक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर समाज सेवी मंगला पुजारी ने कहा कि भारत के पारंपरिक खेलों का हमेशा विशेष महत्व रहा है, लेकिन नई पीढ़ी उनसे लगातार दूर होती जा रही है। गिल्ली-डंडा, लट्टू, कंचे, कबड्डी, खो-खो, सितौलिया जैसे खेल अब धीरे-धीरे लुप्त होते जा रहे हैं, जिससे बच्चों का पूर्ण शारीरिक विकास प्रभावित हो रहा है।

उन्होंने बताया कि पारंपरिक खेल सस्ते और स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होते थे, जबकि पाश्चात्य खेल आर्थिक रूप से महंगे साबित हो रहे हैं।उन्होंने यह भी कहा कि जीवन की कठिनाइयों का सामना वही व्यक्ति कर सकता है जिसका सर्वांगीण विकास हुआ हो। खिलाड़ी कभी हार नहीं मानता और हर परिस्थिति में संघर्ष करते हुए सफलता प्राप्त करता है।

इस दौरान शिक्षिका अंकिता त्रिवेदी ने भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए पानी और दाना रखने की अपील की। उन्होंने छत, बालकनी या खिड़की पर मिट्टी के सकोरे में स्वच्छ पानी रखने तथा उसे प्रतिदिन बदलने की बात कही। उन्होंने 25 सकोरों का वितरण भी किया और सभी से पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था करने का आग्रह किया।

ग्रहणी बाला कानूनगो ने कहा कि बच्चे वही सीखते हैं जो वे देखते हैं। इसलिए संस्कारों की शुरूआत घर से होती है और स्कूल में उनका विकास होता है। उन्होंने नैतिक शिक्षा, अनुशासन, करुणा और सहयोग जैसे मूल्यों को जीवन में अपनाने पर जोर दिया। साथ ही बच्चों को रामायण, भगवद गीता और महाभारत जैसे धार्मिक ग्रंथों से जोड़ने की बात कही।

शिक्षिका मोना व्यास ने कहा कि पुस्तकें केवल कागज नहीं, बल्कि ज्ञान और अनुभव का खजाना होती हैं। वे हमें प्रेरित करती हैं और हमारे व्यक्तित्व का विकास करती हैं। उन्होंने कहा कि पुस्तकें हमारे सच्चे मित्र होती हैं और ज्ञान बांटने से बढ़ता है।

शिक्षिका समता दुबे ने जल संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि जल का बुद्धिमानी से उपयोग और संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने वर्षा जल संचयन और ड्रिप सिंचाई अपनाने की सलाह दी, क्योंकि जल के बिना जीवन संभव नहीं है।

गोष्ठी में साधना कानूनगो और दीपा दुबे ने भी पर्यावरण संरक्षण, वन्य एवं जलीय जीव-जंतुओं तथा प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त किए।इस अवसर पर पुष्पा त्रिवेदी, बंटी कानूनगो, आभा कानूनगो, मालिनी दुबे, सोनू शर्मा, ज्योति शर्मा, रेखा जोशी, संगीता जायसवाल, शिवानी कनपुरिया सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।बैडमिंटन खिलाड़ी संजय पाटीदार और हरिओम राठौर की जोड़ी ने इतिहास रचा



## कलेक्टर के नेतृत्व में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम का किया प्रभावी क्रियान्वयन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर

कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अधिकारी द्वारा बताया कि स्वास्थ्य विभाग को नोडल एजेंसी बनाकर जिले में तंबाकू नियंत्रण अधिनियम 2003 की धारा 4, 5, 6 एवं 7 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रशासन, पुलिस, स्वास्थ्य विभाग एवं मध्य प्रदेश वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन द्वारा संयुक्त प्रयास किए जा रहे हैं। जिले के 6 विकासखंडों में सार्वजनिक स्थानों और तंबाकू उत्पाद बेचने वाली दुकानों पर अनुपालन सर्वेक्षण कराया गया, जिसमें 664 सार्वजनिक संस्थानों और 183 दुकानों का निरीक्षण किया। सर्वेक्षण में धूम्रपान निषेध, विज्ञापन प्रतिबंध, नाबालिगों को बिक्री रोकने तथा स्वास्थ्य चेतावनियों की उपलब्धता जैसे मानकों का आकलन किया गया। परिणामों में अधिकांश बिंदुओं पर उच्च स्तर का अनुपालन पाया गया। विशेष रूप से सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध, विज्ञापन प्रतिबंध लगाया।

# खरगोन में प्राथमिक विद्यालय में रोटरी क्लब इंदौर ने भेंट किया वाटर कूलर

### बच्चों को मिली शीतल जल की सुविधा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर



भीषण गर्मी को देखते हुए शासकीय प्राथमिक विद्यालय इंदिरा नगर छोटी खरगोन में रोटरी क्लब इंदौर द्वारा वाटर कूलर प्रदान किया गया। इस पहल से विद्यालय के विद्यार्थियों को शीतल एवं शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध हो गई है। क्लब के सलूजा जी, मुकेश भाटी एवं श्रीमती शर्मिला पांचाल के सहयोग से यह व्यवस्था सुनिश्चित की गई, जिससे बच्चों को गर्मी के मौसम में राहत मिलेगी।इस कार्य में महिष्मति औषधि सेवा ग्रुप मंडलेश्वर के गुरुजी महेश जोशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के पूजन के साथ किया गया। इसके पश्चात संस्था प्रभारी श्रीमती गायत्री चौहान ने मंचासीन अतिथियों महेशजी जोशी, बीआरसी महेश्वर संजय बर्फा, जनशिक्षक श्री अंकित श्रीवास एवं पोषक शाला मा.वि. छोटी खरगोन के प्रधान पाठक श्री अजय राठौर का तिलक लगाकर एवं श्रीफल भेंट कर स्वागत किया। अपने उद्बोधन में महेशजी जोशी ने विद्यार्थियों को जीवन में ईमानदारी अपनाने और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। वहीं संजय बर्फा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पूरे विकासखंड में इस प्रकार के प्रयासों का प्रचार-प्रसार कर अन्य समाजसेवियों को भी प्रेरित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक विद्यालयों में बच्चों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।कार्यक्रम में वंदना चौहान, बलिराम यादव, सुनील शर्मा, प्रमोद पाटीदार, श्रीराम किरार सहित पालकगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। अंत में संस्था की ओर से अतिथियों एवं विद्यार्थियों को मिठाई वितरित की गई। कार्यक्रम का संचालन भूपेंद्र सिंह चौहान ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन संस्था प्रभारी श्रीमती गायत्री चौहान ने माना।

# कलेक्टर ने प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर



कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रकरण, खाद्यान्न वितरण, एचपीवी वैक्सीन की स्थिति, जल गंगा संवर्धन अभियान सहित विभिन्न विषयों पर विभागवार समीक्षा की गई और संबंधित विभाग प्रमुखों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती संघ मित्रा गौतम, सभी अनुविभागीय अधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान कलेक्टर श्रीमती माथुर ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि समय सीमा से बाहर लंबित प्रकरणों पर नियमानुसार आर्थिक दंड लगाया जाएगा। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए 50 दिनों से अधिक लंबित शिकायतों के संतोषजनक निराकरण के निर्देश दिए तथा साथ ही सभी विभागों को निर्देशित किया कि अपनी रैंकिंग सुधारकर ए ग्रेड में आना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को खाद्य विभाग के साथ समन्वय कर खाद्य विभाग से संबंधित अवैध कार्यों पर सक्रिय कार्रवाई करने तथा पीडीएस केंद्रों पर खाद्यान्न वितरण हेतु अभी से निगरानी रखने के निर्देश दिए।

एचपीवी वैक्सीन अभियान की धीमी प्रगति पर कलेक्टर श्रीमती माथुर ने नाराजगी जताई और लक्ष्य अनुरूप कार्य नहीं होने पर सीएमएचओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देशित करते हुए कहा कि टीकाकरण अभियान में तेजी लाई जाए। ई-केवाईसी की प्रगति की समीक्षा करते हुए जनपद सीईओ और नगर परिषद सीएमओ को निर्देशित किया कि कार्य में तेजी लाएं।

# कलयुगी बेटे ने अपनी ही बुजुर्ग मां की निर्ममता से हत्या कर दी



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन

भीकनगांव में दिल दहला देने वाली घटनाखरगोन जिले के भीकनगांव थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज और हृदयविदारक मामला सामने आया है, जहां एक कलयुगी बेटे ने अपनी ही बुजुर्ग मां की निर्ममता से हत्या कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 55 वर्षीय आरोपी विष्णु सांवले ने नशे की हालत में अपनी 80 वर्षीय मां रामई बाई पर धारदार कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी ने मां की गर्दन पर 4-5 वार किए, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूत्रों के मुताबिक, मृतका कई वर्षों से बिस्तर पर थी और उसकी देखभाल की जिम्मेदारी बेटे पर थी। इसी बात से परेशान होकर और शराब की लत के चलते आरोपी ने यह खौफनाक कदम उठा लिया।

घटना के समय बुजुर्ग महिला घर में अकेली थी।वारदात के बाद क्षेत्र में दहशत और सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।पुलिस का कहना है कि आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# भाजपा स्थापना दिवस पर सांसद ने फहराया पार्टी ध्वज



**बुरहानपुर।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर जिलेभर में संगठन के निदेर्शानुसार विभिन्न स्थानों पर भाजपा कार्यकताओं ने पार्टी का ध्वज फहराकर उसकी विचारधारा के प्रति समर्पण व्यक्त किया। सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने ग्राम बोहरडा स्थित अपने निवास पर, विधायक मंजू दादू ने ग्राम कानापुर में, और भाजपा युवा नेता गजेंद्र पाटील ने अमरावती रोड स्थित सांसद कार्यालय पर पार्टी का ध्वज फहराया। इस अवसर पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने कहा कि भाजपा की स्थापना के पीछे एक मजबूत और समृद्ध भारत का निर्माण करना था। उन्होंने कहा कि पार्टी ने हमेशा देश के विकास और जनकल्याण के लिए काम किया है और आगे भी करती रहेगी। विधायक मंजू दादू ने कहा कि भाजपा की विचारधारा ने देश को एक नई दिशा दी है और पार्टी के कार्यकर्ता इस विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम में पार्टी के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## अवैध सट्टा गतिविधियों पर पुलिस की सख्त कार्रवाई

**बड़वानी।** अवैध गतिविधियों सट्टा- जुआ, शराब आदि पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री पद्मविलोचन शुक्ल द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री धीरज बब्बर तथा एसडीओपी श्री आयुष अलावा के मार्गदर्शन में जिले में अवैध सट्टा गतिविधियों के विरुद्ध सतत अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान के तहत थाना पानसेमल पुलिस को अवैध रूप से सट्टा लिखे जाने की सूचना प्राप्त होने पर थाना प्रभारी पानसेमल द्वारा विशेष टीम गठित कर योजनाबद्ध तरीके से दो स्थानों पर दबिश दी गई। कार्यवाही के दौरान आरोपी भुषण पिता भारत पाटील, निवासी खटकी मोहल्ला पानसेमल को अवैध रूप से सट्टा अंक लिखते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया, जिसके कब्जे से सट्टा लेखन सामग्री एवं नगदी 2850 जब्त कर उसके विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। इसी प्रकार आरोपी नितिन पिता दिलीप ठाकरे, निवासी मस्जिद मोहल्ला पानसेमल को भी सट्टा अंक लिखते हुए पकड़ा गया,

# पिपलोदा रोड पर शीघ्र बनाया जाए स्पीड ब्रेकर



### क्या प्रशासन घटना का इंतजार कर रहा?

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा

नए स्कूली शैक्षणिक सत्र की शुरूआत 1 अप्रैल से हो चुकी हैं ।लेकिन पिपलौदा रोड पर स्पीड ब्रेकर्स नहीं बनाए गए हैं ! यह घोर लापरवाही का सूचक हैं! नगर के पिपलौदा रोड पर मानक ऊचाई के स्पीड ब्रेकर्स बनाए जाने की सख्त जरूरत है ! पिपलौदा रोड़ पर मानक ऊचाई के स्पीड ब्रेकर्स बनाए जाने की मांग जस की तस बनी हुई हैं ! रतलाम- नीमच हाईवे चौपाटी पर बसे जावरा नगर से पिपलौदा , सैलाना, बांसवाड़ा और राजस्थान, गुजरात के अन्य कई शहरों गांवों को जाने वाले कई वाहनों को पिपलौदा रोड़ से ही आना जाना पड़ता है ! जन सुरक्षा को लेकर अति व्यस्तम पिपलौदा रोड़ पर शीघ्र स्पीड ब्रेकर बनाए जाने की मांग स्थानीय प्रशासन से बढ़ते यातायात दबाव को लेकर लंबे समय से क्षेत्रवासियों, कॉलोनी वासियों द्वारा की जाती रही हैं ! लेकिन स्थानीय प्रशासन द्वारा स्पीड ब्रेकर्स बनाए जाने की मांग को अनसुना कर नजरअंदाज कर दिया जाता रहा है !

सामाजिक कार्यकर्ता डॉ मदनलाल गांगले ने बताया कि पिपलौदा रोड़ पर भी स्पीड ब्रेकर्स ना होने से अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं और पूर्व में स्कूली छात्रा की दुर्घटना में जान भी जा चुकी हैं लेकिन फिर भी स्थानीय प्रशासन की अनदेखी और घोर लापरवाही के चलते अभी तक स्पीड ब्रेकर्स नहीं बनाए गए हैं ! क्षेत्रवासी एवं दुकानदार रोहित अग्रवाल ने भी स्पीड ब्रेकर्स बनाए जाने की मांग को उचित बताया।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत प्राचीन बावड़ी की सफाई की गई

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन,

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड घट्टिया के बिछड़ोद सेक्टर के ग्राम रुणजी में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत वर्ष 1614 ईसवी में निर्मित परिहार वंश की प्राचीन बावड़ी (चोपड़ा) में श्रमदान कर साफ -सफाई की गई।इसके पूर्व ग्राम में स्थित श्री हनुमान मंदिर में आयोजित चौपाल में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत घट्टिया श्री गुमान सिंह मुजाल्दे ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जल संरक्षण समाज की सहभागिता से ही संभव है।

वर्तमान समय में भूमिगत जल का स्तर तेजी से कम होता जा रहा हैं और हमारी आने वाली पीढ़ियों को जल के गंभीर संकट का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए यदि हम अभी से जागरूक नहीं हुए तो जल संकट की स्थिति भयावह होने वाली है।समाज के प्रत्येक ०?यक्ति को इस समस्या से निपटने के लिए आगे आना होगा और गांव के सभी जल स्त्रोतों की सफाई,गहरीकरण एवं वर्षा जल को रोकने के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे।जिला समन्वयक श्री जय दीक्षित द्वारा उपस्थित ग्रामीणों से मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत किए जा रहे कार्यों में सहयोग करने की बात कही गई।

कार्यक्रम के अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्रों द्वारा ग्राम में रैली निकाल कर जल संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

## 19 विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी

**उज्जैन।** 1 अप्रैल से आज तक कुल 5.60 मीट्रिक टन उर्वरक का वितरण किसानों को ई विकास प्रणाली के माध्यम से किया गया हैं। शासन के निदेर्शानुसार १ अप्रैल 2026 से समस्त अनुदानित उर्वरकों का शत प्रतिशत वितरण अनिवार्य रूप से ई-विकास प्रणाली के माध्यम से ही किया जाना हैं। इन स्पष्ट निदेर्शों के बावजूद जिले के 19 उर्वरक विक्रेताओं द्वारा परंपरागत विधि से उर्वरक वितरण किया गया जो कि शासन के नियमों का सीधा उल्लंघन हैं। उक्त अनियमितता को गंभीरता से लेते हुए कृषि विभाग द्वारा कुल १९ उर्वरक विक्रेता जिसमें 12 निजी उर्वरक विक्रेता, ६ सहकारी समिति,1 मार्केटिंग सोसाइटी खाचरौद को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किए गए है। संबंधित उर्वरक विक्रेताओ से उक्त लापरवाही पर जवाब मांगा गया है। यदि प्राप्त जवाब संतोषजनक नहीं होता हैं तो संबंधितों के विरूद्ध उर्वरक गुण (नियंत्रण) आदेश, 1985 के प्रावधानों के तहत लाइसेंस निलंबित / निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी।

## सोयाबीन 2172 और ब्लैक बोर्ड बीज की डिमांड

**उज्जैन।**ईरान-इजरायल युद्ध होने से सोयाबीन के भाव 400 रुपए बढ़ चुके हैं। तेल की टाइट सप्लाई से तेल महंगा हुआ। सोयाबीन में तेजी आ गई।जानकारों के अनुसार इस फसल में नाइट्रोजन फिक्स होने से उर्वरा अथवा उपजाऊपन बना रहता है। युद्ध के चलते सोयाबीन के भाव 5800 तक पहुंच चुके हैं और सोयाबीन तेल 174 रुपए किलो हो चुका है। अगर युद्ध लंबा खींचा तो सोयाबीन 6 हजार से 6500 भी बिक सकता है और सोयाबीन तेल 200 रुपए किलो के भाव के पार जा सकता है। सोयाबीन प्लांट भी 5800 से अधिक भाव पर खरीदी करने लगे है। इधर किसानों के अनुसार इस बार भी सोयाबीन का बीज भी अधिक बोया जाएगा। 2172 और ब्लैक बोल्ड को अधिक पसंद किया जा रहा है। इसके अलावा 9560 और 9305 के अलावा 2034 भी चलन में है। ग्रेडिंग खुला बीज के भाव इस समय 6500 से 7 हजार रुपए क्विंटल के बताए गए है।

## न्यूज -कॉलम

### खरसौदखुर्द टोल प्लाजा पर तोड़फोड़, 8 कर्मचारी घायल

**उज्जैन।** इंगोरिया थाना क्षेत्र के उज्जैन-बदनावर फोरलेन हाईवे पर ग्राम खरसौदखुर्द टोल प्लाजा पर रविवार-सोमवार रात 3 युवकों ने जमकर उत्पात मचाते हुए तोड़फोड़ की और कर्मचारियों के साथ बेल्ट-डंडे से मारपीट की। घटनाक्रम में टोल कर्मचारी प्रेमसिंह सोलंकी, हरीश परमार, मयूर मकवाना, भरत चौहान, ओम मांडेल, धर्मेन्द्रसिंह, रितेशसिंह, नीरज घायल हो गये। तीनों युवकों ने टोल बेरियर के साथ केबिन और मेस में जमकर तोडफोड की। टोल पर तोडफोड की खबर मिलते ही इंगोरिया थाना प्रभारी दिपेश व्यास टीम के साथ मौके पर पहुंच गये थे। वही मारपीट और तोड़फोड़ करने वाले 3 युवकों जितेन्द्र पिता राजेन्द्र राठौर, मानसिंह पिता भंवरसिंह राजपूत निवासी भाटपचलाना और विशाल सिसौदिया निवासी बड़नगर को हिरासत में लिया। मामले में टोल कर्मचारी पुष्पेन्द्रसिंह ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि मारपीट और तोड़फोड़ करने वाले मारूति में सवार होकर आये थे। उन्होने पहले प्रेमसिंह से कहा कि मैनेजर के बारे में पूछा और मारपीट शुरू कर दी, उसके बाद केबिन में घुसे फिर मेस तक पहुंच गये। थाना प्रभारी व्यास के अनुसार मारपीट और तोडफोड करने वालों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2), 296 (ए), 324 (4), 351 (3) 3 (5) का प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। मामला बिना टोल चुकाये गाडी निकालने से जुडा हुआ है।

### प्रेम विवाह के 14 साल बाद खाया जहरीला पदार्थ, मौत

**उज्जैन।** सांवेर के समीप गांव में रहने वाले धर्मेन्द्र पिता सालगराम सोनगरा 40 साल ने 14 साल पहले पंवासा क्षेत्र की रहने वाली सुनीता के साथ प्रेम विवाह किया था। 11 साल तक दोनों साथ रहे और तीन बेटियों के माता-पिता बने। 3 साल पहले सुनीता बेटियों को लेकर पंवासा आ गई और पुष्ठा फैक्ट्री में काम करने लगी। रविवार का धर्मेन्द्र पत्नी और बेटियों से मिलने आया और जहरीला पदार्थ खा लिया। पत्नी सुनीता अस्पताल लेकर पहुंची, जहां रातभर चले उपचार के बाद धर्मेन्द्र की सोमवार तड़के मौत हो गई। पंवासा थाना पुलिस ने सूचना मिलने पर मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान धर्मेन्द्र की मां रामकुंवर बाई ने आरोप लगाया कि पुत्र ने बहू की वजह से अपनी जान दी है। बहू के राजू नामक व्यक्ति से संबंध थे। पूर्व में राजू और धर्मेन्द्र का विवाद भी हुआ था। पुलिस ने मामले में परिजनों के बयान दर्ज कर जांच की बात कहीं है।

### ई-रिक्शा पलटने पर इंदौर का परिवार हुआ घायल

**उज्जैन।** इंदौर का परिवार सोमवार को धार्मिक यात्रा पर उज्जैन आया था। परिवार के 9 सदस्यों ने सुबह महाकाल दर्शन किये। उसके बाद ई-रिक्शा में सवार होकर गढ़कालिका मंदिर पहुंचे। जहां से काल भैरव मंदिर जाने के लिये निकले। इस दौरान रास्ते में अचानक रिक्शा पलटी खा गया। हादसे में राजेन्द्र पिता खेमचंद नामदेव 45 साल गंभीर घायल हो गये। वहीं अन्य सदस्यों के साथ रिक्शा चालक अजय निवासी पिपलीनाका को भी चोंट आई है। नामदेव परिवार ने बताया कि चालक रिक्शा तेजगति से चल रहा था। जिसके चलते हादसा हुआ है। विदित हो कि शहर में ई-रिक्शा की संख्या 20 हजार के लगभग पहुंच चुकी है। कई नाबालिग भी रिक्शा दौड़ा रहे है। पहले भी कई बार रिक्शा पलटने के मामले सामने आ चुके है।

### विवाद में बदली मजाकबाजी, एक का फोड़ा सिर

**उज्जैन।** नानाखेडा कालापत्थर क्षेत्र में रहने वाले कृष्णा सेन और पडोस में रहने वाले निखिल पिथोरिया के बीच सोमवार सुबह मजाक चल रहा था। अचानक दोनों में विवाद हो गया। कहासुनी इतनी बढ़ गई कि दोनों गुत्थम-गुत्था हो गये। यह देख कृष्णा का बड़ा भाई अजय पिता गोपाल सेन बीच-बचाव करने पहुंचा। तभी निखिल और उसके पिता हुकुमचंद ने क्रिकेट बेट से अजय पर हमला कर दिया। सिर में चोंट लगने से अजय लहूलुहान हो गया। भाई कृष्णा और परिजन उसे चरक अस्पताल लेकर आये। जहां डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया। मामले की सूचना ड्युटी कम्पाउंडर से मिलने पर नानाखेड़ा थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और घायल के बयान दर्ज किये। मामले में पिता-पुत्र के खिलाफ मारपीट की धारा 296 (बी), 115 (2), 351 (3), 3 (5) भारतीय न्याय संहिता का प्रकरण दर्ज किया।

### ट्रेन से गिरकर घायल हुआ युवक

**उज्जैन।** चित्तौड़गढ़ जा रही ट्रेन का सोमवार सुबह बड़नगर में स्टापेज हुआ था। जिसमें उज्जैन की नागेश्वरधाम कालोनी का रहने वाला सुमित पिता नरेश जोशी 19 साल यात्रा कर रहा था। स्टापेज होने पर पानी पीने उतारा, उसी दौरान ट्रेन चल दी। सुमित ने चढ़ने का प्रयास किया लेकिन संतुलन बिगड़ने पर गिर गया। उसके पैर में गंभीर चोंट लगी। प्लेटफार्म पर मौजूद लोगों ने उसे बचाया और बड़नगर अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसे उपचार के लिये उज्जैन चरक अस्पताल रैफर किया गया।

| | | | |
|---|---|---|---|
| दिन | 159-5 | 560-1 | |
| मेन बाजार | 478-9 | 137-2 | |
| कल्याण नाइट | 226-0 | 270-9 | |
| मिलन डे | 450-9 | 889-5 | |
| मिलन नाइट | 577-9 | 366-5 | |
| मधुर डे | 400-4 | 237-2 | |
| मधुर नाइट | 677-0 | 234-9 | |
| शुभांक | 2 | 4 | 7 |

## ढाबा रोड चौड़ीकरण में देर शाम को हादसा, कोई जनहानि नहीं....

# गेबी हनुमान मंदिर की गली के पास गिरा 3 मंजिला मकान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

ढाबा रोड चौडीकरण में सोमवार देर शाम तीन मंजिला मकान अचानक गिर गया। मकान के गिरते ही धुएं का गुब्बार उठा और अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान सामने बने 2 मकान भी क्षतिग्रस्त हो गये। हादसे के बाद क्षेत्र मे अंधेरा छा गया। गनीमत रही कि जनहानि नहीं हुई।



सिंहस्थ 2028 को देखते हुए ढाबारोड क्षेत्र में मार्ग चौडीकरण का किया जा रहा है। चौडीकरण की जद में आ रहे मकानों, दुकानों को तोडा जा रहा है। मार्ग पर गेबी हनुमान मंदिर के मुहाने पर कालू राठौर और अली भाई के मकान बने है। जिनका चौडीकरण में कुछ हिस्सा तोडा गया था, मकान पुराने समय के कच्चे बने थे। मकानों के पास सहारा नहीं होने से हवा में झूलने लगे थे। शाम को अचानक दोनों तीन मंजिला मकान ताश के पत्तों की तरह धराशायी हो गये। जैसे ही मकान जमीन पर गिरे धुएं का गुब्बार उठा और मार्ग पर लगे बिजली के तार टूटने पर चिंगारी निकली। मकानों के गिरने पर सामने की ओर बने प्रकाश धानी के मकान कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। पूरे क्षेत्र में अंधेरा छा गया था, गनीमत रही कि कोई बडी जनहानि नहीं हुई। नगर निगम भवन अधिकारी राजकुमार राठौर ने बताया कि चौडीकरण के दौरान पहले ही जर्जर मकानों को देखते हुए बेरिकेडिंग करवाकर मकान मालिकों को सूचना पत्र जारी किया जा चुका था। हादसे की जानकारी मिलने पर नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी ढाबारोड पहुंच गये थे।

#### हादसे के समय जारी था आवगमन

खास बात यह थी कि मकान धराशाई होने का यह हादसा पूरी तरह से आवागमन जारी रहने के दौरान ही हुआ। क्षेत्रीय नागरिकों ने मकानों की स्थिति को देखते हुए यहां आवागमन करने वालें लोगों को इधर-उधर किया और सचेत करते रहे। इसके चलते कोई हादसा नहीं हो पाया। क्षेत्रीय नागरिक लालू राजा का कहना था कि उन्होंने नगर निगम सहित प्रशासन के तमाम आला अफसर को काल किया लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया इसके बाद यह हादसा हो गया। सोमवार को ही दोपहर में कलेक्टर ने क्षेत्र का दौरा किया था उन्हें भी इस मामले में कहा गया था।

#### अंधेरे में डूबा पूरा क्षेत्र

हादसे के पहले क्षेत्र में बिजली की एलटी एवं एचटी लाईनें चालू थी। भवन के धराशाई होने के दौरान दोनों ही लाईनें टूट गई जिससे पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूब गया था। जिसके चलते क्षेत्र के नागरिकों को परेशानी बढ़ गई। पूरे क्षेत्र की बिजली व्यवस्था प्रभावित हुई थी।

## पिकअप से आये थे पांच बदमाश, 3 की तलाश में दबिश...

# गरोठ हाईवे से गिरफ्त में आये टायर चोरी के 2 आरोपी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पांड्याखेड़ी ब्रिज के पास खड़े ट्रक के 3 टायर चोरी करने वाले 2 बदमाशों को रविवार-सोमवार रात गरोठ हाइवे से हिरासत में लिया गया। दोनों पिकअप में 2 टायर बेचने की फिराक में निकले थे। दोनों के 3 साथी फरार है, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

पंवासा थाना प्रभारी गमरसिंह मंडलोई ने बताया कि 3-4 अप्रैल की रात पांड्याखेड़ी ब्रिज के पास डालडा मैदान में खड़े टाटा कंपनी के ट्रक क्रमांक एमपी 14 एलबी 2277 के तीन टायर चोरी होने का मामला सामने आया था। लाखों रूपये कीमत के टायर चोरी करने वालों की तलाश में सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये और आसपास के गैरेजों, कबाड़े की दुकानों और खुले मैदानों की झाड़ियों में सर्चिंग की गई। कैमरों की मदद से पिकअप में बदमाशों के आने की जानकारी सामने आ गई। जिसका पता लगाने के लिये मुखबीर तंत्र को अलर्ट किया गया। रविवार-सोमवार रात पता चला कि बैरागी मोटर्स लिखी पिकअप क्रमांक एमपी 43 जी 2915 गरोठ हाईवे के सर्विस रोड पर ख?ी है। जिसमें 2 बडे टायर रखे हुए है। संदेह के आधार पर पड़ताल के लिये एएसआई संतोष राव, सावित्री कटारा, सीताराम भूरिया, आरक्षक पंकज पाटीदार को रवाना किया गया। सर्विस रोड पहुंचते ही 2 युवकों ने पुलिस वाहन देख भागने का प्रयास किया। जिन्हे घेराबंदी कर पकड़ा गया और पिकअप को चैक किया। जिसमें 2 टायर रखे होना सामने आया। हिरासत में आये युवकों से पूछताछ करने पर उनके नाम मुकीम पिता मुमताज 23 साल और इरशाद पिता मुमताज 38 साल निवासी क्षत्री मोहल्ला, घोंसला, थाना राघवी सामने आये। दोनों टायर चोरी करना कबूल किया। पुलिस टीम द्वारा पिकअप को जप्त कर दोनों को थाने लाया गया, जहां गिरफ्तारी ली गई। दोनों को सोमवार दोपहर कोर्ट में पेश किया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। जप्त टायर और पिकअप की कीमत 11.50 लाख सामने आई है।



#### साथियों के साथ मिलकर दिया अंजाम

एएसआई संतोष राव ने बताया कि दोनों आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि उन्होने रवि उर्फ बेगाना और 2 अन्य के साथ मिलकर टायर चोरी को अंजाम दिया था। वह टायर बेचने के लिये खिलचीपुर गरोठ हाईवे पर आये थे। चोरी में 3 साथियों के नाम सामने आने पर उनकी तलाश शुरू की गई है। एएसआई राव के अनुसार गिरफ्त में आये दोनों आरोपियों के खिलाफ पूर्व में भी राघवी थाना क्षेत्र में पशुक्रूरता अधिनियम के मामले दर्ज होना सामने आये है, दोनों आरोपी भाई है। एक टायर रवि उर्फ बेगाना की गिरफ्तारी होने पर बरामद किया जायेगा।

#### चालक ने दर्ज कराई थी चोरी की शिकायत

खडे ट्रक के तीन टायर (डिस्क सहित) चोरी होने की शिकायत चालक असीम तिलकर निवासी किशनपुरा ने अपने मैनेजर योगेन्द्र चौधरी के साथ पंवासा थाने पहुंचकर दर्ज कराई थी और बताया था कि ट्रांसपोर्ट का व्यवसाय करते है। ट्रक को रात में पंड्याखेड़ी के पास मैदान में खड़ा किया जाता है। सुबह ट्रक बिना टायर के मिलने पर आसपास तलाश की, लेकिन नहीं मिले थे।

### मारपीट कर अवैध वसूली करने वाले बदमाशों को भेजा जेल

**उज्जैन।** जान से मारने का भय दिखाकर अवैध वसूली करने वाले 4 बदमाशों को सोमवार सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। चारों को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। 3 बदमाशों के खिलाफ पूर्व में भी 10 अपराध दर्ज हो चुके थे।

बडनगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 8 मार्च को सुमित पिता सरेशचंद्र भाटी निवासी सावरिया कालोनी ने शिकायत दर्ज कराई थी। शाम के समय दोस्त अश्विन गांधी के साथ बाइक से नागेश्वर कालोनी बडनगर तरफ जा रहा था। व्यास कालोनी संजना पार्क में हमें अंकुश दुबे, अभिषेक उर्फ बिटटु और रितीक गेहलोत दिखाई दिये। जो मुकेश जाट के साथ मारपीट कर रहे थे। मुकेश जाट के सिर से खुन निकलने लगा। हम दोनों रूक गये तभी अंकुश दुबे सरिया लेकर मेरे पास आया और मुझे जान से मारने का भय दिखाकर धमकाया कि आज पुराने पैसे नही देगा तो तुझे जान से खत्म कर दूंगा। अकुंश के साथी भी आ गये और मारपीट करने लगे। यह देख परिचित लोकेश बीच-बचाव करने आया तो अंकुश के चौथे साथी रोशन ने ईंट से हमला कर दिया। चारों जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। थाना प्रभारी के अनुसार सुमित भाटी की शिकायत पर चारों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। चारों लगातार फरार चल रहे थे। एक माह बाद सोमवार को सूचना मिलने पर अंकुश पिता दिलीप दुबे निवासी संजना पार्क, अभिषेक उर्फ बिटटु दुबे निवासी शांतिनिकेतन रोड, रितीक पिता सुरेश गेहलोत शिवाजी रोड और रोशन गेहलोत निवासी खोपदरवाजा बडनगर को गिरफ्तार कर लिया गया। जिन्हे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। अंकुश दुबे के खिलाफ पूर्व में 6, अभिषेक दुबे और रोशन गेहलोत के खिलाफ पूर्व में 2-2 प्रकरण दर्ज है।

### कार की डिक्की में इनमी तस्कर ने छुपा रखा था गांजा

**उज्जैन।** मादक पदार्थ तस्करी में शामिल इनामी तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसकी कार की डिक्की में छुपाकर रखा 4 किलो से अधिक गांजा बरामद किया है। पूर्व में गिरफ्तार 2 गांजा सप्लायरों ने उक्त तस्कर से गांजा लाना बताया था। पुलिस ने तस्कर के गिरफ्त में आने पर उसे कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है।

भाटपचलाना थाना पुलिस ने 26 फरवरी को नारायणसिंह पंवार ग्राम लोहारी को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया था। जिससे पूछताछ में पता चला था कि वह मादक पदार्थ दीपक पिता देवीसिंह कुशावह निवासी ओझा कालोनी नागदा से लेकर आया है। दीपक की तलाश पुलिस ने की, लेकिन वह फरार होना सामने आया। इसी बीच 3 अप्रैल को भाटपचलाना पुलिस ने ग्राम खरसौदकला से महेश पिता अमरसिंह को 1 किलो 800 ग्राम गांजे के साथ पकडा। जिसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई तो उसने दीपक कुशवाह से गांजा लाना कबूल किया। दीपक की पूर्व में गिरफ्तारी नहीं होने पर एसपी प्रदीप शर्मा द्वारा 10 हजार का इनाम घोषित किया गया था। थाना प्रभारी सत्येन्द्र चौधरी ने बताया कि 2 गांजा सप्लायरों को गिरफ्तार करने पर दीपक का नाम सामने आने पर उसकी सरगर्मी से तलाश शुरू की गई। इस दौरान रविवार-सोमवार रात खबर मिली कि स्वीफ्ट कार क्रमांक एमपी 13 सीए 7762 में एक व्यक्ति मादक पदार्थ लेकर आने वाला है। जिसकी धरपकड के लिये नाकाबंदी की गई। स्वीफ्ट कार को मुक्तेश्वर महादेव मंदिर के पास रोका गया। जिसमें इनामी गांजा तस्कर दीपक कुशवाह सवार होना सामने आया। उसे गिरफ्तार कर कार की तलाशी लगी गई तो डिक्की में रखा 4 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद हो गया। तस्कर को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है, जिससे मादक पदार्थ तस्करी से जुडे साथियों की जानकारी प्राप्त की जा रही है।

## नगर निगम ने गिराऊ भवन को सुरक्षित तरीके से हटाया

**उज्जैन।** सोमवार को नगर निगम द्वारा ढाबा रोड स्थित गेबी हनुमान मंदिर के पास मार्ग चौड़ीकरण का कार्य किया गया। इस कार्य के तहत मंदिर गली के समीप एक गिराऊ भवन बाधा बन रहा था, जिसे नगर निगम की टीम ने वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में पूरी सुरक्षा और सावधानी के साथ हटाया। कार्रवाई के दौरान किसी भी प्रकार की जनहानि या नुकसान नहीं हुआ। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए मार्ग पर बैरिकेटिंग की गई थी, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। नगर निगम द्वारा जानकारी दी गई कि मार्ग चौड़ीकरण की जद में आ रहे सभी गिराऊ भवनों को इसी तरह सावधानीपूर्वक हटाया जा रहा है। इस कार्य में क्षेत्रीय नागरिकों का भी सहयोग मिल रहा है, जिससे कार्य सुचारू रूप से आगे बढ़ रहा है।

# सलाखों में सुपारी देकर हमला करवाने वाला बदमाश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सरपंच चुनाव की रंजीश में सुपारी देकर हमला कराने वाले हिस्ट्रीशिटर बदमाश को 4 माह बाद रविवार-सोमवार रात इंजीनियरिंग कॉलेज मार्ग मालनवास के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। जिसके पास से 3 कारतूस लगा देशी कट्टा बरामद हुआ है। बदमाश को कोर्ट में पेश कर जेल की सलाखों में भेजा गया है।

नरवर थाना क्षेत्र में 17 दिसंबर को ग्राम सिलारखेड़ी में रहने वाले अभिषेक परमार और उसके परिवार के 2 सदस्यों पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया था। मामले में पुलिस ने 11 संगीन धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया था। एक माह बाद पुलिस ने हमले में शामिल देवास जिले के भौरासा थाना क्षेत्र स्थित ग्राम बलाईखेड़ा में रहने वाले 6 हमलावरों लाखन, कृष्णा अवतार, रंजीत, अर्जुन और विजय गुर्जर को गिरफ्तार किया था। हमलावरों ने पूछताछ में बताया था कि उन्हे हमला करने के लिये पांच लाख की सुपारी मिली थी। सिलारखेड़ी के रहने वाले अजय पिता बाबूलाल परमार ने सुपारी दी थी और 1 लाख एडवांस दिये थे। मामला सुपारी कांड से जुड़ा सामने आया तो अजय को भी आरोपी बनाया गया, जो हिस्ट्रीशिटर बदमाश है। नरवर पुलिस उसकी लगातार तलाश कर गिरफ्तारी के प्रयास कर रही थी। थाना प्रभारी बल्लू मंडलोई ने बताया कि रविवार रात खबर मिली कि उक्त सुपारी देने वाला बदमाश उज्जैन की महाकाल वाणिज्य कालोनी में किराये का मकान लेकर निवास कर रहा है। तत्काल टीम के साथ उसकी गिरफ्तारी के लिये दबिश दी गई। इस दौरान बदमाश इंजीनियरिंग कॉजेल मार्ग मालनवास क्षेत्र में दोपहिया वाहन से किराये के मकान की ओर जाता मिल गया। जिसे कस्टडी मे लिया गया और तलाशी ली गई तो उसके पास से देशी कट्टा और 3 जिंदा कारतूत भी बरामद हो गये। मामले में पूर्व से दर्ज प्रकरण में आयुध अधिनियम की धारा 25, 27 का इजाफ कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल की सलाखों के पीछे भेजा गया है।

4 माह से थी तलाश, कारतूस के साथ देशी कट्टा बरामद



#### लूट हत्या के मामले सहित 18 केस दर्ज

थाना प्रभारी बल्लू मंडलोई ने बताया कि सुपारी देकर हमला करवाने वाले बदमाश अजय के खिलाफ नरवर और माधवनगर थाना क्षेत्र में 18 अपराध दर्ज है। जिसमें 3 मामले लूट के माधवनगर थाने में दर्ज है। नरवर में हत्या के प्रयास, चाकूबाजी, आर्म्स एक्ट, मारपीट, षडयंत्र के दर्ज है। अभिषेक परमार के परिवार से बदमाश की सरपंच चुनाव के समय से रंजीश चली आ रही है। पूर्व में विवाद होने पर मारपीट हुई थी। जिसमें बदमाश अजय घायल हुआ था। उपचार के दौरान उसका एक पैर डॉक्टरों को काटना पड़ा था। उसी का बदला लेने के लिये सुपारी देकर अभिषेक परमार पर हमला कराया गया था। दोनों पक्ष एक परिवार के है।

### 9 अप्रैल को देवास गेट स्थित पानी की टंकी पर महापौर

**उज्जैन।** शहर में पेयजल संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए 9 अप्रैल गुरुवार को देवास गेट स्थित पानी की टंकी (चामुंडा माता स्थित पीएचई कार्यालय) पर महापौर चौपाल का आयोजन किया जाएगा। यह चौपाल प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें महापौर मुकेश टटवाल स्वयं उपस्थित रहकर नागरिकों की समस्याएं सुनेंगे और उनका त्वरित निराकरण करेंगे। जल कार्य समिति के प्रभारी प्रकाश शर्मा ने बताया कि चौपाल में अवैध नल कनेक्शनों को वैध करने की प्रक्रिया भी की जाएगी। साथ ही, जिन उपभोक्ताओं ने कनेक्शन शुल्क जमा करने के बाद भी बिल संबंधी एसएमएस प्राप्त किए हैं, समस्याओं का भी मौके पर समाधान किया जाएगा। इस दौरान पीएचई विभाग के सभी अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### वार्ड 42 में 45 लाख की लागत से नई पाइपलाइन का भूमिपूजन

**उज्जैन।** वार्ड क्रमांक 42 में पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए लगभग 45 लाख रुपए की लागत से नई पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू किया गया। इसका भूमिपूजन निगम अध्यक्ष कलावती यादव द्वारा किया गया। यह कार्य क्षेत्रीय पार्षद अंजलि बालकृष्ण पटेल के प्रयासों से संभव हुआ है। योजना के अंतर्गत अलकापुरी क्षेत्र की विभिन्न गलियों में लगभग 2000 मीटर लंबी एचडीपी पाइपलाइन (110, 160 एवं 200 डायमीटर) डाली जाएगी, जिससे नागरिकों को शुद्ध पेयजल की बेहतर सुविधा मिल सकेगी।



## साधना की शक्ति

मानव जिंदगी आश्चर्यों से भरी हुई है; अगर आपके पास आश्चर्य नहीं आते, तो हो सकता है कि आप उसे मौका ही नहीं दे रहे हों। ओशो मेडिटेशन रिजॉर्ट में देश-विदेश के लोगों का तांता लगा रहता है। यकीन नहीं होता कि इतने सारे लोग ध्यान करने के लिए उत्सुक हो सकते हैं! ध्यान के लिए यहां एक भव्य पिरामिड बना है, जहां दिन भर ध्यान विधियां होती रहती हैं। एक ध्यान है नो डाइमेनशन्स, जो कि एक सूफी विधि है। ओशो ने इसे विकसित की है। इसका संगीत भी सूफियाना है। यह आपके आसपास एक ऐसा माहौल रचता है कि आदमी उसी में खो जाए। मदहोशी के बीचोबीच होश साधने की कला सिखाता है यह। ध्यान के दौरान एक दिन सुंदर युवा महिलाओं का समूह आया। वे सूफियाना माहौल से बहुत गहरे में जुड़ गईं, क्योंकि वे उसी पृष्ठभूमि की थीं। बहुत डूबकर, पूरी तल्लीनता से वे ध्यान कर रही थीं। ध्यान के बाद जब मैं बाहर निकल रही थी, तब उनका झुंड बाहर खड़ा पिरामिड के सौंदर्य को निहार रहा था। मैंने उत्सुकतावश उनसे पूछ कि वे कहां से आई हैं? मालूम हुआ कि वे सभी ईरान की हैं, लेकिन ईरान में रहती नहीं। उनमें से कुछ यूरोप और कुछ अमेरिका में रहती हैं। सबका अपना-अपना व्यवसाय है, अपनी आजाद जिंदगी है। मैंने उनके नाम से अंदाजा लगाकर पूछा कि आप तो मुस्लिम होंगी न? वे एक स्वर में बोलीं, बिल्कुल नहीं। मैं चौंक गई, यह बगावत का सुर ईरान में? वे बोलीं, हमारा कोई धर्म नहीं है। हमें धर्म वगैरह पसंद ही नहीं है। हमें तो अपनी आजादी चाहिए। हम अपनी जिंदगी का रास्ता खुद चुनती हैं। उनमें से कोई योग सिखाती है, कोई फैशन डिजाइनर है, कोई सोशल मीडिया पर काम करती हैं। उनके अंदर भय का नामोनिशां नहीं है, जबकि ईरान में उनके प्रवेश की मनाही है। उनमें से किसी के भाई के घर पर बम गिरा है, किसी के दादाजी के घर पर। किसी की मां को गोली लगी, क्योंकि वे सड़क पर प्रदर्शन कर रही थीं। लेकिन ये हादसे वे दुख-दर्द में डुबोकर नहीं सुनातीं, वरन ऐसे बताती हैं, जैसे किसी फिल्म की कहानी सुना रही हों; उन्हें किसी की हमदर्दी की जरूरत नहीं है, बल्कि एक समझदार स्वीकार भाव है कि विद्रोह करना है, तो उसकी कीमत चुकानी ही पड़ेगी। वे जितनी खुशमिजाज रहती हैं, उतने तो वे लोग भी नहीं होते, जो तमाम सुविधाओं के साथ जी रहे हैं। यह ताकत कहां से आती है? उन्होंने कहा, ओशो कहते हैं, विद्रोही बनो, गलत से समझौता मत करो। ध्यान से हमें यह ताकत मिली है; और ओशो की किताबें पढ़ने से। ये मिसाल हैं कि आप किसी को जितना दबाएंगे, उतनी ही ज्वाला और धधकेगी।



सम्पादकीय

## चांद के पास इंसान

एक ओर, दुनिया में सबकी निगाह पश्चिम एशिया के युद्ध पर टिकी है, तो दूसरी ओर, चंद्रमा की परिक्रमा के लिए अंतरिक्ष यात्रियों के साथ गया अमेरिकी यान भी चर्चा में है। लगभग 53 साल बाद इस तरह का कोई अभियान संभव हुआ है और नासा ने रविवार को आर्टेमिस 2 मिशन के दल द्वारा ली गई चंद्रमा की एक तस्वीर साझा की है। इस विशेष अंतरिक्ष अभियान का लक्ष्य है – चंद्रमा के चक्कर लगाकर उसके रहस्यमय सुदूर भाग की तस्वीरें खींचना। नासा द्वारा पोस्ट की गई खास तस्वीर में चंद्रमा की डिस्क के दाहिने किनारे पर स्थित पूरा ओरिएंटेल बेसिन दिखाई दे रहा है, जिसे पहले कभी नहीं देखा गया था। यह एक बड़ी वैज्ञानिक कामयाबी है, जिसकी प्रशंसा होनी चाहिए। सबकुछ योजना अनुसार हुआ, तो तीन अमेरिकी और एक कनाडाई अंतरिक्ष यात्री सोमवार को अपने गंतव्य पर पहुंच गये। यहां यह अवश्य याद करना चाहिए कि साल 1972 में अपोलो मिशन के बाद ये चारों अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा की यात्रा करने वाले पहले मानव हैं। यहां से चंद्रमा के प्रति मानव समाज में एक नए वैज्ञानिक लगाव की शुरूआत हो सकती है। इस अभियान की सफलता इसलिए भी जरूरी है कि इससे मानव समाज में विज्ञान के प्रति लगाव बढ़ेगा।

आर्टेमिस 2 चंद्रमा के पास पहुंचने के लिए करीब 4,00,000 किलोमीटर की दूरी तय करी। यान चंद्रमा की सतह पर नहीं जाएगा और न चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश करेगा। यह चंद्रमा की कक्षा से बाहर ही रहते हुए उसकी परिक्रमा करेगा। यह 10 दिन का अभियान 10 अप्रैल को जब संपन्न होगा, तब मानव और चंद्रमा के बीच संबंधों की एक आधुनिक शुरूआत होगी। यह शीतयुद्ध का ही नतीजा था कि अमेरिका और सोवियत संघ के बीच चांद पर पहुंचने की होड़ मची थी। इस होड़ में अमेरिका कामयाब रहा और रूस को अपने अभियान में अपेक्षाकृत कामयाबी नहीं मिली। बाद में अमेरिका भी इस महंगी होड़ से पीछे हट गया। चंद्रमा के अध्ययन से वैज्ञानिकों को कुछ खास हासिल होने की उम्मीद भी नहीं थी। ऐसे में, पांच दशक से भी ज्यादा वक्त बगैर किसी चंद्र अभियान के बीत गया। अब रूस की प्राथमिकता बहुत बदल गई है, तो चीन होड़ के लिए आगे आ गया है। चीन चांद पर मानव भेजने के अपने प्रयासों को अंतिम रूप देने में जुटा है। ऐसे में, अमेरिका को भी चांद पर पहुंचना जरूरी लग रहा है।

### आज विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विशेष लेख

# अच्छी सेहत और लंबी उम्र के राज को यूँ समझे

अच्छी सेहत और लंबी उम्र की चाहत सभी व्यक्तियों की होती है,लेकिन बहुत ही कम लोग इन राज को जानते हैं। स्वस्थ रहने के सूत्र है- स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता चाहिए इसके लिए स्वस्थ रहने के चिकित्सीय व प्राकृतिक नियमों का पालन करें। जो व्यक्ति स्वास्थ्य संबंधी नियमों का पालन करते हैं, उन्हें बीमार पड़ने की चिंता नहीं रहती है, एवं वे बीमार भी नहीं पड़ते हैं, यदि बीमार हो भी जाते हैं, तो जल्द ही स्वतः ठीक हो जाते हैं।



डॉ. बी.आर. नलवाया, (दैनिक अवन्तिका)

जीवन का सही सदुपयोग करने के लिए स्वस्थ रहना बहुत आवश्यक है । ऐसा कहा भी जाता है-- कि पहला सुख निरोगी काया। लंबी उम्र का राज आपकी जीवनशैली में ही छिपा हुआ है। जो सही पोषण एवं जीवन शैली पर ध्यान देने से बहुत सी बीमारियों से बचा जा सकता है। अच्छी सेहत का आसान फार्मूला है- हल्का भोजन करें, गहरी सांस लें, संयम से जिए, खुशी बढ़ाए व बाटते रहें तथा जो भी काम करें वह दिलीय रुचि से करें।

शरीर के रोग विकारों पर विश्व में तेजी से अनुसंधान हो रहे हैं। हमारी सेहत बहुत हद तक इस बात पर निर्भर रहती है, कि हम हर दिन कैसा भोजन करते हैं। भोजन में हर प्रकार की खाद्य सामग्री शामिल होना चाहिए। सेहत दुरुस्त रखने के लिए न केवल मौसमी हरी सब्जियां जरूरी है, बल्कि दूध, दही, घी, मट्ठा, हल्दी ,लहसुन, चुकंदर ,ग्रीन टी, अखरोट, सेब, खट्टे फल आदि इस तरह खानपान में सम्मिलित करने से सेहत अच्छी रहती । साथ ही विभिन्न प्रकार के मोटे अनाज और विभिन्न प्रकार की दालें आदि का सेवन करना भी बहुत जरूरी है।

वर्ष 2023 को इंटरनेशनल मिलेट ईयर घोषित किया गया है। इसीलिए मोटे अनाज (मिलेट)का अभी शासन प्रशासन द्वारा काफी प्रचार प्रसार किया जा रहा है, क्योंकि प्राचीन काल में मोटे अनाजों का प्रयोग सभी घरों में होता रहा है। किंतु वर्तमान में यह परंपरा खत्म हो रही थी।वर्तमान में पिज्जा, बर्गर अर्थात जंकफूड, फास्टफूड, एल्कोहल, सॉफ्ट ड्रिंक्स आदि आज के युवा पीढ़ी की जीवनशैली का हिस्सा बन चुके है। अब पौष्टिक संतुलित आहार लेने से ही हम शरीर को स्वस्थ बनाए रखने में समर्थ हो सकते हैं।

सुबह का नाश्ता पौष्टिकता से भरपूर होना चाहिए, साथ ही यह कोशिश करें, कि हर दिन का नाश्ता अलग-अलग हो। सुबह का नाश्ता करना कभी नहीं भूले, क्योंकि नाश्ता करने से शरीर को काफी मात्रा में ऊर्जा मिलती है, जो आपको सेहतमंद रखने में मदद करती है। कहा जाता है कि यदि आप चुस्त और छरहरे बदन को रखना चाहते हैं तो आपको सुबह का नाश्ता एक शहंशाह की तरह करना चाहिए, दोपहर का भोजन एक राजकुमार की तरह करना चाहिए एवं रात्रि का भोजन एक भिखारी की तरह करना चाहिए। इसके साथ ही सुबह की शुरूवात एक गिलास गुनगुने पानी में नींबू का रस, दालचीनी के टुकड़े या शहद डालकर पिए। इसके कुछ समय पश्चात एक कप ब्लैक टी या ग्रीन टी या हर्बल टी या काफी आदि लेकर अच्छे से नाश्ता करें।

विदेशी जीवनशैली को देखें तो जापान के ओकिनावा में लोग सबसे लंबा जीवन जीते हैं। वहां 55 की उम्र तक लोगों को बच्चा ही माना जाता है ,जब उम्र 97 की हो जाती है, तो वहां व्यक्ति युवावस्था में प्रवेश करता है, क्योंकि जापान के लोग 3 गुना सब्जियां व 2 गुना फल खाते हैं। इसलिए दुनिया में जापान को सबसे लंबी उम्र वाले देशों में गिना जाता है, वहां के लोग न सिर्फ ज्यादा जीते हैं, बल्कि स्वस्थ और सक्रिय जीवन भी बिताते हैं। इटली के सार्डिनिया क्षेत्र में लोग 100 साल तक जीते हैं, इनके आहार में मोटा अनाज, बीन्स व अपने ही बगीचे की सब्जियां होती है। इनके भोजन में भेड़ के दूध से बना पनीर अवश्य होता है जिसमें ओमेंगो- 3 फैटी एसिड उच्च मात्रा में होता है, एवं वाइन का उपयोग यह लोग सीमित मात्रा में ही करते हैं।

कोस्टारिका के निकोया प्रायद्वीप के लोगों के भोजन में बीन्स और मकई जैसे उच्च फाइबर वाले खाद्य पदार्थ होते हैं। इनका रात का खाना दिन से आधा होता है और नाश्ते में चावल और बीन्स से बना आहार लेते हैं ,तथा दिन भर के सभी कामों के लिए यह पैदल चलना ही पसंद करते हैं। ग्रीस (उत्तरी अमेरिका) के लोग स्वस्थ रहने हेतु नियमित रूप से दोपहर की झपकी लेते हैं। नींद की कमी महत्वपूर्ण हार्मोन संतुलन को बिगाड़ सकती है जिससे वजन बढ़ने, अवसाद और ह्रदय रोग की समस्या उत्पन्न होती है। पर्याप्त नींद से तन मन तरो ताजा रहता है इन सभी ध्यानाकर्षण बातों के साथ स्वस्थ रहने के लिए विचार भी उत्तम होने चाहिए, क्योंकि विचारों का प्रभाव सीधे हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है, दूषित विचार मन को विकृत करते हैं, जिसका स्वास्थ्य पर प्रतिकूल व नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

#### स्वस्थ रहने के जरूरी व आसान नियम

- भोजन हमेशा भूख लगने पर एवं निश्चित समय पर ही करें। देरी से पचने वाले गरिष्ट पदार्थ और अधिक मिर्ची मसाले का सेवन स्वास्थ्य हेतु हानिकारक है।
- स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए भोजन मे वे सारे पोषक तत्व होना चाहिए जो मनुष्य के शरीर के पोषण के लिए आवश्यक है।
- भोजन के तुरंत बाद अधिक जल ना पिए व 1 घंटे बाद भरपूर जल पिए। अधिक जल पीने से मोटापा दूर करने में भी सहायता मिलती है।
- भोजन में परस्पर विरोधी चीजें जैसे दूध और उड़द की दाल, केला और छाछ एक साथ ना खाएं।
- भोजन करते समय हमेशा प्रसन्नचित्त रहना चाहिए। इसके साथ ही शुद्ध वायु में अर्थात खुली हवा में सांस लेनी चाहिए। उत्तम स्वास्थ्य के लिए शुद्ध प्राणवायु हेतु प्रातः काल भ्रमण अति आवश्यक है।
- भोजन करने के दौरान खाना खूब चबा चबाकर खाना चाहिए इससे खाना अच्छी तरह पचता है।
- दिन में एक बार अलसी, तेल, सोयाबीन आदि से बने खाद्य पदार्थों का सेवन अवश्य करना चाहिए।
- रात का भोजन हल्का ही होना चाहिए एवं सोने से कम से कम दो-तीन घंटे पहले भोजन जरूर कर लेना चाहिए।
- सूर्य शक्तियों का मूल स्रोत है। सूर्य की किरणों से शरीर के अनेक रोग एवं कीटाणु नष्ट हो जाते हैं एवं सूर्य की उपासना से शरीर निरोगी रहता है।

## शौच-साहित्य

नगरपालिका के उस 'सुलभ' शौचालय की ड्योढ़ी लांघते ही नासिका छिद्रों का साक्षात्कार उस सनातन अमोनिया से होता है, जो हड़प्पा की खुदाई से लेकर आज के डिजिटल इंडिया तक अपनी संप्रभुता अक्षुण्ण बनाए हुए है। यहाँ की वायु में हाइड्रोजन सल्फाइड की वह सघनता है कि यदि कोई सिरफिरा वैज्ञानिक यहाँ माचिस की तीली का 'अग्नि-संस्कार' कर दे, तो आधा जनपद तत्काल सदेह मोक्ष को प्राप्त हो जाए और बचा हुआ आधा हिस्सा सीधे वैकुंठ की वीथिकाओं में 'स्वच्छ भारत' का नारा लगाता मिले। इन पीली पड़ चुकी टाइल्स रूपी चर्म-पत्रों पर जो 'मूत्र-साहित्य' रचा गया है, वह किसी भी केंद्रीय विश्वविद्यालय के शोध-प्रबंध से अधिक मर्मभेदी और कालजयी है। यहाँ की कुंडी-विहीन दीवारों पर 'पिंकी' और 'बबलू' के प्रेम का जो त्रिकोण बना है, उसके बीच से गुजरता तीर दरअसल उस शिक्षित बेरोजगारी का वैश्विक प्रतीक है, जिसने उस अज्ञात कलाकार को इस गंधमयी कंदरा में बैठकर अपनी सृजनशीलता विसर्जित करने पर विवश किया है। यहाँ का हर कोना एक 'ओपन प्रेस-कॉन्फ्रेंस' है, जहाँ व्यवस्था से पराजित नागरिक अपनी पूरी भड़ास उन रिसते हुए नलों और टूटे हुए फ्लश-टैंकों के बीच ऐसे उड़ेलता है, मानो यही उसकी नियति का अंतिम डस्टबिन हो। यहाँ के 'बाथरूम कवि' अपनी हताशा को 'शायरी' का जामा पहनाकर समाज के पाखंड पर ऐसा करारा तमाचा जड़ते हैं, जिसकी गूंज और गंध दोनों ही असहनीय हैं।

इस लघु-ब्रह्मांड में समाज के हर वर्ग का 'अभिव्यक्ति का अधिकार' पूरी नग्नता के साथ अट्टहास करता है। यहाँ दीवारों पर अंकित मोबाइल नंबरों की ऐसी जघन्य सघनता है कि यदि कोई टेलीकॉम कंपनी यहाँ अपना टावर लगा दे, तो पूरा जिला एक-दूसरे की जन्म-कुंडली बांचने लगे और गृह-युद्ध की स्थिति उत्पन्न हो जाए। यहाँ लिखे गए 'काव्य' और 'गालियों' के बीच का फासला उतना ही सूक्ष्म है, जितना कि चुनाव से पूर्व के संकल्प-पत्र और शपथ ग्रहण के बाद की हकीकत के बीच होता है। वह टपकता हुआ नल और जाम पड़ी हुई नाली उस प्रशासनिक भ्रष्टाचार का सजीव और सचल विज्ञापन है।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 07 अप्रैल 2026 मंगलवार
सूर्योदय - 06:17 सूर्यास्त 18:41
वैशाख मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 15:00 से 16:30 तक
तिथि - पंचमी 16:34 उपरांत षष्ठी
नक्षत्र - ज्येष्ठा 05:53 उपरांत मूल
योग - व्यतिपात 16:16 उपरांत वरियान
करण - तैतिल
चन्द्रमा - वृश्चिक में है। 29:53 पर धनु में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - सव्वाल मास 18 तारिख

**मेष-** विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा। पठन-पाठन में मन लगेगा। दूर यात्रा की योजना बन सकती है।

**वृषभ-** मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**मिथुन-** जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। बेचैनी रहेगी। धनार्जन सुगम होगा। वरिष्ठजन सहयोग करेंगे।

**कर्क-** लेन-देन में सावधानी रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार में तनाव रह सकता है। शुभ समाचार मिलेंगे।

**सिंह-** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा।

**कन्या-** परिवार के साथ मनोरंजन का कार्यक्रम बन सकता है। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। बेचैनी रहेगी।

**तुला-** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं।

**वृश्चिक-** व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। थकान महसूस होगी।

**धनु-** बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। काम का विरोध होगा। तनाव रहेगा। ।

**मकर-** कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल होंगे। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**कुंभ-** व्यवसाय ठीक चलेगा। सुख के साधनों पर व्यय हो सकता है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। प्रमाद न करें।

**मीन-** भूमि, भवन, दुकान व फैक्टरी आदि के खरीदने की योजना बनेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा (भरदीवाले) 9926034545

समसामायिक

## आतंकवाद और नक्सलवाद से मुक्ति के बाद भी सतर्कता बेहद जरूरी

देश की आंतरिक सुरक्षा के मोर्चे पर बीते वर्षों में जो परिवर्तन देखने को मिला है, वह निश्चित ही एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में दर्ज किया जाएगा। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने एक बार फिर यह संदेश देने का प्रयास किया है कि उसकी घोषणाएं केवल आश्वासन नहीं, बल्कि संकल्प हैं जिन्हें समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सकता है। कश्मीर में आतंकवाद के प्रभाव में कमी और नक्सलवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई ने लंबे समय से चले आ रहे सुरक्षा संकट को काफी हद तक नियंत्रित किया है। कुछ वर्ष पहले तक लाल चौक जैसे संवेदनशील स्थानों पर आम नागरिकों का बेखौफ आना-जाना भी असंभव प्रतीत होता था, लेकिन आज यहां सामान्य जीवन की वापसी एक सकारात्मक संकेत है। यह परिवर्तन केवल सैन्य कार्रवाई का परिणाम नहीं, बल्कि राजनीतिक इच्छाशक्ति, रणनीतिक समन्वय और सुरक्षाबलों के सतत प्रयासों का समेकित प्रभाव है।



नक्सलवाद के संदर्भ में केंद्र और राज्यों के साझा प्रयासों ने निर्णायक मोड़ लाने का काम किया है। सरकार द्वारा निर्धारित समय सीमा 31 मार्च 2026 तक इस समस्या को समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया था, और इसी दिशा में लगातार अभियान चलाए गए। सुरक्षा बलों की सख्त कार्रवाई, खुफिया तंत्र की सक्रियता और आत्मसमर्पण नीति के प्रभावी क्रियान्वयन ने नक्सली संगठनों की जड़ों को कमजोर किया है। बड़ी संख्या में उग्रवादियों का आत्मसमर्पण इस बात का संकेत है कि हिंसा का रास्ता अब उनके लिए टिकाऊ विकल्प नहीं रह गया है। हालांकि, यह उपलब्धि जितनी महत्वपूर्ण है, उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण इसे बनाए रखना है। इतिहास गवाह है कि जब भी किसी राष्ट्र ने सुरक्षा के मोर्चे पर ढिलाई बरती है, तब अस्थिरता ने पुनः सिर उठाया है। आतंकवाद और नक्सलवाद जैसी चुनौतियां केवल बंदूक की नोक से समाप्त नहीं होतीं; इनके पीछे वैचारिक, सामाजिक और आर्थिक कारण भी होते हैं, जिनका निरंतर समाधान आवश्यक है।

सीमा पार से सक्रिय आतंकी ताकतें भारत की स्थिरता और प्रगति को सहज रूप से स्वीकार नहीं करेंगी। ऐसे में सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता, खुफिया तंत्र की मजबूती और स्थानीय स्तर पर जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक हो जाती है। साथ ही, विकास की धारा को उन क्षेत्रों तक पहुंचाना भी उतना ही जरूरी है, जहां कभी असंतोष ने उग्र रूप लिया था। अंततः, यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि देश आज आतंकवाद और नक्सलवाद से मुक्ति की दिशा में एक मजबूत स्थिति में खड़ा है। लेकिन यह भी उतना ही सत्य है कि सुरक्षा एक सतत प्रक्रिया है, न कि एक बार हासिल कर लेने वाली उपलब्धि। इसलिए सरकार, सुरक्षा बलों और आम नागरिकों सभी को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि शांति और स्थिरता की यह उपलब्धि स्थायी बनी रहे तभी देश वास्तव में एक सुरक्षित, स्थिर और समृद्ध भविष्य की ओर अग्रसर हो सकेगा।



अरविन्द रावल (दैनिक अवन्तिका)

## डेयरी प्रोडक्ट का ज्यादा सेवन इन लोगों के लिए हो सकता है खतरनाक



आज के दौर में हार्ट से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। कम उम्र के लोग भी हार्ट अटैक का शिकार हो रहे हैं। सिर्फ आम लोग ही नहीं, बल्कि बड़े-बड़े सेलिब्रिटी भी हार्ट अटैक की चपेट में आकर जान गंवा रहे हैं। दिल को स्वस्थ रखने के लिए डाइट का अहम योगदान होता है। हमारे खाने-पीने की चीजें हार्ट हेल्थ को सीधे तौर पर प्रभावित करती हैं।

हार्ट हेल्थ को लेकर लोगों के बीच कई सवाल भी घूमते रहते हैं, जिनका सही जवाब अधिकतर लोगों को पता नहीं होता है। इनमें से एक सवाल यह भी है कि क्या दूध, दही, पनीर और अन्य डेयरी प्रोडक्ट्स का सेवन करना हार्ट हेल्थ के लिए खतरनाक होता है। क्या इन चीजों का सेवन करने से हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है?

कंसल्टेंट डॉ। वनीता अरोरा ने बताया कि डेयरी प्रोडक्ट का ज्यादा सेवन करना हाई कोलेस्ट्रॉल के मरीजों के लिए नुकसानदायक हो सकता है। ऐसे मरीजों को कहा जाता है कि अगर वे एक दिन दूध पी रहे हैं, तो उस दिन पनीर या दही न खाएं। जिस दिन पनीर खा लिया हो, उस दिन दूध न पिएं।

अगर किसी दिन दही का सेवन कर लिया हो, तो अन्य डेयरी प्रोडक्ट्स को अवॉइड करें। हाई कोलेस्ट्रॉल के मरीजों को अल्टरनेट तरीके से मॉडरेशन में दूध, दही, पनीर और अन्य डेयरी प्रोडक्ट का सेवन करना चाहिए। इन प्रोडक्ट का ज्यादा सेवन करने से कोलेस्ट्रॉल का लेवल बढ़ सकता है, जिससे हार्ट अटैक, स्ट्रोक समेत कार्डियोवैस्कुल डिजीज का खतरा बढ़ जाता है।

डॉ. वनीता अरोरा का कहना है कि स्वस्थ लोग डेयरी प्रोडक्ट्स का सेवन कर सकते हैं। उनकी हार्ट हेल्थ पर दूध, दही और पनीर का बुरा असर नहीं होगा। जो मरीज कोलेस्ट्रॉल या हार्ट डिजीज से परेशान हैं, उन्हें इन प्रोडक्ट का सेवन सावधानी के साथ करना चाहिए। एक्सपर्ट की मानें तो हार्ट हेल्थ को बेहतर बनाए रखने के लिए लोगों को व्हे प्रोटीन या अन्य प्रोटीन सप्लीमेंट्स का सेवन नहीं करना चाहिए।

इसके अलावा प्री वर्कआउट सप्लीमेंट्स हार्ट को नुकसान पहुंचा सकते हैं। ऐसे में अगर आप जिम जा रहे हैं, तो सप्लीमेंट्स के सेवन से बचें। इन चीजों का सेवन करने से आपकी हार्ट बीट बढ़ सकती है और हार्ट फंक्शन कमजोर हो सकता है। जिम जॉइन करने से पहले लोगों को कार्डियोलॉजिस्ट की सलाह जरूर लेनी चाहिए। अपनी मर्जी से जिम करने और सप्लीमेंट्स लेने से हार्ट अटैक की नौबत आ सकती है

धर्म-आस्था

## क्यों दुःख के समय लोग लेते हैं 'राम' का नाम?

कलियुग में पाप अपने चरम पर है और कहा जाता है कि लोगों पर पाप इतना हावी होगा कि वे भगवान का नाम लेना और धर्म का अनुसरण करना तक भूल जायेंगे। ऐसे में अगर कोई केवल 'राम' का नाम भी लेता है, तो उसे मोक्ष मिलने कैसा फल प्राप्त होगा क्योंकि जब चारों तरफ केवल अन्धकार होगा, तो उसमें केवल भगवान् राम का नाम भी लेना एक उम्मीद की रोशनी होगी। भगवान् राम एक ऐसे अवतार हैं, जो कलियुग में लोगों के लिए आदर्श होंगे क्योंकि विष्णुजी के इस अवतार ने मानव रूप में और अपनी सीमाओं में रहते हुए अधर्म को हराकर धर्म की स्थापना की थी। ऐसे में रावण जहाँ बुराई का सबसे बड़ा प्रतीक बनेगा, वहीं मयार्दा पुरुषोत्तम राम लोगों के लिए धर्मपरायण मार्गदर्शक बनेंगे। यही कारण है कि कलियुग में राम नाम जपना इतना प्रासंगिक और शक्तिशाली माना गया है। इसके अलावा शास्त्रों में राम नाम जपने के और भी लाभ बताये गए हैं, तो चलिए जानते हैं इस बारे में...



### राम नाम जाप की शक्ति

शास्त्रों में भगवान राम के नाम को परम पवित्र मंत्र की तरह माना गया है। रामचरितमानस और अन्य ग्रंथों में राम नाम को मोक्ष देने वाला मंत्र बताया गया है। शास्त्र कहते हैं कि राम नाम में भगवत्ता और शक्ति निहित है। कुछ उपनिषदों और वैदिक परंपराओं में 'शब्द ब्रह्म' यानि किसी नाम या शब्द में ही ब्रह्म के होने का विचार मिलता है। राम नाम को भी इसी श्रेणी में सर्वोच्च माना गया है। पुराणों और धर्मग्रंथों के अनुसार, कलियुग में ज्ञान, तप आदि कठिन हो सकते हैं। इसलिए, राम नाम का जप ही जीव को भवसागर से पार कराएगा।

राम नाम का जाप केवल धार्मिक रूप से ही नहीं, बल्कि आध्यात्मिक, मानसिक और वैज्ञानिक दृष्टि से भी अत्यंत शक्तिशाली साधना है। रामचरितमानस और संत परंपरा में राम नाम को जपना सबसे सरल और प्रभावी साधना बताया गया है। राम नाम के लगातार जाप से मन की अशांति दूर होती है और विचारों में शुद्धता आती है। इस नाम से भय, तनाव और चिंता कम होते हैं। 'राम' नाम का जाप करने से मन की चंचलता कम होती है और ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती है। इस नाम के नियमित जाप से मन में जमा नकारात्मक विचार और भावनाएं समाप्त होती हैं और सकारात्मकता बढ़ती है। जब जीवन में कठिनाई या दुःख आता है, तब 'राम' नाम का जाप मानसिक शक्ति और धैर्य प्रदान करता है। इसके अलावा, राम नाम का जाप करने से व्यक्ति को पापों से मुक्ति और मोक्ष की प्राप्ति होती है। मान्यता है कि भगवान राम का नाम स्वयं उनके स्वरूप के समान शक्तिशाली है। यानी 'राम' का उच्चारण करने मात्र से ही दिव्य ऊर्जा का अनुभव किया जा सकता है।

सबसे अच्छी बात यह है कि राम नाम का जाप करने के लिए किसी विशेष स्थान या समय की आवश्यकता नहीं होती। इसके लिए कोई दीक्षा नहीं लेनी पड़ती, कोई धार्मिक ताम-झाम नहीं करना पड़ता। इस नाम के जाप के लिए कोई कठिन नियम नहीं है। इसे कोई भी, कहीं भी कर सकता है। राम नाम किसी भी जाति, लिंग या आयु के व्यक्ति के लिए उपलब्ध है। इस नाम की महिमा क लिए जप, कीर्तन, स्मरण, या सुनना सभी मार्ग स्वीकार्य हैं। भगवान राम का नाम केवल एक शब्द नहीं, बल्कि शांति और मुक्ति का स्रोत है, जिसकी कलियुग में सबसे अधिक आवश्यकता है।

### इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

### उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1750-3057 चना काबली- 3200-8000, चना बड़ा- 4970-8000, रायडा- 5561-5756, बटला- 1601-3554, सोयाबीन- 3202-5990, तुअर- 2400-4601 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,50,800, रवा- 1,50,700 चांदी- टंच- 2,34,500 पाट- 2,34,000।

### उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

### आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## अधिवक्ता मालवीय पर हमले के विरोध में अभिभाषक संघ ने एसडीओपी को सौंपा ज्ञापन

**महिदपुर।** स्थानीय अभिभाषक संघ के सदस्य अधिवक्ता नागुलाल मालवीय के साथ हुई मारपीट और गंभीर हमले की घटना के विरोध में अभिभाषक संघ ने कड़ा रुख अपनाया है। सोमवार को बड़ी संख्या में संघ के सदस्य एसडीओपी कार्यालय पहुंचे, जहाँ उन्होंने एसडीओपी जेडेन लिंगजेरपा को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जाँच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। अभिभाषक संघ ने घटना की घोर निंदा करते हुए कहा कि एक अधिवक्ता पर इस प्रकार का जानलेवा हमला न्यायपालिका से जुड़े व्यक्तियों की सुरक्षा पर सवाल खड़ा करता है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि मामले की विस्तृत जाँच की जाए और आरोपियों के विरुद्ध तत्काल उचित वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही, संघ ने अधिवक्ता नागुलाल मालवीय और उनके परिवार के लिए सुरक्षा की मांग उठाई है। वकीलों का कहना है कि आरोपीगण परिवार पर दबाव बना सकते हैं या पुनः कोई अप्रिय घटना कारित कर सकते हैं, इसलिए परिवार को पुलिस सुरक्षा मिलना अनिवार्य है। इस दौरान संघ के वरिष्ठ व कनिष्ठ अभिभाषक भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## प्रार्थी हस्ताक्षर अभियान जारी, प्रार्थना पत्र पर जुटे हस्ताक्षर

**सुसनेर।** नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत व्यापक जनजागरूकता देखने को मिल रही है। अभियान के अंतर्गत बड़ी संख्या में नागरिक प्रार्थी हस्ताक्षर पत्र पर अपने नाम, मोबाइल नंबर दर्ज कर हस्ताक्षर कर रहे हैं और गो संरक्षण के समर्थन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं। अभियान से जुड़े कार्यकर्ताओं द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार जनसंपर्क किया जा रहा है। गांव-गांव में बैठकों का आयोजन कर लोगों को अभियान के उद्देश्य से अवगत कराया जा रहा है। इन बैठकों में वक्ताओं द्वारा गो संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया जा रहा है कि भारतीय संस्कृति में गाय का विशेष स्थान है और उसका संरक्षण समाज की जिम्मेदारी है। बैठकों के दौरान उपस्थित नागरिकों को गो सरक्षण का संकल्प भी दिलाया जा रहा है ।लोगों में इस अभियान को लेकर उत्साह देखा जा रहा है और वे बढ़-चढ़कर इसमें भाग ले रहे हैं। कई स्थानों पर युवाओं और महिलाओं की भी सक्रिय भागीदारी सामने आई है। जिससे अभियान को और मजबूती मिल रही है। अभियान के संयोजकों ने जानकारी देते हुए बताया कि 27 अप्रैल को एकत्रित किए गए हस्ताक्षरों के साथ तहसीलदार को प्रार्थना पत्र सौंपा जाएगा। इसके लिए अभी से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं और अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। गो सेवको ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि वे इस अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें और 27 अप्रैल को आयोजित होने वाले अभियान कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर गो संरक्षण के इस प्रयास को सफल बनाएं।

## बदनावर में भाजपा स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं ने लिया जीत का संकल्प



**कठिन संघर्ष से बनी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी, मिठाई बांटी**

**बदनावर।** धार जिले के बदनावर विधानसभा क्षेत्र में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी का 47वां स्थापना दिवस मनाया गया। क्षेत्र के सभी छह मंडलों और बूथ स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में कार्यकताओं ने ध्वजारोहण किया, आतिशबाजी की और मिठाई बांटकर एक-दूसरे को बधाई दी। मुख्य कार्यक्रम नगर मंडल द्वारा बड़ी चौपाटी स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित किया गया, जिसमें पूर्व उद्योग मंत्री राजवर्धनसिंह दत्तीगांव सम्मिलित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजवर्धनसिंह दत्तीगांव ने पार्टी का गौरवशाली इतिहास बताया। उन्होंने बताया कि 6 अप्रैल 1980 को दिल्ली के कोटला मैदान में जनसंघ से भारतीय जनता पार्टी के रूप में हुए उदय के बाद, निष्ठावान कार्यकर्ताओं के कठिन परिश्रम ने इसे विश्व का सबसे लोकप्रिय और बड़ा राजनीतिक दल बनाया है। दत्तीगांव ने कहा कि भाजपा एक राष्ट्रवादी विचार है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को परम वैभव पर ले जाने के लिए संकल्पित है। समारोह का शुभारंभ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। जिला उपाध्यक्ष प्रेमचंद परमार, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री नरेंद्र राठौड़ और नगर मंडल अध्यक्ष मनीष गुर्जर सहित अन्य वक्ताओं ने स्थापना काल के संघर्षों को याद किया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि शेखर यादव, वरिष्ठ नेता अशोक सोनी, उपाध्यक्ष राजेंद्रसिंह पंवार और एल्डरमैन कन्हैयालाल गुर्जर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचालन पार्षद जितेंद्र शर्मा ने किया और आभार प्रदर्शन कन्हैयालाल गुर्जर ने किया।


### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता राहुल पिता हरिनारायणजी जाति कुमावत निवासी ग्राम रणवा तहसील बडनगर जिला उज्जैन द्वारा अनुबंध पत्र पर क्रय की हुई भूमि सर्वे नं. 196 मे से रकबा 0.40 हे. भूमि ग्राम ऊटवास तहसील बडनगर जिला उज्जैन मे स्थित होकर राजस्व रेकार्ड मे भूमि स्वामी चेतन जाति दर्जी का नाम दर्ज होकर उक्त भूमि को विक्रय करने का सौदा किया गया है तथा बयाना की राशि विक्रेता ने मेरे पक्षकार से प्राप्त कर ली है तथा उपरोक्त बिकी की गई भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन किया जाना है यदी उपरोक्त वर्णित भूमि संबधित किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, तथा शासकीय, अर्ध शासकीय, संस्था का ऋण, भार बकाया हो या किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह इस जाहीर सुचना के प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालय मे आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा अवधि समाप्त होने के बाद उक्त भूमि का विक्रय पत्र सम्पादित करा दिया जावेगा बाद मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी / सुचित हो दिनांक -06/04/2026

**पन्नालाल त्रिवेदी एडव्होकेट बडनगर**
**विकास त्रिवेदी (से.प्र.) मो.8871902775**


ब्यावरा विधानसभा में पं.दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 संपन्न

# भाजपा के 6 मंडलों के कार्यकर्ताओं को मिला वैचारिक ऊर्जा व संगठनात्मक मार्गदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।



ब्यावरा विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत सभी मंडलों में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्गों का समापन सुठालिया मंडल के प्रशिक्षण के साथ हो गया। इस व्यापक अभियान के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति और जनसेवा के मूल मंत्र दिए। सुठालिया मंडल का प्रशिक्षण बड़े बागवाले हनुमान मंदिर परिसर में प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मध्यप्रदेश शासन के मंत्री नारायण सिंह पंवार ने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों का पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर वंदे मातरम का सामूहिक गायन हुआ। प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र के ब्यावरा, गींदौरहाट, मलावर, गादिया एवं पीपलहेला मंडलों में दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए गए थे वहीं 5 अप्रैल को सुठालिया मंडल के प्रशिक्षण के साथ पूरे विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों का प्रशिक्षण पूर्ण हो गया।

सुठालिया मंडल के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मंत्री पंवार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार के कार्यों और उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, महिला सशक्तिकरण एवं बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए । उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। मंत्री पंवार ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की जनहितकारी योजनाओं और उपलब्धियों को अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करें। भाजपा की विचारधारा को राष्ट्रवाद, अंत्योदय और सुशासन पर आधारित बताते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय का सिद्धांत पार्टी की कार्यशैली का मूल आधार है, जिसमें समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

सुठालिया प्रशिक्षण में विभिन्न सत्रों में संगठन की रीति-नीति, कार्यपद्धति, अनुशासन, कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि, सोशल मीडिया की भूमिका एवं जनसंपर्क जैसे विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया । इस क्रम में नीलम सक्सेना, दिलवर यादव, दिलीप कुशवाह, मनोज हाड़ा, देवी सिंह एवं जगदीश पंवार सहित अन्य वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षित किया।पूरे प्रशिक्षण वर्ग में कुल 8 सत्र आयोजित किए गए, जिनमें कार्यकताओं को संगठनात्मक मजबूती, वैचारिक स्पष्टता और जनसेवा के प्रति समर्पण का संदेश दिया। प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ, जिससे वे आगामी समय में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए तैयार हैं।

इस प्रकार, सुठालिया मंडल में मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह चौहान के आभार व्यक्त करने के साथ ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत ब्यावरा विधानसभा के सभी मंडलों में प्रशिक्षण संपन्न हुआ, जो संगठन की मजबूती और आगामी चुनावी तैयारियों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा।

भाजपा नेता घर में खिला रहा था लाखों का सट्टा

# आईपीएल पर लगवा रहा था ऑनलाइन दाव, पूर्व जिला महामंत्री सहित चार गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बदनावर



बदनावर पुलिस ने रविवार रात पेटलावद रोड पर एक भाजपा नेता के घर से ऑनलाइन आईपीएल सट्टा खिलाते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से सट्टे में इस्तेमाल लैपटॉप, मोबाइल फोन और लाखों रुपए के लेनदेन से संबंधित दस्तावेज जब्त किए।

टीआई अमितसिंह कुशवाह ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने तत्काल टीम गठित कर दबिश दी। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान शांतिलाल सिर्वी, विनय ठाकुर, आदित्य उर्फ सोनू माहेश्वरी और अभिषेक अग्रवाल के रूप में हुई है। ये सभी बदनावर के निवासी हैं।

पुलिस टीम ने मौके से एक लैपटॉप, चार एंड्रॉइड और दो कीपैड मोबाइल फोन, पेन, पेंसिल, सट्टे के अंक लिखे सात पर्चे और लाखों रुपये के लेनदेन का हिसाब जब्त किया। चारों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

**आरोपी भाजपा का पूर्व जिला महामंत्री**

गिरफ्तार आरोपियों में शांतिलाल सिर्वी भाजपा का पूर्व जिला महामंत्री रह चुका है। विनय ठाकुर भाजयुमो का नगर मंडल महामंत्री और भाजपा से पार्षद रह चुका है। तीसरा आरोपी आदित्य भी युवा मोर्चे से जुड़ा हुआ बताया गया है। टीआई कुशवाह ने यह भी बताया कि क्षेत्र में अवैध सट्टेबाजी के अन्य गिरोह भी सक्रिय हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस तरह की अवैध गतिविधियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## भाजपा के स्थापना दिवस पर होंगे कार्यक्रम, घर घर पार्टी का ध्वज फहराया जाएगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गुना

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को भाजपा के 17 जिलों के नवीन जिला कार्यालय के भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ।इस ऐतिहासिक अवसर पर राजधानी भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव , प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल सहित अनेक वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी अपनी गरिमामयी उपस्थिति देंगे। इस कार्यक्रम को पार्टी द्वारा गुना में अंबेडकर भवन के सामने शुभ विदाई गार्डन में प्रातः ग्यारह बजे से वर्चुअल माध्यम से प्रसारण किया जाएगा जिसमें पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकताओं को आमंत्रित किया गया है ।जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व द्वारा जारी निदेर्शानुसार 6 अप्रैल को पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर सभी कार्यकर्ता अपने घरों पर पार्टी का ध्वज फहराकर अपनी सेल्फी सोशल मीडिया पर अपलोड करेंगे साथ ही जिले के हर बूथ पर पार्टी के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ।जिला एवं मंडल कार्यालयों पर विद्युत सजावट की जाएगी साथ ही पूरे सप्ताह कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे।

## खाद वितरण में लापरवाही बरतने पर 4 विक्रेताओं के लायसेंस निलंबित

**27 विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी**

**गुना।** जिले में खाद वितरण में पारदर्शिता लाने के ई-विकास प्रणाली लागू की गई हैं। जिसके अंतर्गत डबल लॉक केन्द्र, सहकारी समिति, निजी उर्वरक विक्रेताओं द्वारा ई-टोकन के माध्यम से ही सभी प्रकार के खाद का विक्रय किया जाना हैं। लेकिन कई विक्रेताओं द्वारा ई-विकास प्रणाली के नियमों की अनदेखी करते हुये बिना ई-टोकन के कृषकों को खाद विक्रय किया गया। आईएफएमएस एवं ई-विकास पोर्टल से प्राप्त रिपोर्ट में भिन्नता पाये जाने पर जिले के 27 विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाकर स्पष्टीकरण चाहा गया था। उक्त विक्रेताओं में से 04 विक्रेताओं द्वारा उक्त आदेश की अवलेहना/स्पष्टीकरण न प्रस्तुत करने से उनके लायसेंस निलंबित कर दिये गये हैं। निलंबन की इस कार्यवाही के दायरे में मेसर्स अंसार ट्रेडर्स राघौगढ़, मेसर्स मेसर्स आरती कृषि सेवा केन्द्र कुंभराज, मेसर्स प्रियंका ट्रेडर्स बमौरी एवं मेसर्स रुचि ट्रेडर्स रुठियाई शामिल हैं। कलेक्टर किशोर कुमार कन-?याल द्वारा भी सख्त निर्देश दिये गये है कि सभी डबल लॉक केन्द्र, सहकारी समिति, निजी उर्वरक विक्रेता केवल ई-विकास प्रणाली का उपयोग करते हुये खाद विक्रय करें एवं केन्द्रों पर आने वाले कृषकों को भी ई-विकास (ई-टोकन) प्रणाली के बारे में अवगत कराते हुये कृषकों को ई-टोकन जारी करावें। जिले में किसी भी प्रकार से उर्वरकों का विक्रय बिना ई-टोकन प्रणाली के न किया जावें। अन्यथा संबंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जा सकती हैं।

## घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक दुरुपयोग पर कार्रवाई, 6 सिलेंडर जब्त




**आगर मालवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशन में राजस्व एवं खाद्य विभाग के संयुक्त जांच दल द्वारा बड़ौद क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान विभिन्न होटलों एवं रेस्टोरेंट्स से घरेलू गैस सिलेंडर जब्त कर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। संयुक्त जांच दल में जिला आपूर्ति अधिकारी एम.एल. मालवीय, नायब तहसीलदार बड़ौद चंद्रशेखर परमार, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी एन.एस. मूवेल तथा पटवारी परमानंद त्यागी शामिल रहे। जांच के दौरान बस स्टैंड बड़ौद स्थित नियाजी होटल से तीन घरेलू गैस सिलेंडर, अंबिका होटल से एक सिलेंडर तथा गांधी चैक स्थित श्याम रेस्टोरेंट से दो घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। सभी सिलेंडर भारत गैस कंपनी के घरेलू कनेक्शन के पाए गए, जिनका व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा था। प्रशासन द्वारा संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। साथ ही वंदना भारत गैस एजेंसी की भी जांच की गई, जिसमें किसी प्रकार की अनियमितता नहीं पाई गई।

## ई-टोकन प्रणाली से खाद वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश उल्लंघन पर लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई

**कलेक्टर के निर्देश पर उर्वरक दुकानों का निरीक्षण**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा-राजगढ़

कलेक्टर के निदेर्शानुसार जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदारों एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीम द्वारा उर्वरक दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सभी लाइसेंसी उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया कि खाद का वितरण अनिवार्य रूप से ई-विकास पोर्टल एवं ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से ही किया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि किसानों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत पारदर्शी एवं व्यवस्थित तरीके से उर्वरक उपलब्ध कराया जाए। यदि कोई उर्वरक विक्रेता ई-टोकन प्रणाली का पालन नहीं करता है या नियमों का उल्लंघन करता पाया जाता है, तो संबंधित दुकान का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाएगा। इसके बावजूद जिले में कुछ विक्रेताओं द्वारा नियमों का उल्लंघन करते हुए पारंपरिक तरीके से उर्वरक विक्रय किया जा रहा था। प्रशासन द्वारा कार्रवाई करते हुए कुल 16 उर्वरक विक्रेताओं पर दंडात्मक कार्रवाई की गई। विशाल ट्रेडर्स, जीरापुर, श्रीकृष्णा कृषि सेवा केन्द्र, खुजनेर, महादेव इंटरप्राइजेज, बोड़ा, गोपाल ट्रेडर्स ब्यावरा, सांवरिया ट्रेडर्स ब्यावरा, लोधी कृषि सेवा केन्द्र सुठालिया आदि विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित किये गए वही श्री दांगी कृषि सेवा केन्द्र खिलचीपुर, श्रीराम इंटरप्राइजेज खिलचीपुर, हर्षिता इंटरप्राइजेज माचलपुर, राधेकृष्ण ट्रेडर्स खुजनेर, नागर ट्रेडर्स खुजनेर, श्री फलोदी इंटरप्राइजेज पचोर, इफको ई-बाजार, सारंगपुर, कृष्णा ट्रेडर्स ब्यावरा, श्रीबालाजी ट्रेडर्स ब्यावरा, मंडलोई कृषि सेवा केन्द्र सुठालिया आदि विक्रेताओं पर 5-5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने संदीप शर्मा पिता श्री चम्पालाल शर्मा निवासी ग्राम सुवासा तहसील बडनगर जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व एव आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 151/2/2/1 रकबा 0.20 हेक्टर सर्वे नंबर 151/2/2/2/1 रकबा 0.10 हेक्टर सर्वे नंबर 151/2/2/2/2/1 रकबा 0.17 हेक्टर कुल किता 3 कुल रकबा 0.47 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम बनबना तहसील बड़नगर जिला उज्जैन में स्थित है को उनसे मय जमीन तला, हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा किया होकर टोकन राशि अदा कर दी है तथा शीघ्र ही शेष राशि अदा कर उक्त भूमि के विक्रय पत्र का संपादन मेरे पक्षकार अपने हित मे करवाने जा रहे है। उक्त भूमि पर यदि किसी भी व्यक्ति संस्था, शासन, या बैंक अथवा अन्य किसी का भी किसी भी प्रकार का कोई ऋण, भार अथवा कोई व्यवहार किसी भी प्रकार का हो अथवा उक्त भूमि किसी को रहन, या अन्य किसी भी प्रकार से अंतरित या ऋण भारित की हुई हो या किसी भी व्यक्ति की कोई लेनदारी आदि हो तो इस सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालयीन समय में आकर संपर्क करें एवं अपना दावा रखें अन्यथा दशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय पत्र का संपादन अपने हित में करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। इति दिनांक 06.04.2026

**संजय बसंल एडवोकेट**
**सी-5 भरतपुरी प्रशासनिक प्रक्षेत्र**
**पूराने आर.टी.ओ. कार्यालय के पीछे देवास रोड उज्जैन**
**सुबह 11.00 से 06.00 बजे तक समय मोबाईल 98277-92292**


जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत किया गतिविधियों का आयोजन

# मेहंदी और रंगोली के माध्यम से दिया जल संरक्षण का संदेश

अवन्तिका ▸▸ राजगढ़-ब्यावरा




मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत समाज कार्य स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की संपर्क कक्षा का आयोजन महाविद्यालय नरसिंहगढ़ में किया गया। जिसमें उपस्थित छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए परामर्शदाताओं द्वारा विभिन्न सैद्धांतिक विषयों पर मार्गदर्शन किया।

परामर्शदाता हरिओम जाटव ने मध्य प्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल एवं जल स्त्रोतों के संरक्षण के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि सुरक्षित और समृद्ध भविष्य के लिए जल स्त्रोतों का संरक्षण जरूरी है ' उन्होंने बताया कि 'जल गंगा संवर्धन अभियान' केवल एक सरकारी पहल नहीं, बल्कि जल स्त्रोतों के प्रति हमारी कृतज्ञता और भविष्य को सुरक्षित करने का एक जन-आंदोलन है। भारतीय संस्कृति में नदियों और जल स्त्रोतों को 'गंगा' के समान पवित्र माना गया है। इसी भावना को पुनर्जीवित करने के लिए इस अभियान की शुरूआत की गई है। क्योंकि ₹पानी का कोई विकल्प नहीं है। यदि हम आज अपनी जीवनशैली में बदलाव नहीं करेंगे और जल स्त्रोतों को प्रदूषित होने से नहीं बचाएंगे, तो अगला विश्व युद्ध पानी के लिए ही होगा। इसलिए हमें 'बूंद-बूंद संचय' को अपना मूल मंत्र बनाना होगा।

जल ही वह आधार है जिस पर मानव सभ्यता टिकी है। यदि हम अपनी नदियों और तालाबों को 'गंगा' मानकर उनका सम्मान और संरक्षण करेंगे, तभी हम एक सुरक्षित और समृद्ध भविष्य की कल्पना कर सकते हैं। उन्होंने उपस्थित छात्र छात्राओं से आग्रह किया कि वह भी इस अभियान में सहभागिता कर अपने-अपने क्षेत्र में जल संरक्षण हेतु गतिविधियां आयोजित करें और समाज को जागरुक कर अभियान को सफल बनाएं । कक्षा में नवांकुर संस्था ओम शांति महिला मंडल द्वारा छात्राओं के मध्य रंगोली एवं मेहंदी स्पर्धा का आयोजन किया गया जिसमें जल संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर परिषद के विकासखंड समन्वयक खजान सिंह ठाकुर, परामर्शदाता नटवरसिंह, मनीषा सक्सेना, विक्रमसिंह लववंशी, रवि यादव के साथ ओम शांति महिला मंडल की अध्यक्ष हेमा गोयल एवं सचिव विनोद वर्मा व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।


### जाहिर सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने शिवनारायण शर्मा पिता श्री भंवरलालजी शर्मा निवासी- ग्राम आलमपुर उड़ाना जिला, उज्जैन से उनके द्वारा क्रय अनुबंधीत की हुई कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 117/1/1/1 रकबा 0.6468 हेक्टेयर अर्थात 3 बीघा 5 बीसवां स्थित ग्राम चिकली पटवारी हल्का नंबर 70 तहसील बड़नगर जिला उज्जैन में है। जिसके पूर्व में - बाबू पहलवान की भूमि, पश्चिम में कांकड़, उत्तर में रोड़, दक्षिण में - काली बी की भूमि मिली है, को क्रय करने का सौदा किया है और इसके सम्बन्ध में टोकन राशि प्राप्त कर सौदा चिटठी मेरे पक्षकार के हित में निष्पादित किया है। उक्त सौदा चिट्ठी के पालन में मेरे पक्षकार उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का निष्पादन व पंजीयन शीघ्र ही अपने पक्ष में कराने वाले है, यदि उक्त भूमि में अन्य किसी व्यक्ति को कोई स्वत्व, हित, अधिकार प्राप्त हो या उक्त विक्रय व्यवहार के सम्बन्ध मे अन्य किसी को किस प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भूखण्ड पर किसी व्यक्ति, फर्म, बैंक, संस्था एवं कम्पनी का किसी किस्म का कोई भार हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में मुझे सूचित करें और लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें ताकि ऐसी आपत्ति का समुचित निराकरण किया जा सके अन्यथा अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय-पत्र अपने पक्ष में निष्पादित करा लिया जावेगा और इसके पश्चात की जाने वाली कोई भी आपत्ति शुन्य होकर मेरे पक्षकार पर बन्धनकारी नही होगी। दिनांक 06/04/2026

**अखिलेश बाफना, एडवोकेट**
**कार्यालय-111, प्रथम तल, हर्षदीप टॉवर,**
**नानाखेडा पेट्रोल पम्प के पास, उज्जैन**
**मो.न. 9826266570**



### जाहिर सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती काली बी पति नियाज मोहम्मद निवासी ग्राम चिकली तहसील बड़नगर जिला उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे क्रमांक 118 रकबा 1.85 हेक्टेयर अर्थात 9 बीघा 5 बीसवां स्थित ग्राम चिकली पटवारी हल्का नंबर 70 तहसील बड़नगर जिला उज्जैन में है। जिसके पूर्व में - बाबू पहलवान की भूमि, पश्चिम में कांकड़, उत्तर में बलवीर की भूमि, दक्षिण में - शोयब पटेल की भूमि मिली है, को क्रय करने का सौदा किया है और इसके सम्बन्ध में टोकन राशि प्राप्त कर सौदा चिट्ठी मेरे पक्षकार के हित में निष्पादित किया है। उक्त सौदा चिट्ठी के पालन में मेरे पक्षकार उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का निष्पादन व पंजीयन शीघ्र ही अपने पक्ष में कराने वाले है, यदि उक्त भूमि में अन्य किसी व्यक्ति को कोई स्वत्व, हित, अधिकार प्राप्त हो या उक्त विक्रय व्यवहार के सम्बन्ध मे अन्य किसी को किस प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भूखण्ड पर किसी व्यक्ति, फर्म, बैंक, संस्था एवं कम्पनी का किसी किस्म का कोई भार हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में मुझे सूचित करें और लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें ताकि ऐसी आपत्ति का समुचित निराकरण किया जा सके अन्यथा अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय-पत्र अपने पक्ष में निष्पादित करा लिया जावेगा और इसके पश्चात की जाने वाली कोई भी आपत्ति शुन्य होकर मेरे पक्षकार पर बन्धनकारी नही होगी। दिनांक 06/04/2026

**अखिलेश बाफना, एडवोकेट**
**कार्यालय-111, प्रथम तल, हर्षदीप टॉवर,**
**नानाखेडा पेट्रोल पम्प के पास, उज्जैन**
**मो.न. 9826266570**

## तमिलनाडु में 9 पुलिसकर्मियों को फांसी की सजा

**चेन्नई।** तमिलनाडु की मदुरै सेशन कोर्ट ने सोमवार को सथानकुलम कस्टोडियल डेथ केस में 9 पुलिसकर्मियों को मौत की सजा सुनाई। कोर्ट ने इसे 'रेयरेस्ट ऑफ रेयर' बताया। कहा कि अत्यधिक बर्बरता और सत्ता के दुरुपयोग का मामला है। कोर्ट ने सभी दोषियों को मृतकों के परिजन को 1 करोड़ 40 लाख रुपए मुआवजा देने को कहा। यह मामला 2020 का है। छह साल तक सुनवाई चली। इस मामले में कुल 10 आरोपी थे। एक की कोविड के दौरान मौत हो गई। दरअसल,19 जून 2020 को पुलिस ने मोबाइल कारोबारी पी. जयराज (59) और उनके बेटे जे. बेनिक्स (31) को हिरासत में लिया था। आरोप था कि उन्होंने लॉकडाउन के दौरान दुकान खुली रखी थी। दोनों को सथानकुलम पुलिस स्टेशन ले जाया गया। वहां से न्यायिक हिरासत में भेजा गया, जहां कुछ ही दिनों में उनकी मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि दोनों के साथ थाने में रातभर मारपीट की गई। उनके शरीर पर गंभीर चोट और खून बहने के निशान थे। आरोपियों को 23 मार्च 2026 को मदुरै की सेशंस कोर्ट में पेश किया गया था। मद्रास हाईकोर्ट के निर्देश पर राज्य की CB-CID से लेकर CBI को सौंपी गई थी। एजेंसी ने एक इंस्पेक्टर, दो सब-इंस्पेक्टर और अन्य पुलिसकर्मियों समेत 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। जांच के दौरान एक महिला कांस्टेबल ने बयान दिया कि पिता-पुत्र को पूरी रात पीटा गया था। थाने में टेबल और लाठियों पर खून के निशान थे। यह गवाही मामले में अहम सबूत बनी। फर्स्ट एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज जी. मुथुकुमारन ने CBI की दलील को माना कि हिरासत में दोनों को योजनाबद्ध तरह से टॉर्चर किया गया। इसलिए अधिकतम सजा दी गई। हालांकि जांच में यह भी सामने आया कि सथानकुलम थाने का CCTV फुटेज सुरक्षित नहीं रखा गया। रिकॉर्डिंग रोजाना अपने आप डिलीट हो जाती थी, जिससे महत्वपूर्ण सबूत नहीं मिल पाए।

## दिल्ली शराब घोटाला केस में केजरीवाल खुद पैरवी करेंगे

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब घोटाला मामले में सोमवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान केजरीवाल ने इस केस की जज स्वर्ण कांता शर्मा से खुद को अलग करने की मांग की। कहा कि वे खुद दलीलें रखेंगे। अभी तक मैंने किसी को भी अपना वकालतनामा नहीं दिया है। जस्टिस शर्मा ने इस अर्जी को रिकॉर्ड पर लेते हुए इसकी सुनवाई 13 अप्रैल के लिए तय की। साथ ही CBI को कल तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया और कहा कि अन्य कोई पक्ष भी यदि ऐसी अर्जी देना चाहता है तो दे सकता है। CBI ने ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें उसने केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और अन्य 22 आरोपियों को शराब घोटाले केस में बरी कर दिया था। केजरीवाल पत्नी सुनीता के साथ सुबह 11 बजे कोर्ट रूम पहुंचे थे। सुनवाई दोपहर 2:30 बजे शुरू हुई। यह सिर्फ 9 मिनट चली।

## राघव चड्ढा का अंग्रेजी किताब से केजरीवाल पर तंज

मोहाली। राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने आम आदमी पार्टी से चल रहे विवाद के बीच बिना नाम लिए अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है। राघव चड्ढा ने अमेरिकी लेखक रॉबर्ट ग्रीन की किताब द 48 लॉज ऑफ पावर पढ़ते हुए फोटो शेयर की। राघव चड्ढा ने किताब के पहले पन्ने की स्टोरी भी लगाई। जिसमें लिखा कि मैने पहला चैप्टर खोला। जिस पेज को चड्ढा ने शेयर किया है, उसमें किताब में पहला कानून बताया गया है कि अपने मालिक या बॉस से ज्यादा चमकने की कोशिश कभी न करें। हमेशा अपने से ऊपर के लोगों को ऐसा महसूस कराएं कि वे आपसे बेहतर और श्रेष्ठ हैं। उन्हें खुश करने और प्रभावित करने की कोशिश में अपने हुनर या प्रतिभा का जरूरत से ज्यादा प्रदर्शन न करें। चैप्टर में आगे लिखा- अगर आप ऐसा करते हैं, तो इसका उल्टा असर हो सकता है। उनमें डर और असुरक्षा की भावना पैदा हो सकती है। इसलिए अपने वरिष्ठों को वास्तव में जितने हैं, उससे ज्यादा बुद्धिमान और प्रभावशाली दिखने दें। ऐसा करने से आप आखिरकार शक्ति और सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंच सकते हैं। राघव का अब यह सीधा अटैक केजरीवाल पर माना जा रहा है। हाल ही में पूर्व नेता व मशहूर कवि कुमार विश्वास का भी डेढ साल पुराना वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें उन्होंने कहा था कि अगला शिकार राघव चड्ढा होगा क्योंकि वह ज्यादा चमकने लगा है। राघव की यह क्रिप्टिक पोस्ट उसी से जुड़ी मानी जा रही है।

## हरिद्वार में अब नहीं बिकेगा मीट, ऑनलाइन पर भी रोक

**हरिद्वार।** हरिद्वार में अब मीट की दुकानें नहीं खुलेंगी। इसे लेकर नगर निगम की बैठक में सोमवार को प्रस्ताव पास हो गया है। इसमें मीट की दुकानों को शहर से बाहर शिफ्ट करने का फैसला लिया गया। नगर निगम की बोर्ड बैठक में पार्षदों ने सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पास कराया गया। हरिद्वार नगर निगम के कुल 60 पार्षदों में से आज 30 से ज्यादा पार्षद बैठक में मौजूद रहे। मीट पर प्रतिबंध और दुकानों को शिफ्ट करने का प्रस्ताव मेयर किरण जैसल ने रखा था, जिसे सदन ने हरी झंडी दे दी। पार्षदों का तर्क है कि धार्मिक नगरी होने की वजह से शहर के अंदर मांस की दुकानों का चलाया जाना उचित नहीं है।

## हिंदू बनकर लड़कियों को फंसाने वाला फर्जी मेजर अरेस्ट

**कैथल ।** हरियाणा के कैथल पुलिस ने शादी के नाम पर ठगी करने वाले फर्जी आर्मी मेजर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी युवक मुस्लिम है और जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले का रहने वाला है। उसके पास से आर्मी की वर्दी भी बरामद हुई है, जो चडीगढ़ से खरीदी थी। वह मैट्रिमोनियल वेबसाइट पर खुद को आर्मी मेजर बताकर हिंदू युवतियों को फंसाता था। गिरफ्तारी के वक्त वह हिसार की युवती से मिलने जा रहा था,

# गेंहू उपार्जन की सभी तैयारियां दुरूस्त रखें- कलेक्टर

## संकल्प से समाधान अभियान के लंबित आवेदनों का शीघ्र निपटारा करें

दैनिक अवन्तिका » आगर मालवा



जिले में समर्थन मूल्य पर 10 अप्रैल से प्रारम्भ होने वाले गेहूं उपार्जन को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां समय पूर्व पूर्ण करने के निर्देश कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव ने अधिकारियों को दिए। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि उपार्जन से जुड़े सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि खरीदी के दौरान किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी खरीदी केंद्रों पर तौल कांटा, वारदाना, हम्माल, तुलावटी सहित आवश्यक संसाधनों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कृषकों से शासन के दिशा-निर्देशानुसार उपार्जन किया जाए तथा केंद्रों पर किसानों के लिए बैठने, छांव एवं ठंडे पेयजल की समुचित व्यवस्था रहे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि खरीदी के दौरान किसानों से मधुर व्यवहार रखा जाए और उनकी उपज का समय पर तौल सुनिश्चित किया जाए, जिससे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

बैठक में कलेक्टर ने राजस्व एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस एजेंसियों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को बुकिंग के आधार पर निर्धारित दर पर ही एलपीजी गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए तथा घरेलू गैस सिलेंडर की कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई की जाए। होटल एवं रेस्टोरेंट में घरेलू गैस सिलेंडर के उपयोग की जांच करने तथा अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए।

संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने लंबित आवेदनों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा के दौरान शिकायत निराकरण में कमजोर प्रदर्शन वाले विभागों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सभी अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए समय-सीमा में निराकरण करें। किसी भी विभाग की शिकायत नॉन-अटेंड न रहे, अन्यथा संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। लंबे समय से लंबित शिकायतों का एक सप्ताह में शत-प्रतिशत निराकरण करने के निर्देश भी दिए गए।जनगणना-2027 कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने शासन निर्देशानुसार सभी कार्य समय पर पूर्ण करने तथा आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों की ड्यूटी जनगणना कार्य में लगाई गई है, वे अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करें। जनगणना कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को आई-गोट पोर्टल पर कम से कम 10 प्रशिक्षण पूर्ण करने तथा प्रतिदिन शाम 4 बजे तक गूगल शीट में प्रविष्टि करने के निर्देश दिए। साथ ही लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत सेवाएं निर्धारित समय-सीमा में प्रदान करने पर जोर दिया तथा समय-सीमा का पालन न करने वाले अधिकारियों पर शास्ति अधिरोपित करने के निर्देश दिए। एचपीवी वैक्सीनेशन की प्रगति की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य विभाग को निजी विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर पात्र बालिकाओं का टीकाकरण बढ़ाने और लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत बी.एस. सोलंकी, अपर कलेक्टर आर.पी. वर्मा, प्रेम नारायण परमार सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।


### जाहिर सूचना

इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती माया पति श्री सचिन परमार निवासी 184 ग्राम पंवासा, मक्सीरोड, उज्जैन के स्वामित्व स्वत्त्व एवं आधिपत्य का एक मकान / भूखण्ड क्रमांक 3 नगर पालिक निगम क्रमांक 228/5 मेंका भाग स्थित ग्राम पाण्डयाखेड़ी मक्सीरोड तह. व जिला उज्जैन में है जो तीन मंजिला पक्का आर.सी.सी. का बना हुआ है जिसका तल मंजिल का कुल क्षेत्रफल 38.16 वर्गमीटर का है, जिसकी चर्तु:सीमा पूर्व की ओर रमेश खिची का होटल, पश्चिम की ओर- यश मालवीय का मकान एवं दुकान, उत्तर की ओर भवन का शेषभाग देवेन्द्रकुमार एवं श्यामाबाई का, दक्षिण की ओर सडक एवं कालूराम की दुकान तथा पेमाईश लम्बाई-उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व 3.04 मीटर बाद आफसेट 2.74 मीटर बाद 4.58 मीटर व बतरफ पश्चिम 7.62 मीटर, चौडाई पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर 6.10 मीटर व बतरफ दक्षिण 3.36 मीटर। उपरोक्त वर्णित मकान को क्रय करने का अनुबंध किया है तथा बयाना राशि अदा कर दी है शेष राशि अदा कर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री कराई जाना है। यदि उपरोक्त मकान पर किसी भी व्यक्ति का कोई हित, अधिकार हो या मकान कहीं पर भी रहनग्रस्त, भारग्रस्त, दानग्रस्त व प्रतिभूतिग्रस्त अनुबंधग्रस्त, विक्रयग्रस्त, किया हुआ हो या किसी बैंक अथवा पेढी में मार्गेज किया हो अथवा मकान के संबंध में कोई वाद विवाद किसी भी न्यायालय में विचाराधिन हो या मकान विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से सात दिवस में मय लेखी प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद समयावधि व्यतीत होने पर मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय-पत्र की रजिस्ट्री करवा ली जावेगी उसके पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधन कारक नहीं रहेगी। सूचित हो।

इत्ति दिनांक 6/4/2026 स्थान उज्जैन

**राजेन्द्रकुमार जैन ( पालरेचा ) एडवोकेट व नोटरी**
**51, स्नेह दीप, दादाभाई नोरोजी मार्ग, खाराकुंआ उज्जैन**
**मो. 9425091124, 8959999299**

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार मांगीलालजी पिता धूलजी निवासी ग्राम चंदूखेडी तहसील व जिला उज्जैन द्वारा दी गई जानकारी एवं निर्देशानुसार सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार एवं उनकी बहनें सुगनबाई, भंवरबाई एवं चंदरबाई के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नंबर 400 रकबा 0.31 आरे, स्थित ग्राम चंदूखेडी तहसील व जिला उज्जैन पटवारी हल्का नंबर 2 रही है। जिसपर वर्तमान समय में मेरे पक्षकार एवं उनके पुत्र खेती कर रहे है। मेरे पक्षकार को ऐसी जानकारी मिली थी कि उक्त भूमि को फूलचंद पिता धन्नाजी, सौरमबाई पुत्री धन्नाजी उक्त भूमि को विक्रय करने के प्रयास में है। जबकि उक्त भूमि के स्वामी मेरे पक्षकार एवं उनकी बहनें है। इस कारण कोई भी व्यक्ति, बैंक अथवा संस्था उक्त भूमि को न तो क्रय करे और ना ही रहन आदि रखे। यदि किसी व्यक्ति, बैंक अथवा संस्था द्वारा उक्त भूमि को क्रय आदि किया जाता है अथवा रहन आदि रखा जाता है तो ऐसा संव्यवहार शून्य एवं प्रभावहीन होकर मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा और ऐसे संव्यवहार के लिये मेरे पक्षकार संबंधित के विरूद्ध सक्षम न्यायालय में वैधानिक कार्यवाही करेंगे, जिसके होने वाले समस्त हर्जे, खर्चे एवं परिणामों का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित का होगा। सूचित हो। दिनांक: 06/4/2026

**अमित कुमार व्यास एडव्होकेट**
**12, ब्राहम्णगली, बहादुरग्रज, उज्जैन**
**मो. 6269211110**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार म.प्र. राज्य सहकारी बैंक मर्यादित शाखा शहीद पार्क फ्रीगंज उज्जैन शाखा प्रबंधक श्री सुनिल सिंघल ने निम्नलिखित जाहिर सूचना के प्रकाशन हेतु मुझे अधिकृत किया है। अत: इस जाहिर सूचना के द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि 01 यह कि, श्री अतीश दलाल पिता स्व. श्री रविन्द्र दलाल निवासी 3/2 धनवन्तरी मार्ग फीग्रंज उज्जैन के स्वामित्व व आधिपत्य का म्यू. गृ. क्रमांक स्थित 03. धनवन्तरी मार्ग गली नम्बर 2 फ्रीगंज उज्जैन पर स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 42.87 वर्गमीटर है तथा जिसकी चतुर्सीमा पूर्व की ओर गली 3 फीट की, पश्चिम की ओर-धनवन्तरी मार्ग गली नं. 2. उत्तर की ओर खुला भूखण्ड कमलाबाई गौतम का तथा दक्षिण की ओर भवन नरेन्द्र ढेकणे का स्थित है। 02 यह कि, उपरोक्त वर्णित भवन को श्री अतीश दलाल पिता स्व. श्री रविन्द्र दलाल निवासी 3/2. धनवन्तरी मार्ग फ्रीगंज उज्जैन मेरी पक्षकार बैंक में बंधक कर ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रसुत किया है। उपरोक्त वर्णित भवन पर किसी भी शासकीय अर्द्धशासकीय अथवा अन्य किसी के यहां रहन, अनुबंधग्रस्त या विक्रयग्रस्त हो किसी भी प्रकार का भार हो तो वह सम्बंधीत व्यक्ति इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 03 दिवस के अधीन मय दस्तावेज के अथवा मेरी पक्षकार बैंक में लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा अवधि पश्चात किसी प्रकार की कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी। दिनांक 05/04/26

**रसिक सुगन्धी अभिभाषक**
**अप्सरेश्वर महादेव की गली पटनी बाजार उज्जैन**
**मो. 9827560776**


## जल संरक्षण हेतु जनजागरूकता

**आगर मालवा।** जल गंगा सर्वधन अभियान के अंतर्गत जिला आगर मालवा के ब्लॉक आगर, सेक्टर चांदनगांव क्रमांक 05 में सोमवार को जनजागरूकता संबंधी गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर नवांकुर संस्था जन जागृति एवं जनकल्याण सेवा समिति भड़भूंजी के तत्वावधान में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, आदर्श ग्राम खजुरी द्वारा दीवार लेखन कार्यक्रम आयोजित किया गया।


### जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने राजकुमार धीर पिता श्री षिवदर्षनलाल धीर निवासी हाउस म.न. 4, अरिहन्त विक्रम नगर, मेरूदण्ड अपार्टमेन्ट के पीछे उज्जैन (म.प्र.) से उनके एकमेव स्वामित्व एंव आधिपत्य का एक भवन क्रमांक 4 ''अरिहन्त'' विक्रम नगर, मेरूदण्ड अपार्टमेन्ट के पीछे उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है जिसकी पैमाईष-लम्बाई-उत्तर से दक्षिण बतरफपूर्व पश्चिम 15.00 मीटर चौडाई- पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर 6.00 मीटर व बतरफ दक्षिण 8.40 मीटर भवन का कुल क्षेत्रफल 108.00 वर्गमीटर होकर भवन की चर्तु:सीमा-पूर्व दिशा की ओर-भवन क्रमांक 3,पश्चिम दिशा की ओर-सड़क कॉलोनी की, उत्तर दिशा की ओर- सड़क कॉलोनी की व दक्षिण दिशा की ओर-भवन क्रमांक 1 का भाग मिला है के मध्य स्थित भवन को एक मंजिला निर्माण उसमें लगे मटेरियल फिटिंग फिक्चर्स एवं मय तला व हवाई हक व नल व बिजली कनेक्शन मय मीटर डिपाजिट सहित क्रय करने का सौदा किया होकर टोकन राशि अदा कर सौदा चिट्ठी का निष्पादन अपने हित मे करवा लिया है तथा अनुबंध पत्र का सम्पादन करवाया जाना है और अनुबंध पत्र अनुसार शेष राशि अदाकर विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त भवन में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भवन पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक,अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत अनुबंध पत्र निष्पादन के पश्चात विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक:- 06-04-2026 उज्जैन

**श्रीमती नीलम अग्रवाल ( एडवोकेट )**
**एम.ए.एल.एल.बी.**
**61, महाकाल सिंधी कॉलोनी उज्जैन**
**मो. 98264-44002**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूखंड स्वामी श्रीमती मोहसीना बी पति स्व. श्री मोहम्मद युसूफ उम्र 39 वर्ष निवासी 1/3 वीर दुर्गादास मार्ग, गली नंबर 05, गौंसा दरवाजा, उज्जैन म.प्र. से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक 06 भद्रभाउ मार्ग, मुल्लापुरा, बडनगर रोड, उज्जैन में स्थित हैं जिसका कुल क्षेत्रफल 41.31 वर्गमीटर को मय जमीन तला एवं हवाई हक सहित खाली हालत में सभी प्रकार के विवाद एवं ऋण भार से मुक्त अवस्था में क्रय करने का लिखीत अनुबंध किया होकर बयाना राशि दे दी गई हैं। मेरे पक्षकार द्वारा नियत अवधि में शेष धनराशि अदा कर अपने हित में विक्रय पत्र की रजिस्ट्री करवाई जाना हैं। इस सूचना प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता हैं कि उपरोक्त भूखंड के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या किसी विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पर किसी प्रकार कोई ऋण भार टेक्स मेंटेनेंस बकाया हो या उक्त संपत्ति पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, विभाग, बैंक आदि इस सूचना प्रकाशन से 07 दिवस की अवधि मे अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तूत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भूखंड के बाबत अपने हित में रजिस्ट्री करवाली जावेगी व किसी की कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

इति दिनांक 06-04-2026 उज्जैन

**आशीष भदौरिया एडव्होकेट**
**उज्जैन कार्यालय 2, द्रविड मार्ग, कुशलपुरा, उज्जैन**
**मो. 99812-60727**


## 512 किलो डोडाचूरा तस्करी प्रकरण में कड़ी सजा

**आगर मालवा।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह के निर्देशन में जिला आगर मालवा पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी एवं अवैध व्यापार के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना बड़ौद में वर्ष 2021 में दर्ज एनडीपीएस प्रकरण में उत्कृष्ट विवेचना एवं प्रभावी न्यायालयीन पैरवी के परिणामस्वरूप आरोपी को माननीय न्यायालय से कठोर दंड दिलाने में सफलता प्राप्त हुई है। यह कार्रवाई इस बात का प्रमाण है कि आगर मालवा पुलिस न केवल अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने हेतु प्रतिबद्ध है, बल्कि अपराधियों को न्यायालय से दंडित कराने हेतु भी सतत प्रयासरत है। घटना का संक्षिप्त विवरण- दिनांक 26/11/2021 को थाना बड़ौद पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक पंजाब पासिंग ट्रक क्रमांक 8951 में अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा भरकर सुसनेर-कोटा रोड होते हुए अन्य राज्य की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा रामनगर सुसनेर रोड पर बल्डा के पास घेराबंदी की गई। कुछ समय पश्चात उक्त ट्रक को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें 26 कट्टों में भरा कुल 512 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा बरामद हुआ। आरोपी के पास उक्त मादक पदार्थ के परिवहन संबंधी कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए गए। पुलिस द्वारा विधिवत कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ एवं तस्करी में प्रयुक्त ट्रक को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया तथा अपराध क्रमांक 429/2021 धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। माननीय न्यायालय का निर्णय-प्रकरण में जप्ती कार्यवाही उपनिरीक्षक धर्मेंद्र यादव द्वारा की गई एवं विवेचना निरीक्षक विवेक कनोडिया द्वारा संपादित की गई। शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक अशोक कुमार गवली द्वारा प्रभावी पैरवी की गई तथा न्यायालयीन कार्यवाही में आरक्षक महेश परमार का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। प्रस्तुत साक्ष्यों एवं तर्कों के आधार पर माननीय विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) मधुसूदन जंघेल द्वारा आरोपी को दोषसिद्ध पाते हुए 20 वर्ष का सश्रम कारावास ।


### जाहिर सूचना

ग्राम हिंगोन्या तहसील महिदपुर में कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 39/2 42/2, 43, 280, 286/1, 292, 294 कुल सर्वे नम्बर 07 कुल रकबा 6.51 हैक्टयर की कृषि भूमि राजस्व अभिलेखो में वर्ष 2024-25 में मेरे पक्षकारगण विद्या पिता धनसिंहजी जाति आंजना, उम्र 30 वर्ष व्यवसाय कृषि/ गृहकार्य, निवासी ग्राम हिंगोन्या तहसील महिदपुर जिला उज्जैन एवं पूजा पिता धनसिंहजी जाति आंजना, उम्र 29 वर्ष व्यवसाय कृषि/ गृहकार्य, निवासी ग्राम हिंगोन्या तहसील महिदपुर जिला उज्जैन एवं विपक्षी कुलदीपसिंह पिता धनसिंहजी जाति आंजना, उम्र 36 वर्ष व्यवसाय कृषि, निवासी ग्राम हिंगोन्या तहसील महिदपुर जिला उज्जैन मध्यप्रदेश के समान स्वत्व एवं आधिपत्य 1/3 - 1/3 के मान से राजस्व अभिलेखो में स्थित थी। मेरे पक्षकारगण को ऑनलाईन उक्त कृषि भूमियों का रेकार्ड देखने पर यह जानकारी प्राप्त हुई कि उक्त कृषि भूमियों का विपक्षी कुलदीपसिंह द्वारा अवैध रूप से मेरे पक्षकारगण के स्थान पर अन्य महिलाओं को खडा कर अवैध रूप से छल कपट के माध्यम से बटवारा करवा कर सम्पूर्ण कृषि भूमियों में से मात्र भूमि सर्वे नम्बर 280/2 रकबा 0.50 हैक्टयर कृषि भूमि पर मेरे पक्षकारगण का नाम अंकित रखा तथा शेष कृषि भूमियों सर्वे नम्बर 39/2 42/2 43, 280/1 286/1, 292, 294 कुल सर्वे नम्बर 07 कुल रकबा 6.01 हैक्टयर पर विपक्षी कुलदीपसिंह के द्वारा अपना स्वयं का नाम अंकित करवा लिया है। उक्त जानकारी होने पर मेरे पक्षकारगण के द्वारा अवैध बटवारा प्रकरण कमांक 44अ27/2024-25 में पारित आदेश दिनांक 04-04-2025 के विरूद्ध न्यायालय श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय, राजस्व महिदपुर के समक्ष प्रथम राजस्व अपील प्रस्तुत की गई है, जो कि वर्तमान में विचाराधीन है। मेरे पक्षकारगण को विश्वस्त सुत्रो से ज्ञात हुआ है कि उक्त कृषि भूमियों को विपक्षी कुलदीपसिंह के द्वारा अवैध तरिके से किसी अन्य व्यक्ति को विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है। विधि अनुसार विपक्षी कुलदीपसिंह के द्वारा अन्य महिलाओं को मेरे पक्षकारगण के स्थान पर खडे कर जो अवैध बटवारा कराया गया है. वह विधि रूप से नही होने से उक्त अवैध बटवारे के माध्यम से अवैध रिती द्वारा विपक्षी कुलदीपसिंह के नाम पर जो कृषि भूमियां वर्तमान राजस्व अभिलेखो में स्थित है, उक्त कृषि भूमियों को विपक्षी कुलदीपसिंह को अन्य किसी व्यक्तियों को विक्रय करने का अधिकार प्राप्त नहीं है। अतएव सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त कृषि भूमियों सर्वे नम्बर 39/2 42/2 43, 280/1 286/1 292, 294 कुल सर्वे नम्बर 07 कुल रकबा 6.01 हैक्टयर के सम्बंध में कोई भी व्यक्ति, संस्था आदि उक्त भूमि स्वामीयों से किसी भी प्रकार का संव्यवहार क्रय/विक्रय आदि न करे, अन्यथा उक्त व्यक्ति, संस्था के विरूद्ध भी सक्षम न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया जा रहा है, जिसमें होने वाले समस्त हर्जे खर्चे का दायित्व उक्त व्यक्ति या संस्था का होगा। सो सूचित हो। इति दिनांक:-06-06-2025

**दीपक लश्करी एडव्होकेट**
**कार्यालय 9. लक्ष्मीबाई पथ, छीपा बाखल, महिदपुर**
**जिला उज्जैन मध्यप्रदेश मो. 90093-20805**

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार की ओर से इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण एवं संबंधित को सूचित किया जाता है कि भवन क्रमांक 49, किशनपुरा, गली नम्बर 11, कालिदास मार्ग पथ क्रमांक 05, उज्जैन कुल क्षेत्रफल 56.55 वर्ग मीटर होकर इसके पूर्व में रास्ता कॉलोनी का, पश्चिम में गली, उत्तर में मकान चैनसिंह मिमरोट का तथा दक्षिण में मकान दीपक सिसोदिया का मिला है। उपलब्ध कराये दस्तावेज अनुसार उक्त भवन की वर्तमान स्वामी श्रीमती रूकमणीबाई देवतवाल पति सुरेश देवतवाल निवासी उज्जैन हैं तथ नगर निगम के रेकार्ड में भी इनका नामांतरण दर्ज है। मेरे पक्षकार ने उक्त श्रीमती रूकमणीबाई देवतवाल से उक्त सम्पत्ति को क्रय करने का सौदा किया है तथा बयाना राशि अदा कर दी है और रजिस्ट्री करवाई जाना शेष है। अत: सूचित किया जाता है कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का भी कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या इसके संबंध में कोई पारिवारिक विवाद या आपत्ति हो या इस पर अन्य किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पेढी, आदि का कोई लेना देना बकाया हो या इसके स्वामित्व या कब्जे या विक्रय के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो या किसी भी न्यायालय में कोई वाद विवाद हो या अन्य किसी से कोई सौदा आदि किया हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से 2 दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सके। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति पर उपरोक्त वर्तमान स्वामी का टायटल क्लीयर मानते हुए उक्त सम्पत्ति की रजिस्ट्री कराने के लिये अग्रसर होंगे तथा इसके बाद किसी भी प्रकार की आपत्ति या दावा मेरे पक्षकार के स्वत्वाधिकारों के समक्ष प्रभावशून्य एवं अवैधानिक होगा। ये वो तारीख है 07.04.2026

**रवि एस. मित्तल, एडवोकेट**
**कार्यालय डी-11, भरतपुरी कॉम्पलेक्स देवास रोड़, उज्जैन मो. 98260-85675, 94068-85675**

## सड़क हादसों में दो लोगों ने जान गवाई

**मन्दसौर।** जिले में हुए दो सड़क हादसों में दो लोगों ने अपनी जान गवाई। प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के सुवासरा थाना क्षेत्र के 4 लेन उज्जैन गरोठ रोड़ झोटावली के पास कार नं. आरजे 45 सीवी 2972 के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर मोटर साइकिल को टक्कर मार दी। इस दौरान फरियादी के पिता कालूराम सूर्यवंशी निवासी किशोरपुरा की इलाज केदौरान मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि यह हादसा विगत 4 अप्रैल का है जिसकी रिपोर्ट फरियादी दीपक सूर्यवंशी निवासी किशोरपुरा ने की। एक अन्य हादसा नारायणगढ़ थाना क्षेत्र के तुरकिया डोरवाड़ा आमरोड़ पर ओमनी कार क्र. आरजे 35 यूए 0558 की टक्कर से मोटरसाइकिल क्र. एमपी 14 एमएच 9758 सवार की मृत्यु हो गई। पुलिस ने दोनों प्रकरणों में वाहन के अज्ञात चालक के विरूद्ध बीएनएस की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया।

## एनडीपीएस एक्ट में फरार आरोपी गिरफ्तार

**मन्दसौर।** जिले के शामगढ़ थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट और हत्या के प्रयास जैसे गंभीर मामलों में फरार इनामी बदमाश यशवंत सिंह उर्फ जसवंत को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी पर 5 हजार रुपये का इनाम घोषित था और वह मध्य प्रदेश सहित राजस्थान के कई थानों में वांछित था। पुलिस टीम ने कॉम्बिंग गश्त के दौरान उसे दबोचा। इसी प्रकार एनडीपीएस एक्ट के एक अन्य प्रकरण में फरार आरोपी लक्ष्मण सिंह निवासी गरडा को भी गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न थानों में मादक पदार्थों की तस्करी और आर्म्स एक्ट के कई आपराधिक रिकॉर्ड दर्ज हैं।

## केबल चुराने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मन्दसौर।** भावगढ़ थाना पुलिस ने क्षेत्र की पवन चक्कियों से केबल चोरी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को पकड़ा है। ग्राम बेहपुर स्थित पवन चक्की के गार्ड सुपरवाइजर की रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अंकित भील निवासी रतलाम को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ के बाद उसकी निशानदेही पर 1 लाख 80 हजार रुपये कीमत की 90-90 फीट लंबी दो कॉपर केबल बरामद की गई हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था। थाना प्रभारी वरसिंह कटारा ने बताया कि फरार अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## जिले में 18 से 30 अप्रैल तक चलेगी स्व-गणना

**मन्दसौर।** जनगणना 2027 के प्रथम चरण की तैयारियों को लेकर कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी अदिति गर्ग की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बताया गया कि जिले में 18 से 30 अप्रैल तक नागरिक स्व-गणना के माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसके पश्चात 1 मई से 30 मई तक प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर मकान सूचीकरण और गणना का कार्य किया जाएगा। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आमजन को स्व-गणना के प्रति जागरूक करें। जनगणना निदेशालय द्वारा कचरा संग्रहण वाहनों, शासकीय कार्यालयों के डिस्प्ले और सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे जनगणना कार्य में प्रगणकों को सही और पूर्ण जानकारी प्रदान कर अपना राष्ट्रीय कर्तव्य निभाएं।


## शहर की अटल बस्ती को मिली सीसी रोड


**नीमच।** शहर की मूलचंद मार्ग से लगी हुई अटल बस्ती में नगर पालिका द्वारा सीसी रोड का निर्माण किया गया द्य जो यहां के रहवासियो के लिए एक सौगात से कम नहीं है। सड़क नाली निर्माण के बाद अटल बस्ती पहुंची नपाध्यक्ष स्वाति चौपड़ा ने रहवासियों से भेंट की। इस समय रह वासियों ने उन्हें फूलों की माला पहन कर अपनी प्रसन्नता व्यक्ति करते हुए धन्यवाद दिया। नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा के नेतृत्व में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सड़क निर्माण कार्य जारी हैद्य कार्यों एवं सड़क चौड़ीकरण कार्य भी हो रहा है।

# आधुनिक सिगनलिंग, सुरक्षा प्रणाली कवच से ट्रेन का सफर हुआ ओर अधिक सुरक्षित

## पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल ने रचा इतिहास

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम





वर्ष 2025-26 पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल के संकेत एवं दूरसंचार विभाग के लिए उपलब्धियों से परिपूर्ण रहा। आधुनिक सिग्नलिंग, स्वदेशी ट्रेन सुरक्षा प्रणाली च्कवचज के सफल क्रियान्वयन तथा यात्री सुविधाओं के विस्तार के माध्यम से मंडल ने सुरक्षा, संरक्षा और तकनीकी उन्नयन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इन उपलब्धियों के पीछे मंडल रेल प्रबंधक रतलाम श्री अश्विनी कुमार का कुशल मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर (समन्वय) श्री आर.एस. मीना के नेतृत्व के साथ विभाग के अधिकारियों, पर्यवेक्षकों एवं कर्मचारियों की कर्तव्यनिष्ठा और अन्य विभागों के साथ बेहतर समन्वय का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

दिल्लीझमुंबई ट्रंक रूट पर स्थित रतलाम मंडल के गोधराझनागदा सेक्शन में 224.49 रूट किलोमीटर पर ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग प्रणाली सफलतापूर्वक चालू की गई है। इसमें वर्ष 2024-25 में कमीशन किए गए कांसुधीझपिपलोद सेक्शन के 28 किलोमीटर भी शामिल हैं। यह रतलाम मंडल का पहला ऐसा खंड है, जहां ऑटोमेटिक सिग्नलिंग प्रणाली लागू की गई है, जिससे ट्रेन संचालन अधिक सुरक्षित और सुगम हुआ है।

यात्री सुरक्षा को और सुदृढ़ करते हुए, स्वदेशी ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया गया है। यह प्रणाली कुल 224 रूट किलोमीटर (रतलाम मंडल में 154 किमी एवं वडोदरा मंडल में 70 किमी) को कवर करती है। इसका औपचारिक उद्घाटन 30 मार्च 2026 को किया गया, जो रेलवे सुरक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

सिग्नलिंग प्रणाली की विश्वसनीयता एवं गुणवत्ता में सुधार के लिए मंडल के ११ स्टेशनों–जावरा, ढोढर, कचनारा, दलौदा, लिमखेड़ा, उज्जैन, उज्जैन च्सीज, बेरछ, मंदसौर, मेघनगर एवं रतलाम पूर्व–पर पारंपरिक पैनल इंटरलॉकिंग प्रणाली को अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली से प्रतिस्थापित किया गया है। इस प्रकार एक ही वर्ष में 11 स्टेशनों पर इंटरलॉकिंग सिस्टम का उन्नयन एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

ट्रेन संचालन को और अधिक सुगम बनाने के उद्देश्य से सिग्नल दृश्यता में सुधार किया गया है। सिग्नल साइटिंग कमेटी की सिफारिशों के अनुसार वर्ष 2025-26 में 27 राइट हैंड साइड सिग्नलों को लेफ्ट हैंड साइड में स्थानांतरित किया गया है। 31 मार्च 2026 तक कुल 45 सिग्नल अभी भी राइट हैंड साइड पर स्थित हैं, जिन्हें चरणबद्ध तरीके से स्थानांतरित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मक्सी, चंदेरिया एवं शुजालपुर स्टेशनों पर कोच गाइडेंस डिस्प्ले बोर्ड, मल्टीलाइन ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड एवं च्एट ए ग्लांसज्ज डिस्प्ले बोर्ड स्थापित किए गए हैं। डॉ. अंबेडकर नगर स्टेशन पर भी आधुनिक सूचना प्रणाली विकसित की गई है, जिसमें 5-लाइन मल्टीलाइन डिस्प्ले बोर्ड, 4 सिंगल लाइन डबल फेस डिस्प्ले बोर्ड तथा प्लेटफॉर्म 1 एवं 3 पर कोच गाइडेंस बोर्ड लगाए गए हैं। साथ ही प्लेटफॉर्म संख्या २ के कोच गाइडेंस बोर्ड को भी नवीन प्रणाली से प्रतिस्थापित किया गया है।

सुरक्षा को और मजबूत करते हुए 61 स्टेशनों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। यह कार्य रेल टेल कॉर्पोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड द्वारा वीडियो सर्विलांस सिस्टम के अंतर्गत किया गया है, जिसमें 8 स्टेशन निर्भया फंड के तहत शामिल हैं।

इन सभी पहलों के माध्यम से पश्चिम रेलवे का रतलाम मंडल न केवल सुरक्षा एवं तकनीकी उन्नयन में अग्रणी बन रहा है, बल्कि यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और आधुनिक यात्रा अनुभव प्रदान करने के अपने संकल्प को भी सशक्त कर रहा है।

# भाजयुमो प्रदेश महामंत्री के रूप में विप्लव जैन का प्रथम रतलाम आगमन होगा

## वाहन रैली निकालकर किया जाएगा स्वागत

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम



भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बनने के बाद विप्लव जैन 7 अप्रैल को रतलाम आएंगे। युवा मोर्चा में पहली बार रतलाम के युवा को प्रदेश स्तर पर इतना महत्वपूर्ण दायित्व मिलने से कार्यकताओं में हर्ष है। वे वाहन रैली निकालकर युवा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री का जोरदार स्वागत करेंगे।

भाजयुमो प्रदेश महामंत्री विप्लव जैन की वाहन रैली मंगलवार को शाम 4 बजे कालिका माता मंदिर परिसर से आरंभ होगी। रैली मेहंदीकुई बालाजी, नगर निगम चौराहा, कॉलेज रोड़, नाहरपुरा, डालुमोदी बाजार, माणकचौक, घांस बाजार, चौमुखीपुल, चांदनी चौक, तोपखाना, गणेश देवरी, धानमण्डी, शहीद चौक, लोकेन्द्र टॉकीज से होकर न्यू रोड़ स्थिति युवा मोर्चा कार्यालय पहुंचकर समाप्त होगी। भाजयुमो जिला, प्रदेश, मंडल के पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से इस दौरान अधिक से अधिक उपस्थित रहने का आव्हान किया है। प्रदेश महामंत्री विप्लव जैन सोमवार को भोपाल में आयोजित भाजयुमो प्रदेश की नवनियुक्त कार्यकारिणी की परिचय बैठक में शामिल हुए और वरिष्ठ नेताओं का नियुक्ति के लिए आभार जताया।

इसके बाद वे रतलाम के लिए रवाना हो गए। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर, मोर्चा प्रभारी मनोरंजन मिश्र आदि उपस्थित रहे।मंत्री अजय जामवाल, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर आदि उपस्थित रहे।

## सेवा कार्यों में उत्कृष्ट योगदान के लिए संतोष मेडतवाल हुए सम्मानित

**जावरा ।** समाजसेवी एवं लायंस क्लब के सक्रिय सदस्य संतोष मेडतवाल को लायंस क्लब इंटरनेशनल के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष ए पी सिंह द्वारा प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय अध्यक्षीय अवार्ड से सम्मानित किया गया। अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि संतोष मेडतवाल ने मिशन 1.5 के अंतर्गत मानव सेवा, सामाजिक सरोकार और जरूरतमंदों के लिए किए गए कार्यों से लायंस इंटरनेशनल के मूल उद्देश्यों को मजबूती प्रदान की है। उनके समर्पण, नेतृत्व क्षमता और सेवा भावना ने न केवल क्लब के सदस्यों बल्कि समाज के अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया है। अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने संदेश में उल्लेख किया कि संतोष मेडतवाल के अथक प्रयासों और करुणा से समाज में सकारात्मक परिवर्तन आया है ।तथा उनके द्वारा किए गए कार्य मानवता की सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी वे इसी प्रकार सेवा कार्यों को आगे बढ़ाते हुए अधिक व्यापक मानवीय प्रभाव स्थापित करेंगे। क्लब पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने मेडतवाल को बधाई दी।

# रंजिश के चलते युवक की चाकू गोदकर हत्या

## बरगुण्डा समाज ने गांधी चौराहे पर शव रखकर किया प्रदर्शन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंदसौर



स्थानीय गांधी चौराहा क्षेत्र में रविवार देर रात आपसी विवाद ने खूनी मोड़ ले लिया, जहाँ 19 वर्षीय युवक अरुण वर्मा की चाकू से गोदकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। हमला इतना भीषण था कि युवक के पेट के अंदरूनी अंग तक बाहर निकल आए थे। गंभीर हालत में उसे प्राथमिक उपचार के बाद रतलाम मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहाँ मध्य रात्रि में उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलते ही शहर में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में लोग जिला अस्पताल में एकत्र हो गए, जिन्हें पुलिस को नियंत्रित करना पड़ा।

पुलिस जांच और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज से यह बात सामने आई है कि नरसिंहपुरा निवासी अरुण का रोहित भाटी और युवराज माली नामक युवकों से पिछले एक महीने से विवाद चल रहा था। रविवार रात करीब 11 बजे जब दोनों पक्ष आमने-सामने आए, तो आरोपियों ने अरुण को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा और उस पर ताबड़तोड़ चाकू से हमला कर दिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सीएसपी जितेंद्र कुमार भास्कर और कोतवाली थाना प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह राठौर ने घटनास्थल का मुआयना किया और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें गठित कर उनके ठिकानों पर दबिश देना शुरू कर दिया है।

इस जघन्य हत्याकांड के विरोध में सोमवार को बरगुण्डा समाज का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित समाजजनों ने अरुण की शव यात्रा को गांधी चौराहे पर रोककर जोरदार प्रदर्शन किया और चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रशासन को सौंपे गए ज्ञापन में आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने, उनके अवैध अतिक्रमणों पर बुलडोजर चलाने और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की पुरजोर मांग की है। समाज के कड़े रुख और हंगामे को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है, जिसके बाद ही स्थिति को संभाला जा सका। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश जारी है।

### 135 ली. शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**मंदसौर।** स्थानीय बनिया चौक भोईवाड़ा पर पुलिस ने एक युवक के कब्जे से 135 ली. शराब जब्त की। मंदसौर कोतवाली पुलिस ने इस प्रकरण में आरोपी विजय पिता रामचन्द्र निवासी बनिया चौक को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध 34(2) आबकारी एक्ट में प्रकरण दर्ज किया।

**पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल**

संख्या: W/623/5/1/NIT | **ई-टेण्डरिंग नोटिस** | दिनांक: 02.04.2026

मण्डल रेल प्रबंधक/मण्डल कार्यालय (कार्यलेखा शाखा) पश्चिम रेलवे, रतलाम भारत के राष्ट्रपति की और से निम्नलिखितकार्य के लिये **"खुली निविदा"** ई-निविदा के माध्यम से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर आमंत्रित करते है- विवरण इस प्रकार है- **क्र.सं.: 1. ई-टेंडरिंग संख्या: RTM-2025-26-206. कार्य का नाम:** Ratlam Division - Providing cast in situ boundary wall between SPBG-UJN, UJN-PAWASA, UJN-VRG, FTD Total 7.87 km. in connection simahashtha 2028. **अनुमानित लागत:** रु. 6,05,95,800.62. **बयाना राशि:** रु. 12,11,900/-. **कार्य समापन अवधि:** 08 माह। **क्र.सं.: 2. ई-टेंडरिंग संख्या: RTM-2025-26-164R. कार्य का नाम:** Execution of Work in RTM Division - (Composite Work -Civil + Electrical) **1.** Ratlam Division - Civil Work in C/with Upgradation and Replacement of Telecom Passenger Amenities at 09 Stations (Simhastha 2028). **2.** Ujjain - Civil Work in C/with -Upgradation and Replacement of Telecom Passenger Amenities and Various Facilities in Connection of Simhastha 2028. **अनुमानित लागत:** रु. 1,70,77,184.77. **बयाना राशि:** रु. 3,41,600/-. **कार्य समापन अवधि:** 10 माह। **अनुमानित मात्रा सभी टेंडर के लिए:** As per tender schedule. **ऊपर दिए गए सभी टेंडर के लिए वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि: 02.04.2026. ऊपर दिए गए सभी टेंडर के लिए निविदा खुलने की तिथि: 27.04.2026.** विस्तृत निविदा सूचना, अहाता शर्ते एवं अन्य शर्ते वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **SPAN/5/1/531**

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें : X.com/WesternRly

# अफीम तौल की नई प्रणाली को लेकर किसानों के हित में कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नीमच



जिले में अफीम तौल प्रक्रिया के दौरान लागू की गई नई एसटीडी/डब्ल्यूएम प्रणाली को लेकर किसानों में गहराता असंतोष अब खुलकर सामने आने लगा है। इसी के तहत जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती के नेतृत्व में कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को नारकोटिक्स उपायुक्त निखिल कुमार गांधी से मुलाकात कर किसानों की विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उठाया और विस्तृत ज्ञापन सौंपते हुए त्वरित समाधान की मांग की।

प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन में बताया कि विभाग द्वारा बिना पूर्व सूचना के अचानक लागू की गई स्ञ्झष्ठ/ड्ढरू तौल प्रणाली से किसानों में भारी भ्रम की स्थिति बनी हुई है। किसानों को यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि उनकी अफीम किस गुणवत्ता श्रेणी में दर्ज की जा रही है, तौल के दौरान किस आधार पर कटौती की जा रही है और उन्हें वास्तविक लाभ या नुकसान कितना हो रहा है। स्थिति यह है कि तौल केंद्रों पर मौजूद अधिकारी भी किसानों को संतोष जनक जानकारी देने में सक्षम नहीं हैं, जिससे किसानों की चिंता और बढ़ गई है। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने तौल प्रक्रिया में अपनाई जा रही हाथ से जांच प्रणाली पर भी कड़ा एतराज जताया। उनका कहना था कि जब विभाग स्वयं यह दावा करता है कि अफीम की गुणवत्ता का अंतिम निर्धारण लैब की मशीनों द्वारा किया जाएगा, तो तौल केंद्रों पर अधिकारियों द्वारा हाथ से जांच कर उसे घोषित करना पूरी तरह अनुचित और अवैज्ञानिक है। प्रतिनिधि मंडल ने मांग की कि या तो तौल के समय ही मशीन से गुणवत्ता जांच सुनिश्चित की जाए या फिर हाथ से जांच की प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाए। ज्ञापन में अफीम नीति में मौजूद दोहरे मापदंडों को भी किसानों के साथ अन्यायपूर्ण बताया गया। कांग्रेस प्रतिनिधियों ने कहा कि वर्तमान में किसानों को उनकी उपज का भुगतान गाढ़ता के आधार पर किया जा रहा है, जबकि उनके पट्टे की पात्रता मार्फीन की मात्रा पर निर्भर करती है।

## न्यूज कालम



### सेवा निवृत्त एवं पेंशनर महासंघ तथा साहित्य परिषद की बैठक संपन्न

**पिपलिया मंडी।** स्थानीय सेवानिवृत एवं पेंशनर महासंघ एवं साहित्य परिषद की मासिक बैठक कार्यालय गांधी चौराहा स्थित कार्यालय पर श्री चंद्र कांत शर्मा जिला सचिव एवं श्री कोमलचंद्र वर्णवार कोषाध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य व श्री पंकज शर्मा तरुण की अध्यक्षता में दिनांक 5 अप्रैल को शाम चार बजे आयोजित की गयी। जिसमें सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा सरस्वती एवं भारतमाता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजन किया गया। संघ का प्रेरणा गीत श्री हरिसिंह यादव उपाध्यक्ष ने प्रस्तुत किया तथा सभी सदस्यों द्वारा समवेत स्वर में गा कर बैठक का शुभारंभ किया गया। बैठक में पेंशनर्स मिलन एवं सह भोज के आयोजन हेतु प्रस्ताव रखा गया,सवार्नुमति से माह मई में दिनांक 3 मई के दिन यह आयोजन रखने हेतु निर्णय लिया गया।उपस्थित सभी सदस्यों ने अपने अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किए गए।इस कार्यक्रम का आयोजन खात्याखेड़ी मार्ग पर स्थित श्री भंवर सैनी फौजी के कृषि फार्म पर करने की सहमति हुई। बैठक का अंत स्वल्पाहार एवं चाय के पश्चात सभी सदस्यों का आभार श्री कन्हैयालाल कारपेंटर द्वारा व्यक्त किया गया।

### भाजपा का स्थापना दिवस मनाया



**पिपलिया मंडी।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा पिपलिया मंडल मंडल अध्यक्ष श्री राकेश गोयल के नेतृत्व में पंडित दीनदयाल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर भाजपा विजय के जय घोष के साथ पिपलिया मंडी टीलाखेड़ा बालाजी पर मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता शिवलाल सोलंकी, रूपचंद होतवानी, राकेश पाटीदार, सुनील देवरिया, भारत सिंह सोनीगरा, श्यामलाल बोराना ,गोविंद पोरवाल, मनोहर काबरा, दिलीप गोयल, हेमंत पाटीदार, देवीलाल गुर्जर, राजेंद्र भारद्वाज, मनोहर महामाया, जगदीश मालवी, ललित कसेरा, बलराम सोलंकी, अशोक गुर्जर, अजय बोराना, विजय माली सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गेंहू खरीदी में लेटलतीफी को लेकर 9 अप्रैल को जिला कांग्रेस का हल्लाबोल




**मल्हारगढ़ ।**प्रदेश की भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है।गेंहू खरीदी की तारीख पर तारीख से किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त है।उक्त बात मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहते हुए बताया कि गेंहू की खरीदी पहले 23 मार्च से होनी थी उसके बाद 1 अप्रैल ओर अब 10 अप्रैल तक खरीदी को स्थगित किया गया है,यह सरकार की अकर्मण्यता को दशार्ता है। शर्मा ने कहा की सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों के ऋण जमा कराने की आखरी तारिख 28 मार्च निर्धारित की गई थी किन्तु भाजपा सरकार के कुप्रबधंन के चलते लगभग ७० प्रतिशत किसान डिफाल्टर होगये।किसानों को गेहूं कृषिउपज मंडियों में 1800 से 2100 रुपये क्विंटल में ही बेचना पड़ रहा है।शर्मा ने कहा कि गेंहू की शीघ्र खरीदी की मांग व किसानों की अन्य समस्याओं को लेकर 9 अप्रैल को कृषिउपज मंडी के बाहर जंगी प्रदर्शन कर एक ज्ञापन भी दिया जाएगा।

### सजैस महिला प्रकोष्ठ ने गौसेवा से की सेवा कार्यों की शुरूआत



**मंदसौर।** सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ के प्रथम सेवा प्रोजेक्ट गौसेवा वरिष्ठ श्राविका जमुना बाफना के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित किया। इस कार्यक्रम में गौमाता का पूजन कर उन्हें आहार अर्पित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सकल जैन समाज के अध्यक्ष लोकेंद्र जैन, महामंत्री शेखर कासमा और युवा प्रकोष्ठ महामंत्री कमलेश कटारिया उपस्थित रहे। अध्यक्ष लोकेंद्र जैन ने महिला प्रकोष्ठ के इस संगठित प्रयास की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। महिला प्रकोष्ठ महामंत्री विनाली मेहता ने कहा कि सेवा और करुणा के संदेश को घर-घर पहुँचाना ही उनका लक्ष्य है। कार्यक्रम का संचालन नीमा जैन ने किया और आभार अलका जैन ने माना। इस दौरान पूर्णिमा चोरड़िया, प्रीति नगरीवाला,सुनीता पामेचा, श्वेता भाटिया, आशा जेतावत, शशि मारू, हेमा हिंगड़, चंदा कोठारी, रश्मि जेतावत, शिखा जैन, पायल जैन, अंगूरबाला पितलिया, विनीता सिंघवी आदि उपस्थित रहे।

### टीईटी निर्णय पर शिक्षक संघ ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

**मंदसौर।** अ.भा. राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ से संबद्ध म.प्र. शिक्षक संघ, जिला शाखा मंदसौर ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के संबंध में दिए गए हालिया निर्णय पर गहरी चिंता व्यक्त की है। संघ के पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय सांसद सुधीर गुप्ता से भेंट कर उन्हें ज्ञापन सौंपा और केंद्र सरकार से इस मामले में विधायी हस्तक्षेप की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट के 1 सितंबर 2025 के निर्णय के अनुसार, कक्षा 1 से 8 तक कार्यरत सभी शिक्षकों के लिए नियुक्ति तिथि से इतर टीईटी अनिवार्य कर दिया गया है।




## महादेव मित्र मंडल की बैठक में संगठन विस्तार को लेकर हुई व्यापक चर्चा

**सारंगपुर।** सत्य अकाट्य है उसे झुठलाया नहीं जा सकता। संस्था धार्मिक, सामाजिक कोई भी हो या राजनीतिक प्रत्येक क्षेत्र में महादेव मित्र मंडल के सदस्य नेतृत्वकर्ता के रूप में देखा जा रहा है। यह बात मुख्य अतिथि नगर के प्रबुद्धजन पंडित प्रेम शंकर पांडे, साहित्यकार पंडित सत्यनारायण शर्मा काका, पर्यावरण प्रेमी नंदकिशोर सोनी ने स्थानीय महादेव मित्र मंडल द्वारा शनिवार रात्रि को वटकेश्वर महादेव मंदिर मे संगठन विस्तार विषय को लेकर आयोजित बैठक में कहीं। बैठक का शुभारंभ महादेव का स्मरण करते हुए जय घोष के साथ किया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन शाखा सारंगपुर के अध्यक्ष छठवीं बार सर्वसम्मति से निर्वाचित महादेव मित्र मंडल के वरिष्ठ सलाहकार लक्ष्मी नारायण त्रिकार का एवं सर्व ब्राह्मण समाज के नवनिर्वाचित, मंडल के ही सदस्य आशुतोष वैद्य का महादेव मित्र मंडल की ओर से साफा एवं दुपट्टा एवं शाल पहना कर पुष्प माला से सम्मानित किया। यहां उल्लेखनीय है सम्मान व्यक्ति का नहीं व्यक्तित्व का होता है। इस दौरान मंडल के संगठन मंत्री दिनेश सिसोदिया ने बताया हमें गर्व है कि हमारे मंडल के सदस्य अन्य संस्थाओं का नेतृत्व करते हुए समाज सेवाएं कर रहे हैं। संगठन के ही हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष डॉक्टर ध्रुव भल्ला ने बताया एक अच्छा मजबूत संगठन स्पष्ट भूमिका मजबूत संचार और बेहतर समन्वय के माध्यम से ही अपने लक्ष्य को प्राप्त करता है। संगठन विस्तार एवं मजबूती को लेकर वरिष्ठ सलाहकार त्रिकार ने कहा युवाओं को पूर्ण ऊर्जा और कर्तव्य निष्ठा के साथ आगे आना होगा बैठक में उनके किए कार्यों की समीक्षा हो, कमियों को बताया जाए ताकि वह दूर हो सके। पूर्व अध्यक्ष संजय विजयवर्गीय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन में सहयोगात्मक भावना का होना जरूरी है, जिससे मिलजुल कर पूर्ण ऊर्जा के साथ काम करना तभी संभव होता है। पंडित सत्यनारायण शर्मा ने संगठन के महत्वपूर्ण पहलू के आधारभूत तत्व को जो किसी संस्था को सुचारू रूप से चलाएं उसके लक्ष को प्राप्त करने में मददगार होती है।

## मेघवाल समाज ने नवनियुक्त अजा कांग्रेस जिला अध्यक्ष सूर्यवंशी का किया स्वागत



**सुसनेर।** मेघवाल समाज प्रतिनिधि मंडल द्वारा राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के अनुसूचित जाति कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त प्रांतीय महासचिव गोरी शंकर सूर्यवंशी का स्थानीय विश्राम गृह में भव्य स्वागत कर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं कार्यक्रम के दौरान समाजजनों ने कहा कि यह नियुक्ति मेघवाल समाज के लिए गर्व का विषय है। साथ ही अन्य राजनीतिक दलों को संदेश देते हुए समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि मेघवाल समाज को सत्ता और संगठन में उचित प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। समाज अपने अधिकारों की लड़ाई बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के आदर्शों पर चलते हुए लड़ता आया है और आगे भी संगठित होकर अपने हक के लिए प्रयास करता रहेगा, जिससे सत्ता एवं संगठन में समन्वय बना रहे स्वागत कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष गोरधन बामनिया, सामाजिक कार्यकर्ता एवं पूर्व सरपंच राधेश्याम सूर्यवंशी, हेमराज कटारिया, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सज्जन सिंह मेघवाल, मोहनलाल बामनिया, करणलाल पटेल, भगवान सिंह, रतनलाल भगत, दयाराम मेघवाल, बालूराम, श्रीराम मेघवाल, नारायण मेघवाल, गणपत लाल, राघुलाल, गोकुललाल, बाबूलाल एवं कृष्णपाल सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## आपरेशन मनी बैक के तहत सायबर धोखाधड़ी के दो प्रकरणों में कार्यवाही



**ब्यावरा।** राजगढ़ पुलिस की सायबर सेल द्वारा तकनीकी एवं समन्वित कार्यवाही करते हुए कुल 7.23 लाख रु की राशि पीड़ितों को वापस कराई। फर्जी स्टॉक मार्केट निवेश के नाम पर ठगी के फरियादी रामप्रसाद दांगी, निवासी ग्राम हालाहेड़ी, खिलचीपुर द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई कि अज्ञात आरोपियों ने फेसबुक एवं व्हाट्सएप के माध्यम से फर्जी निवेश प्लेटफॉर्म का झांसा देकर अधिक लाभ का प्रलोभन दिया। आरोपियों द्वारा फरियादी से विभिन्न बैंक खातों में राशि जमा कराई गई एवं बाद में निकासी के नाम पर अतिरिक्त राशि की मांग की गई। थाना खिलचीपुर में अपराध प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। तकनीकी विश्लेषण एवं बैंक समन्वय के माध्यम से संदिग्ध खातों की पहचान कर न्यायालय के आदेशानुसार एक खाते से 6,92,607.60 रु की राशि डि-फ्रीज कराकर फरियादी को वापस दिलाई। वही टेलीग्राम के माध्यम से ट्रेडिंग फ्रॉड के फरियादी आयुष मेवाड़े द्वारा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई कि टेलीग्राम के माध्यम से ट्रेडिंग के नाम पर प्रलोभन देकर धोखाधड़ी की। कार्रवाई करते हुए संबंधित बैंक खातों में 30,754.85 रु की राशि होल्ड कराई गई, जिसे न्यायालयीन आदेश उपरांत फरियादी को वापस कराया गया। सोशल मीडिया, टेलीग्राम, व्हाट्सएप पर प्राप्त निवेश प्रस्तावों पर बिना सत्यापन विश्वास न करें। अधिक लाभ के लालच में अज्ञात खातों में धनराशि जमा करने से बचें। जल्दी मुनाफाह्व संभावित धोखाधड़ी है। किसी भी साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में शिकायत दर्ज करें।

डिजिटल जनगणना:

# 15 साल बाद हो रही 16वीं जनगणना, जन की संख्या के साथ सुविधाओं की भी होगी पूछताछ

### पूछेंगे 33 सवाल, तीन मोबाइल एप से तैयार होगी परिवार की कुंडली

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर।



कोरोना महामारी के कारण वर्षों के इंतजार के बाद आखिरकार देश की 16वीं जनगणना का शंखनाद हो चुका है। वर्ष 2011 के बाद होने जा रही ये जनगणना पहले हुई समस्त गणमनाओं से अलग होने वाली है, क्योंकि ये पूरी तरह डिजिटल होगी।

सारंगपुर विधानसभा में 1 मई 2026 से इस महाभियान की शुरूआत होगी। प्रशासन घर-घर पहुंचकर न सिर्फ आबादी, बल्कि जीवन-स्तर, आवास, सुविधाओं और संसाधनों से जुडी विस्तृत जानकारी जुटाएगा। इस बार जनगणना केवल सिर गिनने तक सीमित नहीं रहेगी। हर परिवार की पुरी कुंडली तैयार की जाएगी। कागज-कलम की जगह मोबाइल एप से डेटा फीडिंग होगा और पूरी प्रक्रिया की रियल-टाइम मॉनिटरिंग की जाएगी। जनगणना के डिजिटल स्वरूप के लिए तीन विशेष एप विकसित किए गए हैं। हाउसिंग ऑपरेशन एप से मकानों का सूचीकरण और गणना होगी। जनसंख्या गणना एप के जरिए परिवार और लोगों का विवरण दर्ज किया जाएगा। डीएलएम एप से जीपीएस आधारित डिजिटल मैप पर ब्लॉक सीमाएं कैप्चर की जाएंगी। डिजिटल सिस्टम के चलते आंकडों के प्रकाशन में वर्षों का इंतजार नहीं करना पडेगा। सीएमएमएस पोर्टल से उच्च स्तर पर निगरानी होगी, जिससे त्रुटियों की गुंजाइश न्यूनतम रहेगी।

**हर पहलू की होगी पडताल**

प्रथम चरण में 33 सवाल पूछे जाएंगे। इनमें मकान-भवन नंबर, फर्श-दीवार-छत की सामग्री मकान का उपयोग, हालत और स्वामित्व परिवार के सदस्यों की संख्या, मुखिया का नाम व लिंग साइकिल, बाइक, कार जैसे वाहनों की उपलब्धता टेलीफोन, स्मार्टफोन, इंटरनेट, कम्प्यूटर रसोईघर, एलपीजी कनेक्शन, पेयजल स्त्रोत शौचालय की उपलब्धता व प्रकार, गंदे पानी की निकासी खाना पकाने का ईंधन, प्रकाश का स्त्रोत परिवार द्वारा उपभोग किया जाने वाला मुख्य अनाज परिवार का सामाजिक वर्ग (एससी/एसटी/अन्य) जैसी सूक्ष्म जानकारियां शामिल हैं।

**शिक्षकों के कंधों पर जिम्मेदारी**

इस विशाल कार्य के लिए शिक्षकों के साथ अन्य शासकीय कर्मचारी को प्रगणक नियुक्त किया जाएगा। प्रगणक घर-घर दस्तक देंगे और निर्धारित प्रश्नावली के आधार पर जानकारी दर्ज करेंगे।

**मई से घरों की गणना होगी शुरू**

प्रशासनिक अधिकारियों की माने तो 1 मई से प्रथम चरण में घरों की गणना एवं नंबरिंग का कार्य शुरू किया जाएगा। इस संबंध में अधिकारी को भोपाल में प्रशिक्षण दिया जा चुका है। जनगणना कार्य के लिए शिक्षकों सहित अन्य शासकीय कर्मचारियों को प्रगणक बनाया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में संबंधित तहसीलदार तथा नगरीय क्षेत्रों में नगर पालिका अधिकारी चार्ज अधिकारी रहेंगे।

**दो चरणों में पूरी होगी जनगणना**

- प्रथम चरण (1 मई 2026): मकानों की सूची बनाना और मकानों की गिनती करना।
- द्वितीय चरण (फरवरी 2027): जनसंख्या गणना।
- मार्च 2027: अंतिम आंकडे प्रकाशित किए जाएंगे।

**बोले जिम्मेदार**

जनगणना देश की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसमें हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है। सही जानकारी देने से ही योजनाओं का सही लाभ लोगों तक पहुंचता है। इसलिए लोग बेझिझक जानकारी दें, वहीं दूसरी ओर सतर्क भी रहें। किसी पर कोई भी संदेह हो तो तुरंत पुलिस या प्रशासन को इसकी सूचना दे सकते हैं। जनगणना कर्मचारी के पास वैध पहचान पत्र और विभागीय आदेश-पत्र होना अनिवार्य है। नागरिकों को सलाह दी गई है कि वे जानकारी देने से पहले कर्मचारी की पहचान अवश्य जांच लें। असली कर्मचारी केवल सामान्य जानकारी लेते हैं और किसी भी प्रकार की संवेदनशील जानकारी नहीं मांगते।

**रोहित बम्हौरे, एसडीएम, सारंगपुर**

दस हजार का इनामी मादक पदार्थ तस्कर बदमाश नागदा से गिरफ्तार

# आरोपी की चार पहिया वाहन से 4 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद

दैनिक अवन्तिका ▶▶ खरसौदकलां



भाटपचलाना पुलिस ने लगातार क्षेत्र में अवैध तरीके से गांजा सप्लाई में लिप्त बदमाशों को पकड़ने में सफलता हासिल की। जिसमें एक गत महीने से मुख्य इनामी फरार आरोपी बदमाश को ओझा कालोनी नागदा से गिरफ्तार किया।

भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येंद्रसिंह चौधरी ने बताया कि शुक्रवार को खरसौदकलां निवासी महेश पिता अमरसिंह भीलवाड़ा को सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया था। महेश के पास से तलाशी के दौरान 1 किलो 840 ग्राम गांजा मिला। आरोपी महेश ने पूछताछ में नागदा निवासी दीपक देवीसिंह कुशवाह से गांजा खरीदना बताया। यहां तक कि पिछले महीने भी समीप गांव लोहारी निवासी नारायणसिंह पिता हरेसिंह को अवैध तरीके से गांजा सप्लाई करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। जिसने भी पूछताछ में उपरोक्त नागदा निवासी दीपक कुशवाह से आए दिन मादक पदार्थ लेना कबूला था। पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए कई मर्तबा नागदा जंक्शन दबिश दी परन्तु शातिर दिपक बार बार ठीकाना बदलता रहा। जिला पुलिस अधीक्षक ने आरोपी पर दस हजार रुपए का वर्तमान में इनाम भी घोषित किया था। जिसे हाली में खरसौदकलां से गांजे के साथ धराए महेश ने पूछताछ में बताए पता मुताबिक ओझा कालोनी नागदा जंक्शन से घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। साथ में आरोपी की मुक्तेश्वर महादेव मंदिर के पास चार पहिया खड़ी कार से 4 किलो 200 ग्राम मादक पदार्थ भी बरामद किया है। जिंसकी किमत 50 हजार की है।साथ में वर्तमान में पांच लाख की कार भी जब्त की है।आरोपी को जिला न्यायालय में पेश कर पूछताछ में रिमांड मांगा है।

## टोटी लगाओ अभियान के तहत नलों में टोटियां लगाई एवं जलकर के प्रति किया जागरूक

**ब्यावरा-राजगढ़।** मध्यप्रदेश शासन के जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विकासखंड जीरापुर के ग्राम ब्राह्मणगांव एवं झरनी में नलों में टोटियां नहीं पाई गईं, वहां टोटी लगाओ अभियान के तहत तत्काल टोटियां लगाने का कार्य कराया गया। साथ ही जलकर राशि जमा करने के लिए जागरूक किया। ग्राम झरनी की महिला सरपंच श्रीमती धापूबाई वर्मा ने स्वयं टोटी लगाकर सक्रिय भूमिका निभाई एवं ग्रामीणजनों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के साथ ही हितग्राही से जलकर राशि भी जमा कराई। अभियान में ग्रामीणजनों को समझाइश दी गई कि वे पानी का सदुपयोग करें एवं अनावश्यक रूप से पानी को व्यर्थ न बहाएं। जिला प्रशासन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत लगातार जल स्त्रोतों के संरक्षण, संवर्धन एवं जल के विवेकपूर्ण उपयोग को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही। अभियान का उद्देश्य जनभागीदारी के माध्यम से जल संकट के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं भविष्य के लिए जल संसाधनों को बचाना है। इस अवसर पर जल निगम के प्रबंधक सचिन दांगी, एसक्यूसी रामबाबू वर्मा, वाल्व ऑपरेटर एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## भूराखेड़ी में 20 अप्रैल को सामूहिक विवाह सम्मेलन

**गुना।** बमौरी क्षेत्र के ग्राम भूराखेड़ी में ग्रामवासियों की ओर से शनिवार को सामूहिक विवाह सम्मेलन के स्थल पर झंडा बंधन एवं भूमि पूजन किया गया। उक्त कार्यक्रम 20 अप्रैल को ग्राम वासियों द्वारा किया जा रहा है। इसके लिए आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारी शुरू हो गई है।

## 19 वार्डों में वातानुकूलन व्यवस्था, उपचार होगा और अधिक अनुकूल

**ब्यावरा-राजगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के प्रयासों से जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सुविधाओं के उन्नयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। अस्पताल के सभी 19 वार्डों को वातानुकूलित करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई, जिससे मरीजों को बेहतर एवं अनुकूल उपचार वातावरण प्राप्त होगा। उल्लेखनीय है कि सीएसआर फंड के माध्यम से लगभग 50 एयर कंडीशनर क्रय किए जा रहे, जिन्हें अस्पताल के विभिन्न वार्डों में स्थापित किया जाएगा। यह व्यवस्था विशेष रूप से गर्मी के मौसम में मरीजों को राहत देगी तथा नियंत्रित तापमान के कारण मरीजों की रिकवरी में भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। साथ ही अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को बेहतर उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से वार्डों में तापमान नियंत्रण की आधुनिक व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, जिससे संक्रमण के जोखिम में कमी आएगी तथा मरीजों को आरामदायक वातावरण मिलेगा।

मुस्लिम समाज का 22 वा सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न

# 7 बगैर वालीद के जोड़ों का निकाह नि:शुल्क कराया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भौरासा



हर साल की तरह इस साल भी इजितमाई शादी कमेटी भौरासा के द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन 5 अप्रैल रविवार को रखा गया जिसको लेकर पिछले कई दिनों से समिति बड़ी जोर शोर से तैयारी कर रही थी इसी के तहत कस्बा भौरासा में 22 वी बार लगातार इजितमाई शादी कमेटी के जरिए पुराना थाने के पीछे वाले मैदान पर आयोजित किया गया जिसमें 28 जोड़ो का निकाह शहर काजीयों के द्वारा संपन्न कराया गया जिसमें वर वधुओ के द्वारा शहर काजी व समस्त मेहमानों को साक्षी मानकर तीन बार कबूल है कबूल है किया गया इस सम्मेलन में इंदौर उजजैन शाजापुर शुजालपुर आष्टा सीहोर देवास सोनकच्छ पिपलरावा कमलापुर हाटपिपलिया नेवरी चापड़ा अमरपुरा खटामबा जामगोद सहित कई क्षेत्रों से वर वधू विवाह के लिए पहुंचे थे इस सम्मेलन में लगभग 8 से 10 हजार लोग पहुंचे जिसमें कमेटी द्वारा सात बगैर वालीद के जोड़ों का निकाह कमेटी द्वारा निशुल्क कराया गया वहीं कमेटी संमेलन अध्यक्ष रहमान बैग द्वारा बताया गया कि प्रतिवर्ष भी बगैर वालिद के बच्चों का निशुल्क विवाह समिति के द्वारा कराया जाता है इस अवसर पर देवास शहर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष मनोज राजानी,

पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेश चंद इनानी, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर, पार्षद भादर सिंह भाटिया, अबरार गांधी, गुलरेज मदनी, संदीप चावडा, अफजल मंसूरी,दिनेश यादव,कैलाश सिंह ठाकुर, निजाम कुरैशी, इरफान मदनी, सोहेल चिश्ती, लकी बाबा, अयूब टाइगर, दिनेश मालवीय,चाद साहब, शुभम नागर, जाइद मसूरी,

भुरू भाई सेंटीग, इलियास खान, यासीन मंसूरी, अकील भाई,आदि लोग मौजूद रहै,,इसी तरह भौरासा नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, पटेल यशवंत सिंह राजपूत, एल्डरमैन मुकेश कुमावत, डॉ रूप सिंह नागर,अजब सिंह धाकड, सरदार खान, कन्हैया लाल खाटवा,आदि लोगों ने सम्मेलन में पहुंचकर वर वधु को आशीर्वाद दिया इसी के साथ कमेटी द्वारा इस अवसर पर पधारे गए समस्त मेहमानों का साफा बांधकर इस्तकबाल किया गया

वहीं भौरासा थाना प्रभारी अनीता सिंह,मुख्य नगर परिषद श्रीमती सविता सोनी, विद्युत मंडल अधिकारी मसूर अली,कर्मचारी व नगर परिषद के कर्मचारियों का भी इस सम्मेलन में विशेष सहयोग रहा इस अवसर पर कमेटी द्वारा इनका भी साफा बांधकर सम्मान किया गया इनका रहा विशेष सहयोग,, सम्मेलन में सदर मिर्जा रहमान बैग,अंजुमन सदर आफताब आलम खान,खुर्शीद खान,जाकिर सर,फारुक सर,गड्डी मामू,बुरहांन भाई दुरानी,वकील साहब,सईद भाई न्यू डी लाइट कार्यक्रम का संचालन सलीम सर के द्वारा किया।



## खरसोद कला में दिनेश बौद्ध का स्वागत, कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

**बड़नगर।** अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष पद पर चयनित होने के बाद दिनेश बौद्ध के उज्जैन जिला भ्रमण के दौरान उनका खरसोद कला आगमन हुआ। इस अवसर पर पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला और कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह नजर आया। खरसोद कला में देवेश पटेल मित्र मंडल की ओर से दिनेश बौद्ध का भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस दौरान बाबा डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जय भीम के नारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर दिनेश बौद्ध के साथ गोविंद सरवटे, वीरेंद्र सिंह गोयल, निहाल सिंह डोडिया, मुकेश देवड़ा, नवीन सरवटे, जितेन सिंह गुर्जर, राहुल सोलंकी (युवा कांग्रेस), राधेश्याम परमार (जनपद सदस्य), कमल सूर्यवंशी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बौद्ध ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से संविधान की रक्षा करती आई है और आगे भी इसी दिशा में कार्य करती रहेगी। कार्यक्रम के दौरान बड़नगर तहसील युवा कांग्रेस अध्यक्ष देवेश पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष शुभम पटवा, पूर्व सरपंच ललित जानी, पूर्व नगर अध्यक्ष तरुण परमार, शेखर जैन, बबलू सेन, मुकेश सेन पारस सेन सहित कांग्रेस के अनेक वरिष्ठ एवं युवा नेता मौजूद रहे।

## हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के संस्थापक तोगड़िया का स्वागत



**तराना।** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ प्रवीण भाई तोगड़िया का नगर आगमन हुआ। इस दौरान भाई तोगड़िया का डोडिया परिवार द्वारा निज निवास गोपाल डेयरी पर स्वागत किया। केदारमल डोडिया द्वारा डॉ प्रवीण भाई तोगड़िया का शाल श्रीफल अर्पण कर स्वागत सम्मान किया गया एवं डॉ तोगड़िया के साथ सौजन्य भेट की। इस दौरान मुकेश पाटीदार, दिलीप डोडिया, सुशील डोडिया, अंकित डोडिया, भरत डोडिया, अमित डोडिया, अर्पित डोडिया एवं परिवार जन ने उपस्थित होकर सभी ने हर्ष व्यक्त किया।जानकारी प्रदीप डोडिया (माहेश्वरी) ने दी।

## महंगाई के विरोध में भैंसों संग प्रदर्शन: युवा कांग्रेस ने रैली निकाली



**देवास।** युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महंगाई के विरोध में अनोखा प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने दो भैंसों को आगे लेकर विकास नगर से कैलादेवी चौराहे तक रैली निकाली और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। युवा कांग्रेस कार्यकताओं का कहना था कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम जनता परेशान है, लेकिन सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने इस प्रतीकात्मक प्रदर्शन के माध्यम से सरकार तक अपनी बात पहुंचाने का प्रयास किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ नारे लगाए और महंगाई पर तत्काल नियंत्रण की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही महंगाई पर लगाम नहीं लगाई गई, तो भविष्य में भी इसी तरह के प्रदर्शन जारी रहेंगे। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। उन्होंने शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध दर्ज कराया।

## गूंजा समरसता का स्वर, कांग्रेस ने मनाई बाबू जगजीवन राम की जयंती



**सुसनेर।** तहसील रोड स्थित भीमराव अंबेडकर पार्क में दोहरे उत्साह का माहौल देखा गया। यहाँ एक ओर देश के पूर्व उप-प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की जयंती सादगी और श्रद्धा के साथ मनाई गई, वहीं दूसरी ओर संगठन में नई नियुक्तियों का जश्न भी मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान अनुसूचित जाति-जनजाति मोर्चा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष गौरीशंकर सूर्यवंशी का भव्य स्वागत किया गया। वरिष्ठ नेताओं द्वारा उन्हें साफा बांधकर और पुष्प मालाएं पहनाकर नई जिम्मेदारी की बधाई दी गई। इस अवसर पर विधायक भैरूसिंह परिहार बापू, कांग्रेस नेता विष्णु पाटीदार, संगठन मंत्री आशिक हुसैन बोहरा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अर्जुन सिंह गोपालपुरा, विधायक प्रतिनिधि राणा चितरंजन सिंह आदि मौजूद रहे।

# सिर्फ डायटिंग या जिम से नहीं घटेगा वजन



बढ़ता वजन मौजूदा समय की सबसे बड़ी स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी उम्र के लोगों में मोटापा या अधिक वजन की समस्या देखी जा रही है। अगर आपका वजन कंट्रोल में नहीं है या फिर आप इसे कंट्रोल करने के लिए उपाय नहीं कर रहे हैं तो इससे भविष्य में कई प्रकार की गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के होने का खतरा बढ़ जाता है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, वजन कम करना सिर्फ आपके लुक के लिए ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी जरूरी है। संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और सही जानकारी की मदद से वजन कम करना संभव है। वेट लॉस से संबंधित मिथकों पर विश्वास करने के बजाय वैज्ञानिक तथ्यों को अपनाएं और हेल्दी लाइफस्टाइल बनाए रखें।

## वजन घटाना क्यों जरूरी है?

अधिक वजन या मोटापा सिर्फ बाहरी रूप से नहीं, बल्कि सेहत पर भी गहरा असर डालता है। यह कई गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। अधिक वजन के कारण कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर बढ़ने का खतरा रहता है जिससे हृदय रोगों का जोखिम हो सकता है। मोटापा इंसुलिन रेजिस्टेंस बढ़ाकर डायबिटीज की जटिलताओं को भी बढ़ा देती है।

जिन लोगों का वजन अधिक होता है उनमें जोड़ों की समस्याएं, स्लीप एपनिया और मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित कई प्रकार की दिक्कतें भी अधिक देखी जाती रही हैं।

वजन कम करने के लिए आहार और दिनचर्या को ठीक करना जरूरी है, इसके साथ ही जरूरी है कि आपको वेट लॉस से संबंधित सही जानकारी हो। इसको लेकर कई अफवाहों पर अब भी लोग भरोसा कर लेते हैं।

## सिर्फ डायटिंग से वजन कम नहीं होता है?

वेट लॉस के लिए कुछ प्रकार की डायटिंग आपके लिए मददगार हो सकती है, लेकिन केवल इसी से वजन नहीं घटाया जा सकता है। जीवनशैली में बदलाव, जैसे कि प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों से दूर रहना, मीठे पेय पदार्थों का सीमित सेवन करना महत्वपूर्ण है। शोध बताते हैं कि देर रात खाने से वजन बढ़ सकता है, इसलिए सफलापूर्वक वजन घटाने के लिए आहार और जीवनशैली दोनों में बदलाव जरूरी है।

आपके लिए कौन सा डायटिंग प्लान सही है इसको जानने के लिए डॉक्टर से जरूर मिलें।

## ज्यादा पसीना आने से वजन जल्दी घटता है

पसीना सिर्फ पानी की कमी को दिखाता है, फैट लॉस नहीं। असली वजन घटाने के लिए कैलोरी डेफिसिट जरूरी है। आहार में लो फैट और लो कैलोरी वाली चीजों को शामिल करिए। हेल्दी फैट (जैसे एवोकाडो, नट्स, ऑलिव ऑयल) शरीर के लिए जरूरी होते हैं और वजन घटाने में मदद कर सकते हैं।

## वेट लॉस के लिए ज्यादा से ज्यादा समय जिम में बिताना चाहिए

वेट लॉस के लिए शारीरिक गतिविधि और व्यायाम जरूरी है पर वो भी नियंत्रित रूप में। कार्डियो के साथ-साथ स्ट्रेंथ ट्रेनिंग व्यायाम मसल्स बनाकर मेटाबॉलिज्म बढ़ाते हैं। अपनी क्षमता के अनुसार व्यायाम करें। उन अभ्यास पर अधिक ध्यान देना चाहिए जो फैट बर्न करने में मदद करती हैं। डाइट और लाइफस्टाइल में सुधार किए बिना सिर्फ जिम से ज्यादा फायदा नहीं होगा।

स्ट्रोक तब होता है जब मस्तिष्क के किसी हिस्से में रक्त की आपूर्ति रुक जाती है या कोई रक्त वाहिका फट जाती है। ये जानलेवा समस्या है। हालांकि ऋअरळ फॉमूर्ला की मदद से आप इसकी समय पर पहचान करके किसी का जान बचा सकते हैं।

# ब्रेन स्ट्रोक में हर मिनट कीमती

## जानिए FAST फॉमूर्ला कैसे बन सकता है लाइफसेवर



लाइफस्टाइल और खानपान में गड़बड़ी ने हमारी सेहत को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाया है। लिहाजा डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर और हृदय से संबंधित बीमारियों का खतरा काफी बढ़ गया है। हार्ट अटैक, स्ट्रोक जैसी समस्याएं भी आम होती जा रही हैं, जिसके कारण हर साल लाखों लोगों की मौत हो जाती है। ब्रेन स्ट्रोक को विशेषज्ञ कई मामलों में खतरनाक मानते हैं। ब्रेन स्ट्रोक से ठीक हो चुके लोगों में लकवा और विकलांगता का भी जोखिम रहता है।

दुनियाभर में स्ट्रोक के मामलों में वृद्धि गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या बनी हुई है। जीवनशैली की गड़बड़ी जैसे शारीरिक गतिविधियों में कमी, लंबे समय तक बैठकर काम करने, जंक फूड और प्रोसेस्ड फूड्स का बढ़ता सेवन लोगों को इन बीमारियों का शिकार बनाता जा रहा है। लाइफस्टाइल की गड़बड़ आदतें हाई ब्लड प्रेशर का कारण बनती हैं जो स्ट्रोक होने का प्रमुख कारण है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, ब्रेन स्ट्रोक की स्थिति में FAST फॉमूर्ला आपकी जान बचा सकता है। आइए इस बारे में जानते हैं।

### ब्रेन स्ट्रोक की समय रहते पहचान जरूरी

मस्तिष्क से जुड़ी समस्याओं और ब्रेन स्ट्रोक को लेकर लोगों के मन में कई भ्रम और सवाल रहते हैं। इन्हीं विषयोंऔर बीमारियों को लेकर लोगों के मन में बनी भ्रामक जानकारियों को दूर करने के उद्देश्य से साल 2026 के विश्व स्वास्थ्य दिवस का थीम रखा गया है- "स्वास्थ्य के लिए एकजुट, विज्ञान के साथ खड़े रहें"।

डॉक्टर कहते हैं, अगर किसी को स्ट्रोक हो जाए और उसे समय रहते अस्पताल पहुंचा दिया जाए तो इससे जान बचने की संभावना बढ़ जाती है।

पर बड़ा सवाल ये है कि इसे पहचाना कैसे जाए कि किसी को स्ट्रोक तो नहीं हुआ है?

### FAST फॉमूर्ला से समय पर कर सकते हैं पहचान

स्ट्रोक की स्थिति में हर मिनट कीमती होता है। FAST फॉमूर्ला एक आसान तरीका है जिससे आम लोग भी शुरूआती लक्षण पहचान सकते हैं।

F (Face): क्या चेहरे का एक हिस्सा लटक रहा है? व्यक्ति को मुस्कुराने को कहें, यदि चेहरे में एक तरफ झुकाव दिखे तो सावधान हो जाएं।

A (Arms): क्या एक हाथ उठाने में कमजोरी है? दोनों हाथ उठाने को कहें, यदि एक नीचे गिर जाता है तो यह स्ट्रोक का संकेत हो सकता है।

S (Speech): क्या बोलने में लड़खड़ाहट है या शब्द स्पष्ट नहीं निकल रहे?

T (Time): ऐसे लक्षण दिखें तो समय न गंवाएं। तुरंत डॉक्टर के पास ले जाएं।

स्ट्रोक के बाद गोल्डन ऑवर में इलाज मिलने से मस्तिष्क की क्षति कम की जा सकती है। जितनी जल्दी उपचार शुरू होगा, उतनी बेहतर रिकवरी की संभावना होती है।

### स्ट्रोक के कारण और इसका खतरा

स्ट्रोक तब होता है जब मस्तिष्क के किसी हिस्से में रक्त की आपूर्ति या तो बाधित हो जाती है या कोई रक्त वाहिका फट जाती है। लगभग 80-85% मामलों में इस्केमिक स्ट्रोक होता है, जिसमें खून का थक्का बनकर रक्त प्रवाह को रोक देता है। जिन लोगों का ब्लड प्रेशर अक्सर बढ़ा हुआ रहता है उनमें स्ट्रोक होने का खतरा अधिक होता है।

डायबिटीज रक्त वाहिकाओं को कमजोर करती है और कोलेस्ट्रॉल के उच्च स्तर से धमनियों में प्लाक जमा होता है।

धूम्रपान रक्त को गाढ़ा बना देती है और ऑक्सीजन की आपूर्ति कम कर देती है।

मोटापा और शारीरिक निष्क्रियता भी जोखिम को कई गुना बढ़ाते हैं।





आरसीबी ने 43 रनों से सीएसके को हराया। रविवार को खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर आरसीबी ने तीन विकेट खोकर 250 रन बनाए। जवाब में सीएसके 19.4 ओवर में सिर्फ 207 रन ही बना सकी और मुकाबला हार गई।

# चिन्नास्वामी में सीएसके के खिलाफ आरसीबी ने लगातार तीसरी बार 200+ स्कोर का बचाव किया

**बंगलूरू।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को 43 रनों से हरा दिया। रविवार को आईपीएल 2026 का हाई-वोल्टेज मुकाबला बंगलूरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला गया। इस मैच में आरसीबी ने देवदत्त पडिक्कल और टिम डेविड की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 20 ओवर में तीन विकेट पर 250 रन बनाए। जवाब में चेन्नई की टीम 19.4 ओवर में सिर्फ 207 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई।



### चिन्नास्वामी में आरसीबी का कारनामा

चिन्नास्वामी में चेन्नई के खिलाफ आरसीबी ने लगातार तीसरी बार 200+ के स्कोर का बचाव किया। इससे पहले आरसीबी ने 2024 और 2025 में क्रमशः 27 और दो रनों से मुकाबले जीते थे। अब टीम ने 43 रनों से शानदार जीत दर्ज कर रिकॉर्ड में सुधार कर लिया है। यह आरसीबी की लगातार दूसरी जीत है। वहीं, सीएसके की इस सीजन में यह लगातार तीसरी हार है।

### सरफराज, प्रशांत और ओवरटन की कोशिशों पर फिरा पानी

आरसीबी से मिले 251 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरूआत अच्छी नहीं रही। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ महज सात रन बनाकर आउट हुए। वहीं, संजू सैमसन पांच गेंदों में नौ रन बनाकर पवेलियन लौटे। आयुष म्हात्रे भी बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और महज एक रन बनाकर आउट हुए। कार्तिक शर्मा ने लगातार तीसरे मुकाबले में अपने प्रदर्शन से निराश किया और वह तीन गेंदों में सिर्फ छह रन ही बना सके। शिवम दुबे अच्छी शुरूआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे और 13 गेंदों में 18 रन बनाने के बाद अभिनंदन सिंह का शिकार बने।

सरफराज खान ने एक छोर से बढ़िया बल्लेबाजी करते हुए 25 गेंदों में 50 रनों की दमदार पारी खेली। अपनी इस पारी में सरफराज ने आठ चौके और दो छक्के लगाए। प्रशांत वीर ने 29 गेंदों में 43 रन बनाए और उन्होंने जेमी ओवरटन के साथ मिलकर सातवें विकेट के लिए 57 रन जोड़े। ओवरटन ने 37 रनों का योगदान दिया। नूर अहमद आठ रन बनाकर भुवनेश्वर कुमार का शिकार बने। मैट हेनरी को अभिनंदन सिंह ने दो रनों के स्कोर पर आउट किया। गेंदबाजी में आरसीबी की तरफ से भुवनेश्वर कुमार ने सर्वाधिक तीन विकेट निकाले। वहीं, जैकब डफी और क्रुणाल पांड्या ने दो-दो विकेट चटकाए।

### अंतिम पांच ओवरों में 97 रन

आरसीबी ने इस मुकाबले में सीएसके के खिलाफ पारी के आखिरी पांच ओवरों में 97 रन बनाए। यह आईपीएल मैच के अंतिम पांच ओवरों में दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। आरसीबी ने 15 ओवरों में तीन विकेट खोकर 153 रन बना लिए थे। इसके बाद पाटीदार (नाबाद 48) ने टिम डेविड (नाबाद 70) के साथ अंतिम पांच ओवरों में बगैर कोई विकेट गंवाए 97 रन जुटाए।

97 रन किसी भी आईपीएल पारी के 16-20 ओवरों में किसी टीम की ओर से बनाया गया संयुक्त रूप से दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले साल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ इतने ही रन बनाए थे। इस मामले में आरसीबी ही शीर्ष पर है, जिसने साल 2016 में इसी मैदान पर गुजरात लायंस के खिलाफ 16-20 ओवरों के बीच दो विकेट खोकर 112 रन बनाए थे।

### आरसीबी ने बनाया इस सीजन का सबसे बड़ा स्कोर

इससे पहले टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी को फिल सॉल्ट और विराट कोहली ने दमदार शुरूआत दिलाई। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 37 रनों की साझेदारी हुई। कोहली 18 गेंदों में 28 रन बनाकर आउट हुए। सॉल्ट ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 30 गेंदों में 46 रन बनाए।

इसके बाद मोर्चा देवदत्त पडिक्कल ने संभाला। उन्होंने लगातार दूसरे मुकाबले में अर्धशतक लगाया। पडिक्कल ने महज 29 गेंदों का सामना करते हुए 50 रन बनाए। उन्होंने अपनी इस पारी में पांच चौके और दो छक्के लगाए। पडिक्कल ने कप्तान रजत पाटीदार के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए महज 21 गेंदों में 58 रनों की साझेदारी निभाई।

# आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनने की दौड़ में शामिल सैमसन और बुमराह

**दुबई।** भारत के सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनने की दौड़ में शामिल हैं। इन दोनों खिलाड़ियों ने टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया था जिसके दम पर इन्हें नामित खिलाड़ियों में जगह मिली है। इन दोनों के अलावा न्यूजीलैंड सीरीज से टी20 अंतरराष्ट्रीय में डेब्यू करने वाले दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज कोनोर एस्टरहुइजेन भी नामित खिलाड़ियों में शामिल हैं।



**विश्व कप में सैमसन-बुमराह ने किया था बेहतरीन प्रदर्शन:** टी20 विश्व कप के आखिरी कुछ मैचों में शानदार प्रदर्शन करके प्लेयर आफ द टूर्नामेंट रहे संजू को बुमराह के साथ नामांकन में जगह मिली है। बुमराह फाइनल मैच में प्लेयर ऑफ द मैच थे। सैमसन शुरूआती मैचों से बाहर रहे लेकिन वेस्टइंडीज के खिलाफ क्वार्टर फाइनल की तरह रहे मैच में नाबाद 97 रन बनाए और इंग्लैंड के खिलाफ मुंबई में सेमीफाइनल के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में 89 रन की पारी खेली।

सैमसन ने टी20 विश्व कप के पांच मैच खेले, जिसमें 80.25 की औसत के साथ 321 रन बनाए। वह टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में तीसरे स्थान पर रहे। सैमसन ने नामीबिया के खिलाफ 22 रन और जिम्बाब्वे के विरुद्ध 24 रन की पारी खेली। इसके बाद उनके प्लेइंग इलेवन में खेलने पर सवाल खड़े होने लगे, लेकिन संजू ने वेस्टइंडीज के विरुद्ध निर्णायक सुपर-8 मैच में नाबाद 97 रन की पारी खेलकर टीम को सेमीफाइनल में पहुंचाया।

### इम्पैक्ट प्लेयर नियम की आलोचना की

**नई दिल्ली।** इम्पैक्ट प्लेयर नियम की आलोचना करने वाले में एक और नाम जुड़ गया है। दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन ने इस नियम की आलोचना की है। उनका मानना है कि इससे खेल का कौशल काफी हद तक खत्म हो रहा है। जैमीसन ने पहले कई मौजूदा और पूर्व क्रिकेटरों ने इस नियम को लेकर चिंता व्यक्त की थी। कुछ खिलाड़ी इस नियम को ऑलराउंडर के विकास में बाधा मानते हैं।

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बाय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**आवश्यकता है**
(1 )अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की।
पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715, 9425094114

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी
वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स
वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन)
पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

न्यूज कॉलम

## कर्नाटक की लेखिका को बच्चा चोर बताया तलाक पर किताब लिखने आई थी इंदौर

**इंदौर।** इंदौर में डेढ़ महीने पहले कर्नाटक की लेखिका को बच्चा चोर समझकर पीट दिया गया। लेखिका का कसूर सिर्फ इतना था कि वह तीन तलाक पर किताब लिखने आई थी। पिटाई के बाद से लेखिका कर्नाटक से लगातार पुलिस को न्याय की गुहार लगा रही है, लेकिन अब तक उसे कुछ खास सफलता नहीं मिली। खजराना इलाके में 15 फरवरी को कर्नाटक की एक लेखिका परवीन के साथ हुई मारपीट के मामले में अब तक एफआईआर दर्ज नहीं हो सकी है। लेखिका का कहना है कि बच्चा चोर बताकर भीड़ ने उनकी पिटाई की थी और थाने में समझौता कराया गया। कर्नाटक लौटने के बाद से वह लगातार ऑनलाइन शिकायत कर रही हैं, लेकिन पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। लेखिका परवीन के अनुसार, 15 फरवरी को सिकंदराबाद कॉलोनी में उनके साथ भीड़ ने मारपीट की। लोगों ने उन्हें बच्चा चोर समझकर घेर लिया और कपड़े खींचते हुए पीटा। घटना के बाद जब उन्होंने थाने में शिकायत की तो आरोपी पक्ष के लोगों ने एफआईआर दर्ज नहीं होने देने के लिए दबाव बनाया। आरोप है कि उनसे माफीनामा लिखवाया गया और मोबाइल से वीडियो डिलीट करवाने के बाद उन्हें छोड़ दिया गया। 16 फरवरी को वह वापस कर्नाटक पहुंचीं और वहां से ऑनलाइन पुलिस से संपर्क किया, लेकिन सुनवाई नहीं हुई।

## टिफिन देकर लौट रहे पिता-पुत्र को ट्रक ने रौंदा, मौके पर बेटे की मौत

**इंदौर।** शहर में रविवार दोपहर एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामने आया, जिसमें पिता-पुत्र की जान चली गई। दोनों अरविंदो अस्पताल से लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। अलवासा निवासी पवन ठाकुर अपने पिता मुन्ना लाल ठाकुर के साथ अस्पताल में भर्ती बहन को टिफिन देकर घर लौट रहे थे। अरविंदो चौराहे के पास पीछे से आ रहे आईशर ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पवन ठाकुर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उनके पिता मुन्ना लाल गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रक उनके ऊपर से गुजर गया, जिससे कमर के नीचे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घायल मुन्ना लाल को तुरंत अरविंदो अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां सर्जरी के बाद देर रात उन्होंने भी दम तोड़ दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। मृतक पवन ठाकुर गांव अलवासा में यूनिक सॉल्यूशन स्कूल का संचालन करते थे। परिवार में अब छोटा भाई वेदप्रकाश, पत्नी और बच्चे ही रह गए हैं।

## चाकूबाजी के 7 दिन बाद युवक की मौत आरोपी पर हत्या का केस दर्ज करेगी पुलिस

**इंदौर।** इंदौर के आजाद नगर इलाके में दोस्ती का रिश्ता खूनी वार में बदल गया। मामूली विवाद में चाकू मारने की घटना के एक हफ्ते बाद युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। अब पुलिस इस मामले को हत्या में बदलने की तैयारी कर रही है। पुलिस के मुताबिक मृतक वीरेन्द्र तोमर (35) पर उसके ही दोस्त रवि ने पिछले रविवार काली पुलिया के पास विवाद के दौरान पेट में चाकू मार दिया था। घायल हालत में उसे एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद टांके लगाकर घर भेज दिया गया। लेकिन सोमवार सुबह उसकी मौत हो गई। वीरेन्द्र परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। घर में मां और छोटा भाई विशाल हैं, जिनका पूरा खर्च उसी पर निर्भर था। उसकी मौत के बाद परिवार पर आर्थिक संकट भी गहरा गया है। परिवार ने पुलिस को बताया कि उपचार के कुछ दिन बाद वीरेन्द्र के पेट में तेज दर्द उठा। परिवार उसे दोबारा अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां जांच में सामने आया कि चाकू की चोट बड़ी आंत तक पहुंची थी और अंदर संक्रमण फैल गया था। डॉक्टरों ने सर्जरी कर इलाज शुरू किया, लेकिन रविवार रात उसकी हालत फिर बिगड़ गई और सोमवार सुबह उसने दम तोड़ दिया। परिजनों के मुताबिक वीरेन्द्र फर्नीचर का कारीगर था और आरोपी रवि भी उसके साथ ही काम करता था। मामूली कहासुनी के बाद आरोपी ने गुस्से में चाकू से हमला कर दिया। आजाद नगर पुलिस ने आरोपी रवि को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। अब युवक की मौत के बाद केस को हत्या में परिवर्तित कर आगे की जांच की जा रही है।

## सुबह से ड्यूटी पर गया हुआ था पति महिला का शव फंदे से लटका मिला

**इंदौर।** औद्योगिक नगर पीथमपुर के घाटा बिल्लौद स्थित बजरंग कॉलोनी में एक महिला ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। लगभग 38 वर्षीय साधना, पति राम भुवन कुशवाह का शव कमरे में पंखे से लटका मिला। घटना का पता तब चला जब उनके पति काम से लौटे। मृतका के पति राम भुवन ने पुलिस को बताया कि वह रोजाना की तरह सुबह आठ बजे मजदूरी के लिए कंपनी गए थे। शाम को ड्यूटी खत्म कर जब वह अपने किराए के कमरे पर पहुंचे, तो दरवाजा हल्का अटका हुआ था। भीतर दाखिल होते ही उन्होंने अपनी पत्नी का शव फंदे पर लटका देखा, जिससे उनके होश उड़ गए। उनके शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतरवाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया पुलिस ने कमरे की गहन तलाशी ली, लेकिन वहां से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ। परिजनों ने बताया कि साधना पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रही थी और इसी बात को लेकर परेशान थी। फिलहाल, पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया और उसे अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया। पुलिस अब आसपास के लोगों और परिचितों से पूछताछ कर रही है ताकि घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके।

## ब्रजेश्वरी हादसे के बाद सख्ती, 330 इमारतों में जांच; 60 में फायर सेफ्टी नहीं

**इंदौर।** ब्रजेश्वरी एनेक्स हादसे के बाद नगर निगम ने शहर की बहुमंजिला इमारतों की जांच शुरू कर दी है। निगम की टीम 10 दिनों में 330 इमारतों में निरीक्षण के लिए पहुंची, जिसमें 60 इमारतों में फायर सेफ्टी की कोई व्यवस्था नहीं मिली, वहीं 28 इमारतों में उपकरण खराब पाए गए। निगम ने सभी 22 जोन के भवन अधिकारियों को एनओसी और फायर सेफ्टी की जांच के निर्देश दिए हैं। निगम अधिकारियों के मुताबिक, शहर में करीब 12 हजार ऐसी इमारतें हैं, जिनकी जांच की जानी है। अभियान पूरे गर्मी सीजन में करीब चार महीने तक चलेगा। जिन इमारतों में फायर सेफ्टी व्यवस्था अधूरी या खराब मिली है, उन्हें 15 दिन में सुधारने के निर्देश दिए गए हैं, अन्यथा इमारत को सील किया जाएगा। शहर में फायर एनओसी अब नगर निगम द्वारा स्थानीय स्तर पर जारी की जाती है। वर्ष 2022 से पहले यह एनओसी भोपाल से जारी होती थी। फायर सेफ्टी के लिए तीन तरह की अनुमति लेना जरूरी है। सबसे पहले फायर प्लान का अप्रूवल लिया जाता है। सिस्टम लगने के बाद फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट जारी किया जाता है। हर तीन साल में एनओसी का रिन्यूअल अनिवार्य है। रिन्यूअल के समय निगम अधिकारी जांच करते हैं। अब यह भी जांच हो रही है कि किन बिल्डिंग मालिकों ने रिन्यू नहीं कराया है। गर्मी में बढ़ते अग्नि जोखिम को देखते हुए नगर निगम की फायर टीम ने शहर में मॉक ड्रिल अभियान शुरू किया है। कलेक्टर शिवम वर्मा व निगमायुक्त क्षितिज सिंघल के अनुसार, इस दौरान व्यावसायिक, शैक्षणिक व सार्वजनिक संस्थानों में आग से बचाव और सुरक्षित निकासी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। लोगों को बताया गया कि आग लगने पर तुरंत 101 पर सूचना दें। लोगों को सुरक्षित बाहर निकालें। धुएं से बचने के लिए झुककर निकलें। लिफ्ट की जगह सीढ़ियों का उपयोग करें। बिजली-गैस कनेक्शन तत्काल बंद करें। शहर के मध्य क्षेत्र के 60 फीसदी इलाकों में गलियां संकरी होने से फायर ब्रिगेड नहीं पहुंच पाती है। इसके समाधान के लिए निगम ने फायर रोबोट खरीदा है। निगम के पास फायर बुलेट भी है, लेकिन भीषण आग में कारगर नहीं है। 50 बेड से अधिक अस्पतालों के लिए फायर एनओसी अनिवार्य है। एनओसी नहीं होने पर कुछ अस्पतालों के पंजीयन रुके हुए हैं।

### आष्टा से बारात लौट रही थी, ट्रक के अचानक ब्रेक लगाने से हुई टक्कर, गुस्साए लोगों ने किया चक्काजाम

# ट्रक के पीछे जा घुसी कार, हादसे में 4 युवकों की मौत

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर में दुल्हन लेकर लौट रही बारातियों से भरी कार (क्वालिस) ट्रक के पीछे जा घुसी। देवगुराड़िया स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड के पास रविवार देर रात हुए इस हादसे में 4 युवकों की मौत हो गई, जबकि 8 लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

3 लोगों ने मौके पर दम तोड़ा, जबकि एक की इलाज के दौरान मौत हुई। मृतकों के परिजन के मुताबिक वे शादी समारोह के बाद लौट रहे थे। आगे चल रहे ट्रक में भूसा भरा था। ड्राइवर तेज रफ्तार से चला रहा था। ट्रेंचिंग ग्राउंड के पास उसने एक गाड़ी को ओवर टेक किया था। इस बीच अचानक ब्रेक लगा दिया। पीछे चल रही कार का ड्राइवर ब्रेक नहीं लगा पाया और कार पीछे से आयशर ट्रक में जा घुसी। इससे कार के परखच्चे उड़ गए।



पुलिस के मुताबिक हादसे में इरफान (24) पिता अशफाक, आरिस (20) पिता साजिद और फरहान (19) पिता जावेद मेव की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अरफाद (23) पिता रईस खान ने उपचार के दौरान दम तोड़ा। परिजन के मुताबिक आष्टा से बारात लेकर लौट रहे थे। ट्रक ड्राइवर चापड़ा से तेज रफ्तार से चला रहा था। ट्रेंचिंग ग्राउंड के पास उसने एक गाड़ी को ओवरटेक किया और हादसा हो गया।

### चीख-पुकार मची, घायलों को अस्पताल भेजा

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार (क्वालिस) के परखच्चे उड़ गए। घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज जारी है। घटना के बाद गुस्साए लोगों ने सड़क पर चक्काजाम किया। कुछ लोगों ने वाहन में आग लगाने की कोशिश की, जिससे मौके पर तनाव की स्थिति बन गई।

### समझाइश के बाद शांत मामला

सूचना मिलते ही खुड़ैल पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू में किया। परिजन के हंगामे के बीच पुलिस ने समझाइश देकर स्थिति शांत कराई और यातायात बहाल किया। एएसपी रूपेश द्विवेदी ने कहा- परिजन के आरोपों पर ट्रक ड्राइवर से पूछताछ कर जांच की जाएगी। घायलों को उपचार के लिए एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### समर्थन मूल्य, लोन और मुआवजे को लेकर किसानों का प्रदर्शन

# पराली पर एफआईआर का विरोध

### अन्नदाता पर कार्रवाई बंद करो, प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

सोमवार को किसानों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। भारतीय किसान संघ के बैनर तले किसान नारेबाजी करते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और सरकार व प्रशासन के खिलाफ विरोध जताया। किसानों ने अपनी सभी मांगें एडीएम रोशन राय के समक्ष रखीं और ज्ञापन सौंपा।

किसानों का कहना है कि गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीदी की तारीख बार-बार बढ़ाई जा रही है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। सरकार ने खरीदी की तारीख 10 अप्रैल तक बढ़ाई है, जबकि सहकारी समितियों में भुगतान की अंतिम तारीख 28 मार्च रखी गई ऐसे में किसान पैसे कैसे जमा करें?




**60% किसान डिफॉल्टर, ब्याज का बोझ-** किसानों ने बताया कि ड्यू डेट नहीं बढ़ने के कारण करीब 60% किसान डिफॉल्टर हो गए हैं। अब उन पर 7% ब्याज और 14% पेनल्टी लग गई है, जिससे आर्थिक संकट और गहरा गया है। पिछले साल डिफॉल्टर किसानों को ब्याज वापस करने का वादा भी अब तक पूरा नहीं हुआ।

**पराली जलाने पर एफआईआर का विरोध-** किसानों ने पराली जलाने पर कार्रवाई का भी विरोध किया। उनका कहना है कि जब तक सरकार पराली निपटान का स्थायी समाधान नहीं देती, तब तक किसानों पर एफआईआर और जुर्माना लगाना गलत है। किसानों ने मांग की कि इस बार बंपर उत्पादन को देखते हुए 11 क्विंटल प्रति बीघा के हिसाब से गेहूं की खरीदी की जाए। साथ ही बारदाना (बोरी) की व्यवस्था नहीं होने को प्रशासन की बड़ी लापरवाही बताया।

## पेट्रोल पंप पर मारपीट, 3 आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

रेडीसन चौराहा स्थित मालवीय पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भराने को लेकर विवाद हो गया। 5 अप्रैल की रात हुए इस झगड़े में पेट्रोल पंप कर्मचारी रिशिपाल पिता हरि सिंह पाल के साथ मारपीट की गई। मामले में फरियादी की शिकायत पर केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी अर्पित बग्गा, निवासी स्कीम नंबर 103 भंवरकुआं, को राउंडअप किया है। वहीं उसके साथी अरप्रीत और तिलकराज को भी पकड़ लिया गया है।

## रणजीत हनुमान मंदिर में 80 हजार भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मंगलवार को रणजीत हनुमान मंदिर में 80 हजार भक्तों के लिए चलिए भंडारा होगा। इसके लिए सोमवार को सुबह भट्टी पूजन किया गया। भट्टी पूजन के साथ ही यहां महाभोज बनाने की तैयारी शुरू हुई। इस दौरान मंदिर के पुजारी पं.दीपेश व्यास सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

पूजन के बाद सबसे पहले नुक्ती प्रसाद तैयार किया जा रहा है। जिसमें दिनभर का समय लगेगा। इसके बाद शाम को पुड़ी और भजिए की तैयारी की जाएगी। गर्मी के मौसम को देखते हुए रामभाजी बनाने का काम मंगलवार सुबह से शुरू किया जाएगा। मंदिर की परंपरानुसार हनुमान जन्मोत्सव के बाद आने वाले मंगलवार को मंदिर में भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस मंगलवार को मंदिर में चलिए भंडारा आयोजित किया जाएगा। इसे लेकर मंदिर में तैयारियां भी शुरू हो चुकी है। 80 हजार से ज्यादा भक्तों के लिए यहां प्रसादी तैयार की जाएगी। इसके लिए 15 क्विंटल बेसन, 15 क्विंटल शक्कर, 90 डिब्बे घी, 20 किलो इलायची पाउडर, 5 डिब्बे काजू की टुकड़ी सहित अन्य ड्राइफ्रूट का इस्तेमाल कर नुक्ती तैयार की जाएगी। मंदिर के पुजारी पं.दीपेश व्यास ने बताया कि नुक्ती प्रसादी तैयार होने के बाद शाम को पुड़ी बनाने का काम शुरू किया जाएगा।

### भागीरथपुरा में दूषित पानी हादसे के बाद

# 90% नई लाइन बिछी, 10% बाकी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी हादसे के बाद शासन और नगर निगम द्वारा शुरू किए गए नई पाइप लाइन बिछाने का काम लगभग 90% पूरा हो चुका है, जबकि करीब 10% काम अभी बाकी है। हादसे के बाद क्षेत्र में पुरानी और क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों को हटाकर नई पाइप लाइन डाली जा रही है, ताकि पेयजल आपूर्ति सुरक्षित और स्वच्छ बनी रहे। जल प्रदाय व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए तकनीकी टीमों की निगरानी में काम चल रहा है।

क्षेत्र की फर्शी वाली गली सहित आसपास की एक-दो गलियों में अभी नई पाइप लाइन डाली जाना बाकी है। इसी बीच पिछले दो-तीन दिनों से यहां पुरानी पाइप लाइन से फिर गंदा पानी आने की शिकायत सामने आई है।

**शुरूआत में 5-7 मिनट आता है बदबूदार पानी-** रहवासियों के मुताबिक सप्लाई के शुरूआती दौर के 5-7 मिनट तक काफी गंदा और बदबूदार पानी आता है। लोगों को आशंका है कि इसमें चेंबर की गंदगी मिली हुई है। इसके चलते कई लोग शुरूआत का पानी नहीं भरते। बाद में साफ पानी आने पर उसे पीने और उपयोग में लिया जाता है।

टैंकर को लेकर भी अलग-अलग स्थिति सामने आई है। कुछ रहवासियों का कहना है कि टैंकर से पानी मिल रहा है, जबकि कई लोगों का कहना है कि अब टैंकर आना बहुत कम हो गया है। दिसंबर में क्षेत्र में दूषित पानी से लोगों के बीमार होने और मौतों का सिलसिला शुरू हुआ था। इस त्रासदी में 450 से ज्यादा रहवासियों का अस्पताल में इलाज चला था, जबकि 36 लोगों की मौत हुई थी। इसके बाद से रहवासी सतर्क हैं और गंदा पानी उपयोग नहीं करते, बल्कि फेंक देते हैं।

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

STAFF REQUIRED
SUNRISE COLLEGE OF PROFESSIONAL STUDIES
Ingoriya, Ujjain–Badnagar Road
Qualified teaching staff required for BA, B.Com & B.Sc courses.
POSITIONS AVAILABLE:
• Principal
• Assistant Professor
• Lecturer
ELIGIBILITY:
PG, NET/SET, Ph.D (Preferred)
CONTACT (DIRECTOR):
8827448385

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियां व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

वीर हनुमान ज्योतिष दरबार
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिले
फिस - 200 रु/-
समय: सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

JAYSHREE PHARMACEUTICALS
www.dantavali.com
दंतावली
गम मसाज पाउडर
सिगरेट, बीड़ी तंबाखू एवं गुटखा के कारण होने वाली
दांत एवं मुँह की समस्या से राहत में सहायक
Dantavali GUM MASSAGE POWDER
100% NATURAL PRODUCT
इन समस्याओं से राहत में सहायक
दांतों के दाग-धब्बे
दांतों की सड़न
मुँह का पूरा न खुलना
मुँह के छाले
मुँह की दुर्गंध
दांतों की झनझनाहट
गर्म एवं तीखा खाने में तकलीफ
ठंडा एवं खट्टा खानें में तकलीफ
स्टॉकिस्ट/अधिकृत विक्रेता बनने के लिए संपर्क : 77010-10250
Owned By PAGE PRASHANT AGARWAL GROUP OF ENTERPRISES | Powered By AGARWAL GROUP | Associated Brand AKSHOBH VEDA

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com